दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | छत्तीसगढ़

रायपुर, शनिवार, 1 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 22 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

सही बात है। जो जैसा करता है वो वैसा ही भरता है। जैसे को तैसा वाली कहावत ऐसे ही नहीं बनी है। आम आदमी पार्टी के 22 विधायक अपनी करनी का ही फल भुगत रहे हैं। जब प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज थे तो गिने चुने विपक्षी विधायकों का मजाक उड़ाते थे उन्हें धकिया कर सदन से बाहर निकालते थे। अब उन्हें खुद बेआबरू होकर कूचे से निकलना पड़ा है। सदन की बात छोड़ो विधानसभा परिसर में भी उन्हें घुसने नहीं दिया गया तो टसुए बहा रहे हैं। इन आपियों पर सटीक बैठता है यह शेर-इब्तिदाए इश्क है रोता है क्या आगे-आगे देख होता है क्या।

वित्त मंत्री चौधरी ने पेश की आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट

■ राष्ट्रीय औसत से ज्यादा छत्तीसगढ़ में ग्रोथ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया। वित्त मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में उत्साहजनक आर्थिक प्रगति नजर आ रही है। राष्ट्रीय औसत से कहीं ज्यादा प्रदेश की जीएसडीपी में ग्रोथ हुआ है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि जीएसडीपी2023-24 में 3,06,712 करोड़ से बढ़कर 2024- 25 में 3,29,752 करोड़ होना संभावित है, यह गत वर्ष की तुलना में 7.51 प्रतिशत की वृद्धि है। इसमें कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र, सेवा क्षेत्र में योगदान अधिक है. कैपिटल इनकम में भी वृद्धि हो रही है। वित्त मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय में 9.37 प्रतिशत की दर से वृद्धि है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मार्गों को बाधित करने पर होगी कड़ी कार्रवाई: मुख्य सचिव

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सड़कों पर जन्मदिन मनाने, पंडाल लगाने, भंडारा आयोजित करने की प्रवृतियों को हतोत्साहित करने एवं सार्वजनिक यातायात को बाधित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति यदि सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.।उन्होंने सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करने वालों पर एंटी-एन्क्रोचमेंट

एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट, नगर पालिका अधिनियम एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों तथा भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए.

मुख्य सचिव जैन ने बैठक में कहा कि सड़कें केवल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अवैध आयोजनों पर नियमानुसार होगी कार्रवाई

मुख्य सचिव ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे किसी भी अवैध आयोजन को तुरंत रोकें और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें. मुख्य सचिव जैन ने इस तरह की अवांछित गतिविधियों को रोकने और संबंधितों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने एसओपी तैयार करने के निर्देश पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिए. उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे नागरिकों को स्पष्ट संदेश मिले कि सार्वजनिक मार्गों पर अवैध आयोजन पूरी तरह प्रतिबंधित हैं. उन्होंने जनसंपर्क ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नान घोटाले में छत्तीसगढ़ के पूर्व एडवोकेट जनरल को राहत

नई दिल्ली(ए.)। छत्तीसगढ़ के नागरिक आपूर्ति निगम घोटाले में राज्य के पूर्व एडवोकेट जनरल सतीश चंद्र वर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सतीश चंद्र वर्मा को राहत देते हुए उन्हें जांच में सहयोग करने का भी निर्देश दिया। इससे पहले छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने वर्मा को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सतीश चंद्र वर्मा की तरफ से वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा और सुमीर सोढ़ी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। वहीं राज्य सरकार का पक्ष वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने रखा।

नक्सल फंडिंग मामले में बड़ी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आज छत्तीसगढ़ नक्सल फंडिंग केस में बड़ी कार्रवाई करते हुए मूलवासी बचाओ मंच के प्रमुख रघु मिडियामी को गिरफ्तार किया है। एमबीएम को छत्तीसगढ़ सरकार ने पहली ही बैन कर दिया है। इससे पहले नवंबर 2023 में छत्तीसगढ़ पुलिस ने इसी मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से 6 लाख रुपये नकद बरामद हुए थे। जांच में सामने आया कि ये दोनों एमबीएम के ओवरग्राउंड वर्कर थे, जो माओवादियों के लिए फंड जुटाने और वितरित करने का काम कर रहे थे। जांच में पता चला कि रघु मिडियामी एमबीएम का प्रमुख है। यह संगठन सीपीआई (माओवादी) के लिए धन इकट्ठा करने, भंडारण करने और वितरित करने में लगा हुआ है, ताकि उनके भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाया जा सके। एनईएनए जांच के अनुसार, रघु मिडियामी सीपीआई (माओवादी) के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के लिए स्थानीय स्तर पर धन के वितरण के लिए नोडल व्यक्ति था।

भारत और यूरोपीय संघ ने रक्षा कंपनियों की भारत में भागीदारी पर चर्चा की

नयी दिल्ली (वार्ता) भारत और यूरोपीय संघ ने भारत में रक्षा क्षेत्र की संयुक्त परियोजनाओं और सह उत्पादन के अवसरों तथा यूरोपीय रक्षा कंपनियों की भागीदारी पर चर्चा की है।रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने यूरोपीय आयोग के रक्षा एवं अंतरिक्ष आयुक्त एंड्रियस कुबिलियस के साथ शुक्रवार को यहां बैठक की। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री संपर्क और सूचना साझा करने पर बातचीत की। दोनों ने रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों , संसाधनों की संभावनाओं , विशेष रूप से भारत में संयुक्त परियोजनाओं और सह-उत्पादन के अवसरों में यूरोपीय रक्षा कंपनियों की भागीदारी पर भी बात की। उन्होंने यूरोपीय संघ के स्थायी सहयोग और अन्य यूरोपीय विकास परियोजनाओं में भारतीय भागीदारी के तौर-तरीकों पर विचार किया। श्री एंड्रियस कुबिलियस इन दिनों भारत के दौरे पर हैं।

मध्य प्रदेश की दो महिला न्यायिक अधिकारियों की बर्खास्तगी रद्द

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में दो महिला न्यायिक अधिकारियों की बर्खास्तगी को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने इसे दंडात्मक, मनमाना और गैरकानूनी बताया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने निर्देश दिया कि दोनों अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर सेवा में बहाल किया जाए। उनकी सेवाएं 2023 में समाप्त कर दी गई थीं। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने फैसला सुनाते हुए कहा, इन दो न्यायिक अधिकारियों की सेवा समाप्ति दंडात्मक, मनमानी है।

बैज की रेकी पर बिफरा विपक्ष, सदन की कार्यवाही का बहिष्कार

रायपुर/नवप्रदेश। दीपक बैज की रेकी पर बिफरे विपक्ष ने सदन के पूरे दिन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। सदन से बाहर निकलकर गांधी प्रतिमा के बाहर प्रदर्शन कर रहे विपक्षी

विधायकों को मनाने के लिए संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप पहुंचे, लेकिन बात बनी नहीं। नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा ने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान हमने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के घर रेकी कराने का मुद्दा उठाया था। यह एक जरूरी मुद्दा था, क्योंकि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है । हमारे नेताओं को डराने, षड्यंत्र के तहत फंसाने का काम किया जा रहा है। सदन की पूरे दिन की कार्यवाही का हम बहिष्कार करते हैं।

रेकी पर सदन में हंगामा, गर्भगृह में उतरा विपक्ष

विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन पीसीसी चीफ दीपक बैज की रेकी पर विपक्ष ने जमकर हंगामा मचाया। विपक्षी सदस्य गर्भगृह में उतरकर नारेबाजी करने लगे. स्पीकर ने इस पर कार्यवाही करते हुए विपक्षी सदस्यों को निलंबित करते हुए सदन से बाहर जाने का निर्देश दिया. हालांकि, कुछ देर बाद निलंबन रद्द भी कर दिया। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने अपने घर की रेकी कर जासूसी करवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बीते दो रातों से लगातार 24 घंटे दंतेवाड़ा पुलिस सीजी 17 की गाड़ी उनके रायपुर स्थित उनके शासकीय निवास की रेकी कर रही थी। पैदल टहल कर हमने पकड़ा. लोकल गंज थाने के झ्रद्ध को भी जानकारी नहीं थी। दंतेवाड़ा के एडिशनल एसपी से भी बात की लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। बिना दस्तावेज के वे यहां पहुंचे थे।

नेता प्रतिपक्ष महंत के साथ पीसीसी चीफ की चर्चा

विधानसभा बजट सत्र का चौथा दिन हंगामेदार रहा। विपक्ष ने पीसीसी चीफ बैज के घर की रेकी को लेकर सदन में जमकर हंगामा मचाया। इसके बाद विपक्ष ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष महंत के बंद कमरे में कांग्रेस विधायकों के साथ पीसीसी चीफ दीपक बैज ने आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की।

सदन में गूंजा डिजिटल अरेस्ट का मामला

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने उठाया सवाल

168 करोड़ की हुई ठगी, सवा पांच करोड़ कराए वापस: गृह मंत्री

विधानसभा में शुक्रवार को साइबर क्राइम में डिजिटल अरेस्ट किए जाने का मामला उठा। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने साइबर ठगी की रकम के साथ-साथ पीड़ितों को वापस की गई राशि पर गृह मंत्री से सवाल किया। मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 168 करोड़ रुपए की ठगी राशि में से करीब पांच करोड़ 20 लाख रुपए की राशि वापस कराई गई है।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया, डिजिटल अरेस्ट के 12 प्रकरण सामने आए हैं। इन सभी प्रकरण में कार्रवाई की गई है। इस पर अजय चंद्राकर ने पूछा कि 1795 बैंक खाते चल रहे हैं। 921 खातों में ठगी की रकम वसूली गई थी लेकिन इन खातों को अब तक बंद नहीं की गई है। इसकी क्या वजह है? गृहमंत्री ने बताया कि ठगी की रकम एक खाते से दूसरे खाते में शिफ्ट किया जाता है. प्रारंभिक खाते को बंद किया जाता है।

इस पर अजय चंद्राकर ने कहा कि 722 सायबर ठगों को चिन्हित किया है इनमे से करीब तीन सौ के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बाकी बचे लोगों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी? मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बीते साल 20 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का डिजिटल ट्रांजिक्शन हुआ है। भारत का डिजिटल ट्रांजिक्शन जर्मनी भी अपना रहा है। सब्जी बेचने वालों को भी डिजिटल ट्रांजिक्शन से भुगतान किया जा रहा है।

विजय शर्मा ने कहा कि डिजिटल ट्रांजिक्शन के साथ-साथ साइबर क्राइम भी बढ़ा है। सायबर क्राइम दुनिया की चिंता है। केंद्र सरकार भी इसकी रोकथाम करने के प्रयास कर रही है। राज्य में जो मामले कार्रवाई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रोजाना 8 से 9 महिलाएं हो रहीं दुष्कर्म का शिकार

राजधानी में बलात्कार के मामले को लेकर खरसिया विधायक उमेश पटेल ने झकझोर कर देने वाले आंकड़ों को रखा, जिस पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने सदन में जवाब प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर हो रहा है, जो हर तीन से चार घंटे में दुष्कर्म का शिकार हो रही हैं। केवल बलात्कार ही नहीं हत्या, लूट, अपहरण जैसे मामलों में रायपुर प्रदेश की राजधानी बना हुआ है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने रायगढ़ जिले सहित प्रदेश में जनवरी 2024 से 2025 तक हत्या, लूटपाट, अपहरण, चोरी, डकैती और बलात्कार के दर्ज मामलों के संबंध में सवाल किया। इसके साथ अपराध को रोकने के लिए किए गए उपायों की जानकारी मांगी। गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में साल 2024 से 2025 के बीच हत्या के 1114, लूट के 458, अपहरण के 3644, चोरी के 7960, डकैती के 56 और बलात्कार के 3191 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें रायगढ़ जिला हत्या के मामले में तीसरा, लूट में पांचवा, अपहण में दसवां, चोरी में पांचवा, डकैती में पांचवा और बलात्कार के मामले में छठवें स्थान पर है।रायपुर डकैती को छोड़कर हत्या, लूट, अपहरण और बलात्कार के मामलों में राजधानी बना हुआ है. यहां पिछले एक साल में हत्या के 93, लूट के 80, अपहरण के 515, चोरी के 1645, डकैती के 9 और बलात्कार के 268 केस दर्ज किए गए।

झकझोर दिए सदन में पेश किए गए आंकड़े

इन सब आंकड़ों में बलात्कार के आंकड़े सबसे ज्यादा चौकाने वाले हैं. प्रदेश में एक साल के भीतर बलात्कार के 3191 केस दर्ज किए गए हैं. इस हिसाब से रोज प्रदेश में 8 से 9 महिलाएं हवस का शिकार बन रही हैं. इस तरह से छत्तीसगढ़ में हर 3 से 4 घंटे में महिला के साथ दुष्कर्म हो रहा है।

भारत-तिब्बत-चीन सीमा पर हिमस्खलन, 57 श्रमिक दबे

धामी ने व्यक्त किया दुख

देहरादून (वार्ता)। उत्तराखंड में भारत-तिब्बत-चीन सीमा पर स्थित माणा गांव में शुक्रवार पूर्वाह्न भारी बारिश और हिमपात के बीच हिमस्खलन होने से सड़क निर्माण कार्य में जुटे 57 श्रमिकों के दबने की सूचना से शासन में खलबली मच गई। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की महानिरीक्षक (आईजी) रिद्धिम अग्रवाल, के अनुसार अभी 15 श्रमिकों को निकाला जा चुका है। जबकि अन्य को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर, घटना पर दुख व्यक्त किया है।

धामी ने लिखा, सीमांत जनपद चमोली में माणा गांव के निकट सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा संचालित निर्माण कार्य के दौरान, हिमस्खलन की वजह से कई मजदूरों के दबने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। आईटीबीपी, बीआरओ और अन्य बचाव दलों द्वारा राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जा रहा है। भगवान बदरी विशाल से सभी श्रमिक भाइयों के सुरक्षित होने की प्रार्थना करता हूं।

'बेटी बचाओ-पढ़ाओ' योजना के 455 करोड़ गायब, जवाब दे सरकार : खड़गे

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार की महत्वपूर्ण 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के 455 करोड़ रुपए

गायब हो गए हैं और सरकार को इस बारे में देश की बेटियों को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सूचना के अधिकार आरटीआई के तहत हुए इस खुलासे पता चलता है कि मोदी सरकार 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना को लेकर कितना गंभीर है। इससे साबित होता है कि सरकार सिर्फ लुभावने नारे देती है और हकीकत उसके विपरीत होती है। खड़गे ने कहा,आरटीआई से खुलासा हुआ है कि मोदी सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना में 455 करोड़ रुपए 'ग़ायब' हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'बहुत हुआ नारी पर वार' वाले भाजपाई विज्ञापन की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत और ईयू की स्वाभाविक रणनीतिक साझेदारी: पीएम मोदी

■ साल के अंत तक एफटीए पूरा होने की उम्मीद

नई दिल्ली(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच साझेदारी की सराहना की। उन्होंने इस साझेदारी को स्वाभाविक और प्राकृतिक करार दिया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत और ईयू के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) इस साल के अंत तक हो सकता है।

हैदराबाद हाउस में यूरोपीय आयोग की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर

लेयेन के साथ बैठक के बाद संयुक्त प्रेस बयान में प्रधानमंत्री ने कहा, हमने कल विभिन्न मुद्दों पर ईमानदार और सार्थक चर्चा की। हमने अपनी टीमों से पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए पर काम करने और इसे इस साल के अंत तक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकतांत्रिक मूल्य, साझा प्रगति और समृद्धि के प्रति साझा प्रतिबद्धता

उन्होंने कहा, भारत और ईयू के बीच दो दशकों से स्वाभाविक और प्राकृतिक रणनीतिक साझेदारी है और इनकी विश्वास व लोकतांत्रिक मूल्य, साझा प्रगति और समृद्धि के प्रति साझा प्रतिबद्धता है। इसी भावना में आज और कल 20 मंत्री स्तरीय वार्ताएं हुईं। हमने विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर ईमानदार और सार्थक चर्चाएं की हैं।

गरमा-गरम

नई रिपोर्ट ...

भारत की पिछली उपलब्धियां भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए प्रदान करती हैं आधार

'विकसित भारत' के लिए 7.8% वृद्धि दर की दरकार: विश्व बैंक

नयी दिल्ली (वार्ता) । विश्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2047 तक उच्च आय की स्थिति तक पहुँचने की आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए भारत को अगले 22 वर्षों में औसतन 7.8 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता होगी।

विश्व बैंक ने 'एक पीढ़ी में उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनना' शीर्षक से जारी अपनी नयी रिपोर्ट में पाया गया है कि यह लक्ष्य संभव है। 2000 से 2024 के बीच भारत की औसत वृद्धि की तेज़ गति को देखते हुए यदि वित्त वर्ष 2021 और वित्त वर्ष 2022 को छोड़ दें तो यह 6.6 प्रतिशत है, जो कोविड की मंदी और

तत्काल वापसी से प्रभावित था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की पिछली उपलब्धियाँ इसकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती हैं। हालाँकि, वहाँ पहुँचने के लिए सुधारों और उनके कार्यान्वयन को लक्ष्य जितना ही महत्वाकांक्षी होना चाहिए।

विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा, चिली, कोरिया और पोलैंड जैसे देशों के सबक यहदिखाते हैं कि कैसे उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपने एकीकरण को गहरा करके मध्यम-से-उच्च आय वाले देशों में सफलतापूर्वक बदलाव किया है। भारत सुधारों की गति को बढ़ाकर और अपनी पिछली उपलब्धियों पर निर्माण करके अपना रास्ता खुद बना सकता है। रिपोर्ट में अगले 22 वर्षों में भारत के विकास पथ के लिए तीन परिदृश्यों का मूल्यांकन किया गया है। वह परिदृश्य जो भारत को एक पीढ़ी में उच्च आय की स्थिति तक पहुँचने में सक्षम बनाता है, के लिए आवश्यक है कि राज्यों में तेज़ और समावेशी विकास प्राप्त किया जाए, 2035 तक सकल घरेलू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

■ सेंसेक्स में 1,414 अंकों की भारी गिरावट, निफ्टी का हाल-बेहाल

नई दिल्ली(ए.)। भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स में भारी गिरावट देने को मिली है। गुरुवार को सेंसेक्स 1,414.33 अंक गिरकर 73,198.10 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 420.35 अंक गिरकर 22,124.70 के स्तर पर पहुंच गया। चीन के उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की अमेरिका की घोषणा से शुक्रवार को दुनिया भर के बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गई। इसके दबाव में घरेलू शेयर बाजार का

मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,414 और निफ्टी 420 अंक टूट गया। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। बिकवाली के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,414.33 अंक यानी 1.90 प्रतिशत लुढ़कते हुए 73,198.10 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,471.16 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिमाचल में बारिश और बर्फबारी से 300 सड़कें बंद, रास्तों में फंसे लोग

पहाड़ी इलाकों में जोरदार बारिश और बर्फबारी

नई दिल्ली/एजेंसी। एक तरफ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के ज्यादातर इलाकों में गर्मी का असर दिखने लगा है। वहीं उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी की वजह से मौसम ने फिर से पलटी मारी है। हिमाचल और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी होने की वजह से पारा नीचे गिर गया है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में बीते 2 दिन से भारी बर्फबारी हो रही है।

हिमाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी

हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश और बर्फबारी हो रही है। अचानक से खराब मौसम हुए मौसम की वजह से चंबा, कुल्लू और किन्नौर जिले के शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टियां घोषित की गई है। जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे से हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भारी बर्फबारी हो रही है। शिमला में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। खबर ये भी है कि भारी बारिश-बर्फबारी और भूस्खलन के चलते चार नेशनल हाईवे समेत प्रदेश में लगभग 300 सड़कें बंद हो गई हैं। हिमाचल प्रदेश में बीते 48 घंटे के दौरान भारी बारिश और तेज बर्फबारी हुई है। कई जगहों पर तो हालत ये हो गए कि कई जगहों पर तो एक फुट से ज्यादा ताजा बर्फबारी हुई है।

● उत्तराखंड में भी बर्फबारी और बारिश

बद्रीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी , रुद्रनाथ, लालमाटी, औली, गौरसों के साथ ही माणा में भी बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के चलते निचले इलाकों में भी ठंड का असर बढ़ गया है। केदारनाथ धाम में भी आधा फीट तक बर्फजम गई है। केदारनाथ धाम में दो दिनों से बर्फबारी हो रही है। तुंगनाथ, पर्यटक स्थल चोपता और कालीशीला के ऊपरी क्षेत्र के साथ ही त्रियुगीनारायण के ऊपरी जंगलों में भी बर्फबारी हुई है।

● बर्फबारी के बाद बर्फ में ढंका यमुनोत्री

गंगोत्री और यमुनोत्री में भी भारी बर्फबारी की वजह से कई फीट तक बर्फजम गई है। मौसम विभाग के मुताबिक आज भी प्रदेश भर में बारिश और बर्फबारी का माहौल रहेगा। टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग , पिथौरागढ़ और बागेश्वर में 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में भारी बारिश की संभावना है।

● जम्मू-कश्मीर में भी भारी बर्फबारी

जम्मू-कश्मीर के डोडा और भलेसा जिलों में भारी बर्फबारी की खबर है। पिछले 36 घंटों से लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है, जिससे तापमान में काफी गिरावट आई है। राजौरी जिले में भी लंबे समय तक सूखे के बाद काफी जरूरी बारिश हुई।

यूरोप के हथियारों की बिक्री को बढ़ावा देना चाहता है अमेरिका

वाशिंगटन(वार्ता)। जर्मनी की दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) पार्टी सीधी रुस-अमेरिका वार्ता का स्वागत करती है लेकिन इस बात को भी महत्वपूर्ण मानती है कि वाशिंगटन यूरोप के रक्षा खर्च के साथ-साथ अमेरिकी हथियारों की खरीद भी बढ़ाना चाहता है। आरआईए नोवोस्ती ने एएफडी के सह-अध्यक्ष टीनो क्रुपला के हवाले से यह जानकारी दी।

पॉक्सो मामले में येदियुरप्पा की मुश्किलें बढ़ीं

बंगलूरू। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को पॉक्सो मामले में पेश होने को कहा गया है। पॉक्सो मामले की अदालत ने इस संबंध में आदेश दिया है। अगली सुनवाई पहली फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। कोर्ट ने सह-आरोपी वाईएम अरुणा, रुद्रेश और मारुलासिद्धैया जी. मरिस्वामी को भी समन जारी किया है। इन सभी को उसी दिन पेश होने के लिए कहा गया है। हाईकोर्ट ने हाल ही में पूर्व सीएम येदियुरप्पा को पॉक्सो मामले में अग्रिम जमानत दी थी। बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत देते हुए हाईकोर्ट ने येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया था। मुकदमे में पहले उन्हें हाजिरी से छूट दी गई थी। इससे पहले कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा था। हाईकोर्ट ने एक नाबालिग से यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो केस को खारिज करने से मना कर दिया था ।

याचिकाकर्ता ने रेलवे अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में भगदड़ से जुड़ी याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका, 200 मौतों के आरोप पर कहा सबूत लाओ

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से जुड़ी एक याचिका पर आज सुनवाई की और इसे खारिज कर दिया। दरअसल आनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट की तरफ से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि मौतों का वास्तविक आंकड़ा रेलवे प्रशासन छिपा रहा है। जनहित याचिका में भगदड़ में करीब 200 लोगों की मौत का आरोप लगाया गया। याचिका में ये भी दावा किया गया कि रेलवे प्रशासन ने सिर्फ 18 मौतों की बात कही, जो गलत है। याचिकाकर्ता ने अदालत के सामने रेलवे अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की। साथ ही रेलवे स्टेशन और अस्पतालों के सभी सीसीटीवी फुटेज संरक्षित करने की मांग की। मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से 200 लोगों की मौत के दावे का सबूत मांगा।

यात्रियों की मौतों की वजह आई सामने

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में हुई 15 लोगों की मौत दम घुटने (ट्रॉमैटिक एस्फिक्सिया) की वजह से हुई। यह मौतें सीने पर जोरदार दबाव पड़ने की वजह से हुईं। इसके अलावा दो लोगों की मौत हेमोरेजिक शॉक की वजह से हुई, जो सीने पर तेज चोट लगने से हुआ। जबकि एक व्यक्ति की मौत सिर पर यात्रियों के भारी दबाव की वजह से हुई।

इलाहाबाद हाई कोर्ट इस मामले में अब मंगलवार को करेगा सुनवाई

इलाहाबाद। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को संभल स्थित जामा मस्जिद परिसर की साफ सफाई करने का निर्देश दिया। हालांकि हाई कोर्ट ने साफ किया है कि संभल की मस्जिद में फिलहाल रंगाई-पुताई नहीं की जाएगी. इस मामले में अब मंगलवार को सुनवाई होगी और इस दौरान मस्जिद कमेटी अपना पक्ष कोर्ट के सामने रखेगी. बता दें इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एएसआई को तीन अधिकारियों की टीम गठित कर संभल स्थित जामा मस्जिद का तत्काल निरीक्षण करने और शुक्रवार सुबह 10 बजे तक अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल उपाध्याय नगर, डंगनिया, रायपुर में निर्मित एच.आई.जी.-II योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक एच.आई.जी.-II/ 53 सेक्टर 01 में श्री मनोज प्रधान पिता स्व. श्री राजेन्द्र प्रसाद प्रधान को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 07.06.2001 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के दान हेतु दिनांक 17.02.2025 को निष्पादित दान इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्री आर्यन प्रधान पिता श्री मनोज प्रधान के नाम से दान करने के लिए दान अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के दान के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18540 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651K01510 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती GIRISHA RAJPAL पिता श्री/श्रीमती NARESH RAJPAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती KHUSHBOO JHA पिता/पति श्री W/O MRITYUNJAY KUMAR JHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18236 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 37- तात्यापारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR738F00001 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BAISHALI VAIBAV, RINKU NA.BA SWARNA CHETIYAR पिता श्री/श्रीमती CHANDRASHEKHAR CHETIYAR AND RAJESHWARI NAYDU, SHANKAR CHETIYAR, PREERTI BALA, KHUSHI NA.BA YASHI AND PARI CHETIYAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती प्रीतिबाला चेटीयार पति स्व. संजय चेटीयार ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **बंटवारा नामा**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18238 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 37- तात्यापारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR738F00001 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BAISHALI, VAIBHAV, RINKU NA. BA SWARNA CHETIYAR पिता श्री/श्रीमती CHANDRASHEKHAR CHETYIAR AND RAJESHWARI NAYDU, SHANKAR CHETIYAR, PREERTI BALA, KHUSHI NA.BA YASHI AND PARI CHETIYAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. वैभव चेटीयार 2, रिंकू चंद्रशेखर चेटीयार पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. चंद्रशेखर चेटीयार ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**बंटवारा नामा**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18239 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 37- तात्यापारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR738F00001 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती BAISHALI VAIBAV, RINKU NA.BA SWARNA CHETIYAR पिता श्री/श्रीमती CHANDRASHEKHAR CHETIYAR AND RAJESHWARI NAYDU, SHANKAR CHETIYAR, PREERTI BALA, KHUSHI NA.BA YASHI AND PARI CHETIYAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती राजेश्वरी नायडू पति विनोद नायडू पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. राजन उर्फ राजेन्द्र चेटीयार ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**बंटवारा नामा**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18460 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 22- पं. ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 22 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR814F01047 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती PANJA SHAHEJAD, PANJA DANISH पिता श्री/श्रीमती ABDUL GAFFAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती पंजा शहजाद पिता/पति श्री अब्दुल गफ्फार ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत हकत्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18374 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 23- शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 23 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR812C00290 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SALIK RAM पिता श्री/श्रीमती ANGAD SINHA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती जयंत सिन्हा पिता/पति श्री बलीराम सिन्हा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17887 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 37- तात्यापारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR738C00070 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती JAGDISH SHARMA, BARMESHWAR SHARMA पिता श्री/श्रीमती --- के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती निर्मल कुमार शर्मा पिता स्व. जगदीश प्रसाद शर्मा, रमाबलि शर्मा, अनुपम शर्मा, अनुराग शर्मा पिता/पति श्री स्व. विमल कुमार शर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17485 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR443A00227 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MAHENDRA PRAKASH PUJARI पिता श्री/ श्रीमती LATE BULAKI PUJARI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती RAJNI DASSANI पिता/पति श्री SHRARANS DASSANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18328 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 39- स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR717A00480 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती OMPRAKASH VERMA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE GIRWARLAL VERMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती किशोर कुमार जैन पिता स्व. मानकचंद जैन, आशीष जैन पिता/पति श्री किशोर जैन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18188 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 28- शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR812A00840 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती DULARI BAI पिता श्री/श्रीमती KISHAN AGRAWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती आछाल्ला प्रियंका पिता/पति श्री प्रभात कुमार बालसुब्रहण्यम मैका ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18378 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 23- शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 23 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR812P00024 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती NILESH KESHARWANI पिता श्री/श्रीमती VIJAY KESHARWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती नीलेश जैन पिता/पति श्री अश्वनी कुमार जैन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18235 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 23- शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 23 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR812E00603 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती JITENDRA CHANDRAKAR पिता श्री/श्रीमती KHEMLAL CHANDRAKAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती कुमारी देवांगन पिता/पति श्री मन्नूलाल देवांगन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18372 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 24- सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 24 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR818E00081 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती Lakshmi Bai पिता श्री/श्रीमती --- के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती रेखा बाई साहू, गणेश राम साहू, गणेशी साहू, मनोहर साहू पिता/पति श्री छोटकू राम साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ --- / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email: rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18557 दिनांक 27.02.2025
वार्ड का नाम- 38- शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR516C00219 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती ABHIJIT SHARMA पिता श्री/श्रीमती ARUN SHARMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती रेखा गुप्ता पिता/पति श्री विजय गुप्ता ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, दान पत्र, शपथ पत्र, हिब्बानामा/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री रमाकांत साहू
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

निविदा सूचना

क्र./वाहन/न.नि./2025/615/343 — भिलाई, दिनांक 24.02.2025

आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई की ओर से निर्मात्री संस्थान/अधिकृत संधारणकर्ता/ स्थानीय संधारकर्ता से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत (रुपये में)	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1	वाहन क्र. CGO7/NA/2042 (जे.सी.बी.) का संधारण कार्य।	1,82,500.00	17/03/2025

टीप :- नियम शर्तों एवं मापदण्ड की जानकारी कार्यपालन अभियंता (वाहन) के कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.com एवं चिप्स की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक 07
जय स्तंभ चौक डाकघर के सामने पुराना मुख्यालय मालवीय रोड रायपुर

क्रमांक 67/जोन क्र. 07/न.पा.नि./2025 रायपुर, दिनांक 28.02.2025

-:: संशोधन सूचना ::-

जोन क्रमांक 07 द्वारा जारी निविदा क्रमांक 66/जोन क्र. 07/न.पा.नि./2024 रायपुर, दिनांक 20/02/2025 को निविदा आमंत्रण सूचना दैनिक समाचार पत्र-नवप्रदेश में प्रकाशित दिनांक 22.02.2025 में उल्लेखित कार्य क्रमांक 01 के कार्य क्रमांक 17 तक के समयावधि को 60 दिवस ना मानते हुए 90 दिवस माना/पढ़ा जावे।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक 07
नगर पालिक निगम रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)

Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission

E-mail- eeraj-phe-cg@nic.in

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //
रिस्क एंड कास्ट

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-''ए'' में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/ रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत राजनांदगांव के विभिन्न विकासखँडों के विभिन्न ग्रामों में रिस्क एवं कास्ट में शेष बचे कार्य जिसमें UPVC/HDPE पाईप लाईन जोड़ने बिछाने, उच्च स्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार के चारों ओर बाउंड्रीवाल निर्माण, सबमर्सिल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्यूल अनुसार) की निविदाएं दिनांक 25.02.2025 से आनलाईन पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc/cgstate/gov/in से दिनांक 04.03.2025 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 18.03.2025 (शाम 5.30 बजे) तक है।

क्र.	निविदा क्रमांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखंड	योजना/ग्राम का नाम	निविदा की लागत (रु. लाख में)	निविदा में प्रचलित एस.ओ.आर.
1	10	165159	राजनांदगांव	जंगलेसर (रिस्क एंड कास्ट)	40.07	PHE दिनांक 01.06.2020 से लागू एवं संशोधन 02/2020, 21 तक तथा PWD 2015 का दिनांक 07.04.2016 से लागू
2	11	165163	डोंगरगढ़	बागनदी (रिस्क एंड कास्ट)	44.71	
3	12	165164	डोंगरगढ़	सहसपुर, जारवाही, केशली (रिस्क एंड कास्ट)	85.89	
4	13	165165	डोंगरगांव	जंगलपुर (रिस्क एंड कास्ट)	58.83	

जी-242505593/1

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
राजनांदगांव (छ.ग.)

संक्षिप्त खबरें

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव से मिले पवन खेड़ा और चरणजीत सिंह

आज पंजाब पीसीसी की अहम बैठक लेंगे भूपेश बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पंजाब प्रभारी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे, जहां चतुर्थ तल पर स्थित महासचिव कार्यालय में राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने बघेल से मुलाकात की। नवनिर्मित कांग्रेस का मुख्यालय 9 कोटला मार्ग, नई दिल्ली में स्थित है। महासचिव भूपेश बघेल कल नई दिल्ली से पंजाब के अमृतसर के लिए रवाना होंगे। एक मार्च को पंजाब के प्रभारी बघेल चंडीगढ़ स्थित पंजाब पीसीसी कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अहम बैठक लेंगे। साथ ही पंजाब के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी करेंगे. इसके अलावा अमृतसर में स्वर्ण मंदिर, राम तीर्थ मंदिर और दुर्गियाना मंदिर के दर्शन भी करेंगे।

घर से लाखों के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। मारूति लाइफ स्टाईल स्थित घर से अज्ञात चोर ने लाखों रुपए के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रिषि प्रधान 45 वर्ष मारूति लाईफ स्टाइल का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के आलमारी में रखे सोने के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 2 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मंदिर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। हटकेश्वरनाथ मंदिर के पीछे पार्किंग में खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया श्रृष्ठि सिंह 27 वर्ष अश्वनी नगर पुरानी बस्ती की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केटी 8734 को हटकेश्वरनाथ मंदिर के पीछे पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रेलर ने साइकिल सवार को रौंदा

रायपुर/नवप्रदेश। झाबक पेट्रोल पंप के पास सरोरा में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने सायकिल सवार अधेड़ को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सालिकराम 53 वर्ष सरोरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी सायकिल से घर जा रहा था, तभी झाबक पेट्रोल पंप के पास ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जेए 3095 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सालिकराम को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रेलर जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

नशीली टेबलेट के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मौदहापारा पुलिस ने समवेत शिखर बिल्डिंग के पास नशीली टेबलेट को खपाने के लिए ग्राहक तलाशते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 110 नग नाइट्रोजेन टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक नशीली टेबलेट खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी सैयद सलीम 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सहायक शिक्षक निलंबित, ड्यूटी के दौरान नशे में पाए जाने पर कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला हर्राठेमा के सहायक शिक्षक श्री सुभाष सोरी को ड्यूटी के दौरान नशे की हालत में पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब है कि 23 फरवरी को मतदान केंद्र क्रमांक 97, शासकीय प्राथमिक शाला बेलटिकरी में निरीक्षण के दौरान वे मतदान अधिकारी क्रमांक 03 के रूप में ड्यूटी पर तैनात थे, लेकिन नशे की हालत में होने के कारण मतदान कार्य करने में असमर्थ पाए गए। इसके चलते रिजर्व दल से नए मतदान अधिकारी की नियुक्ति करनी पड़ी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक ने छ.ग. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 एवं छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) ने बचाई नन्हें मयंक की जिंदगी

- डॉक्टरों एवं चिरायु टीम के प्रयास से मयंक हुआ स्वस्थ, घर में लौटी खुशियां

रायपुर/नवप्रदेश। शासन की चिरायु योजना एक बार फिर मासूम के जीवन में नई रोशनी लेकर आई। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित दो वर्षीय मयंक सतनामी को चिरायु योजना के तहत समय पर उपचार मिला, जिससे उसकी जान बच गई। अब वह पूरी तरह स्वस्थ है और उसके परिवार में खुशियां लौट आई हैं।

रायगढ जिले के विकासखंड पुसौर अंतर्गत ग्राम कोतासुरा निवासी मयंक सतनामी के जन्म के बाद से ही दिल में छेद था। इस समस्या का पता तब चला जब राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) की टीम नियमित जांच के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंची। टीम ने तुरंत मयंक के स्वास्थ्य की गंभीरता को समझते हुए उसे विशेषज्ञ जांच के लिए सत्य साईं अस्पताल, रायपुर रेफर किया। 9 नवंबर 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में आयोजित ध?कन शिविर में

सत्य साईं अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञों ने मयंक की विस्तृत जांच की और उसे सर्जरी की सलाह दी। 30 जनवरी 2025 को मयंक को सत्य साईं अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां 10 फरवरी को उसकी हृदय की सफल सर्जरी हुई। गहन चिकित्सा देखभाल के बाद 17 फरवरी को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और 19 फरवरी को चिरायु वाहन से सुरक्षित घर पहुंचाया गया। 20 फरवरी को चिरायु टीम ने मयंक के घर जाकर उसकी स्थिति का पुनः मूल्यांकन किया, जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। मयंक के पिता श्री पदमन सतनामी एवं उनके परिवार ने चिरायु टीम, सत्य साईं अस्पताल के डॉक्टरों और शासन को तहेदिल से धन्यवाद दिया।

इस नेक कार्य में पुसौर विकासखंड के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विनोद नायक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्री नवीन शर्मा, चिरायु टीम के डॉ. संदीप भोई एवं डॉ. मंजू पटेल सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। उनके समर्पण से नन्हे मयंक को नया जीवन मिला और उसके परिवार का भविष्य फिर से उज्ज्वल हो गया।

2 दिन पड़ेगी तेज गर्मी 4 डिग्री चढ़ेगा पारा

- 5 शहरों में अधिकतम तापमान 33 डिग्री के पार; 35 डिग्री के साथ रायपुर सबसे गर्म

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कई शहरों में अगले 2 दिन में अधिकतम और न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री बढ़ेगा। प्रदेश में मौसम ड्राई है। जिससे सभी जिलों में तापमान बढ़ रहा है। पांच शहरों रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव और गौरेला पेंड्रा मरवाही में अधिकतम तापमान 33 डिग्री के पार पहुंच गया है। गुरुवार को सबसे गर्म रायपुर रहा। यहां का अधिकतम तापमान 35 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक था।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मार्च के शुरुआती दिनों में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। बंगाल की खाड़ी में पश्चिमी विक्षोभ के असर से सिस्टम बन रहा है। इसके असर से हवा में नमी की मात्रा बढ़ेगी।

रायपुर में दिन का पारा 35 डिग्री

मौसम विभाग के मुताबिक आज दिन का तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। गुरुवार को दिन का तापमान 35 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

दुर्ग में 35 डिग्री के करीब पारा

गुरुवार को दुर्ग में 34.9 डिग्री अधिकतम तापमान रहा जो समान्य से 2.3 डिग्री ज्यादा था। वहीं राजनांदगांव में पारा 34.5 डिग्री रहा जो सामान्य से अधिक रहा।

अंबिकापुर में रात का पारा नॉर्मल से 4 डिग्री कम

यहां रात का पारा 9.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। ये सामान्य से 4 डिग्री कम है। वहीं पेंड्रा रोड में भी रात का पारा समान्य से 1.5 डिग्री नीचे है, यहां न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री रहा।

बिलासपुर में दिन का पारा 1 डिग्री ज्यादा

यहां दिन के तापमान में गुरुवार को 1 डिग्री की मामूली बढ़ोतरी हुई। बिलासपुर में बुधवार को अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री था जो गुरुवार को 33.7 डिग्री के करीब पहुंच गया। वहीं रात का पारा 18 डिग्री से बढ़कर 19.8 डिग्री पहुंच गया है। जो सामान्य से 2.9 डिग्री ज्यादा था।

बस्तर में तापमान स्थिर

संभाग के जिलों में भी दिन का तापमान स्थिर बना हुआ है। गुरुवार को जगदलपुर में अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री रहा, यह सामान्य से 0.3 डिग्री अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो नॉर्मल से 0.8 अधिक था।

कांग्रेस के नए प्रभारी का पहला पंजाब दौरा

- भूपेश बघेल का स्वागत, सोशल मीडिया पर लिखा
- हर अन्याय के विरुद्ध एक आवाज है पंजाब

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पंजाब के प्रभारी भूपेश बघेल अमृतसर पहुंचे। बतौर प्रभारी पहले आगमन पर एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने बघेल का भव्य स्वागत किया। पंजाब दौरे को लेकर भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है. उन्होंने लिखा है कि जब-जब पंजाब को पढ़ा, घूमा, जाना और समझा, तब-तब लगा कि पंजाब सिर्फ एक राज्य ही नहीं बल्कि रंगों का संगम है। पंजाब खेतों की खुशबू है। पंजाब त्याग की भूमि है. पंजाब समर्पण का रास्ता है। पंजाब क्रांति की ज्वाला है। पंजाब संस्कृति का बहता जल है. पंजाब ढोल का मधुर संगीत है। पंजाब धर्म का प्रतीक है। पंजाब कर्म का नवगीत है। हर अन्याय के विरुद्ध पंजाब एक आवाज है। बघेल ने आगे लिखा है कि स्वर्ण मंदिर अमृतसर में मत्था टेक अरदास करुंगा. जलियावाला बाग में क्रांति को महसूस करुंगा। दुर्गियाना व राम तीरथ मंदिर में पूजा कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करुंगा।

जय व्यापार पैनल को 11 और व्यापारिक संगठनों ने दिया समर्थन

रायपुर /नवप्रदेश। जय व्यापार पैनल से जितेन्द्र दोशी एवं विक्रम सिंहदेव ने बताया कि व्यापारिक हितों की रक्षा और सशक्त व्यापारिक माहौल बनाने के लिए जय व्यापार पैनल को लगातार अपार समर्थन मिल रहा है। आज 11 और व्यापारी संघों ने जय व्यापार पैनल को अपना समर्थन व्यक्त किया, जिससे अब तक कुल 53 संगठनों ने इस पैनल पर भरोसा जताया है।

पूर्व मंत्री कवासी लखमा को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में आरोपी पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। उनकी अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 13 मार्च को तय की है। इस दौरान कोर्ट ने एसीबी और ईओडब्ल्यू (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जांच एजेंसियों का आरोप है कि लखमा शराब घोटाले में शामिल एक बड़े सिंडिकेट का अहम हिस्सा थे। उन पर राज्य की शराब नीति बदलने और स्न्नरु10 लाइसेंस शुरू करने में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। इस लाइसेंस के चलते घोटाले को बढ़ावा मिला। ईडी ने अदालत में

कहा कि लखमा जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, इसलिए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाना चाहिए। लखमा के वकील ने अदालत में दलील दी कि ईओडब्ल्यू ने एफआईआर के आधार पर गिरफ्तारी की है, जबकि वे विधायक हैं। विधायक होने के नाते गिरफ्तारी से पहले सरकारी अनुमति जरूरी थी, लेकिन बिना अनुमति के कार्रवाई की गई। हालांकि, कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया और याचिका खारिज कर दी। इससे पहले, ईओडब्ल्यू कोर्ट ने भी लखमा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

शिव मंदिर, राजीवनगर कालोनी में 'महाशिवरात्रि पर्व' धूमधाम से मनाया

रायपुर/नवप्रदेश। भारत गृह निर्माण सहकारी समिति की राजीवनगर कालोनी के श्री शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक हवन के साथ सम्पन्न हुआ। महाशिवरात्रि के दिन बुधवार को प्रातः समिति के संचालक श्री रोहित सिंघानिया एवं मोहित सिंघानिया तथा मंदिर के पुजारी पं. पंकज शुक्ला के मार्ग दर्शन एवं सहयोगी विद्वान पंडितों द्वारा रूद्री पाठ व जल-दुग्ध महाभिषेक सम्पन्न हुआ। तद्रुपरांत भगवान शिव जी को भोग लगाया गया एवं स्व. जीवनलाल जी सिंघानिया की स्मृति में प्रतिवर्ष की भांति भण्डारा-परसादी प्रातः 11:30 बजे से शुरू हुआ जो रात तक अनवरत् चलता रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने परसादी प्राप्त किया। श्री रोहित सिंघानिया

द्वारा मंदिर का मुख्य ध्वज पताका बदलकर नया लगाया गया।

इस अवसर पर छ.ग. रायपुर के सांसद माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी, रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, रायपुर नगर निगम के कालीमाता वार्ड की पार्षद श्रीमती साधना प्रमोद साहू एवं पूर्व जोन अध्यक्ष श्री प्रमोद साहू, पूर्व पार्षद अमितेष भारद्वाज, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कन्हैया अग्रवाल, तथा राजकुमार राठी, मनोज राठी, अनूप अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, अश्वनी बक्शी, नवरतन माहेश्वरी आदि अनेक गणमान्य नागरिकों के आगमन पर संस्था के अध्यक्ष ललित कुमार सिंघानिया एवं कार्यक्रम के संचालक-रोहित सिंघानिया एवं मोहित सिंघानिया द्वारा उनका स्वागत कर दर्शन-पूजा करवाया गया।

नव प्रदेश, रायपुर

रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स (सेन्ट्रल रूल्स 1956 के अंतर्गत) नव प्रदेश पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक-जानकारी

घोषणा पत्र फार्म-4

1. प्रकाशन स्थल-	प्रथम तल अग्रदूत बिल्डिंग राजबंधा मैदान, रायपुर 492001
2. प्रकाशन अवधि-	दैनिक
3. मुद्रक का नाम- नागरिकता- पता-	यशवंत धोटे भारतीय 3/ए, /21-सेक्टर 8 भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
4. प्रकाशक का नाम- नागरिकता- पता-	यशवंत धोटे भारतीय 3/ए, /21-सेक्टर 8 भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
5. संपादक का नाम- नागरिकता- पता-	यशवंत धोटे भारतीय 3/ए, /21-सेक्टर 8 भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
6. उन व्यक्तियों का नाम-व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं।	यशवंत धोटे (100%) भारतीय 3/ए, /21-सेक्टर 8 भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

मैं यशवंत धोटे एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है।

रायपुर
दिनांक 1 मार्च 2025

यशवंत धोटे
प्रकाशक के हस्ताक्षर

उपलब्धि... *बारनवापारा के 1222 किसानों को सोलर पम्प से मिली सिंचाई सुविधा*

सौर सुजला योजना बनी किसानों के लिए वरदान

रायपुर/नवप्रदेश। आजादी के दशकों बाद भी परंपरागत बिजली से वंचित रहे बलौदाबाजार जिले के बारनवापारा क्षेत्र के किसानों के लिए छत्तीसगढ़ शासन की सौर सुजला योजना वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साथ के नेतृत्व में क्रेडा विभाग द्वारा अब तक बारनवापारा क्षेत्र में 1222 किसानों के खेतों में सौर सिंचाई पम्प स्थापित किए गए हैं, जिससे अब किसान बिना किसी चिंता के सिंचाई सुविधा का लाभ उठाकर लाभकारी खेती कर रहे हैं।

सौर सुजला योजना के तहत बारनवापारा क्षेत्र में 2 हार्स पावर के 03, तीन हार्स पावर के 615 और 5 हार्स पावर के 604 सोलर पम्प स्थापित किए गए हैं। यह योजना उन किसानों के लिए वरदान साबित हुई है, जिनके खेतों तक बिजली नहीं पहुंची थी या जिनके पास सिंचाई के अन्य संसाधन नहीं थे।

ग्राम डेबी के किसान नित्यानंद बताते हैं कि पहले सिंचाई की सुविधा न होने के कारण उनकी सालाना आमदनी मात्र 25 से 30 हजार रुपये थी। लेकिन सोलर पम्प लगने के बाद अब वे धान के साथ सब्जियां जैसे आलू, टमाटर और बरबटी उगाकर तीन से चार गुना अधिक आय प्राप्त कर रहे हैं। इसी तरह, बंशराम चौहान, बसंत कुमार कैवर्त्य, अमरू राम, धनीराम बिंझवार और गौरी बाई दीवान सहित कई अन्य किसानों की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले किसान नदी-नालों से डीजल पम्प के जरिए सिंचाई करते थे, जिससे उनकी आय का बड़ा हिस्सा ईंधन पर खर्च हो जाता था। लेकिन सौर सुजला योजना के तहत मात्र 24,800 रुपये में सोलर पम्प मिलने से अब उनकी यह समस्या समाप्त हो गई है। छत्तीसगढ़ शासन किसानों को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर सौर पम्प उपलब्ध करा रही है। तीन हार्स पावर के पम्प के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के किसानों को मात्र 10,000 रुपये, अन्य पिछड़ा वर्ग के किसानों को 15,000 रुपये, सामान्य वर्ग के किसानों को 21,000 रुपये का अंशदान देना होता है, जबकि 5 हार्स पावर के पम्प के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के किसानों को 15,000 रुपये, अन्य पिछड़ा वर्ग को 20,000 रुपये तथा सामान्य वर्ग के कृषक को 25,000 रुपये का अंशदान देना होता है।बलौदाबाजार जिले में अब तक 5198 सौर पम्प लगाए जा चुके हैं। सौर सुजला योजना का लाभ लेने के लिए कृषि विभाग, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और क्रेडा विभाग के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। सिंचाई के लिए नदी, नाले, कुएं और नलकूप प्राथमिकता से चिन्हांकित किए जाते हैं।छत्तीसगढ़ शासन की यह योजना किसानों के लिए कम लागत में सिंचाई की बेहतर और स्थायी व्यवस्था है।

सुविचार

अफसोस हमारे बीते हुए कल को बदल नहीं सकता और चिंता हमारे आने वाले कल को संवार नहीं सकती इसलिए आज को जी भरकर जियो। - अज्ञात

आम आदमी पार्टी के विधायकों का निलंबन

नई दिल्ली में विधानसभा सत्र के दौरान उपराज्यपाल के अभिभाषण में व्यवधान डालने से उद्देश्य आम आदमी पार्टी के विधायकों ने हंगामा खड़ा कर दिया था। नतीजतन आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। उस दिन अमानतउल्ला खान सदन में मौजूद नहीं थे इसलिए उनके खिलाफ निलंबन की कार्यवाही नहीं हुई थी। इसलिए सिर्फ वे ही सदन की कार्यवाही में भाग ले रहे हैं। जबकि शेष 21 विधायक सदन से बाहर हैं। विधानसभा अध्यक्ष की इस कार्यवाही को तानाशाही पूर्ण कार्यवाही बताते हुए आम आदमी पार्टी के विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष आतिशी के नेतृत्व में विधानसभा परिसर के भीतर धरना प्रदर्शन करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें विधानसभा परिसर के भीतर प्रवेश नहीं करने दिया। फलस्वरूप आम आदमी पार्टी के विधायक विधानसभा परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और नई दिल्ली सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करना का आरोप लगा रहे हैं। आतिशी के मुताबिक देश के संसदीय इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ है कि चुने हुए विधायकों को विधानसभा परिसर में भी नहीं घुसने दिया जा रहा है। उन्हें रोकने के लिए पुलिस तैनात कर दी गई है। इस तरह का आरोप लगाने वाली आतिशी यह भूल गई हैं कि देश के संसदीय इतिहास में ऐसा भी कभी नहीं हुआ है कि राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष ने कभी हंगामा किया हो। यह तो गनीमत है कि आम आदमी पार्टी के विधायकों को सिर्फ इसी सत्र के लिए निलंबित किया गया है अन्यथा उनके खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष और कड़ी कार्यवाही कर सकते थे। आम आदमी पार्टी के विधायकों को यह भी नहीं भूलना चाहिए कि जब वे सत्ता में थे और उन्हें विधानसभा में प्रचंड बहुमत प्राप्त था तो वे विपक्षी विधायकों को सदन में बोलने भी नहीं देते थे और उन्हें मार्शल की मदद से विधानसभा से बाहर कर दिया जाता था। जबकि मौजूदा सरकार ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतउल्ला खान को सदन में बोलने का पूरा मौका दिया है। गौरतलब है कि नई दिल्ली विधानसभा के इस सत्र में कैग की रिपोर्ट पेश की जा रही है जिसमें पहले दिन शराब घोटाले पर कैग की रिपोर्ट पेश की गई जिसके अनुसार अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपनी नई शराब नीति के चलते सरकारी खजाने को 2 हजार करोड़ रूपये की क्षति पहुंचाई थी। इस रिपोर्ट पर सदन में हुई चर्चा के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतउल्ला खान ने अपनी पूर्ववर्ती सरकार का बचाव किया और शराब नीति के बारे में यह स्पष्टीकरण दिया कि यह नीति गलत नहीं थी। इसी नीति को पंजाब में लागू किया गया जहां सरकार का राजस्व बढ़ा उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वह नई दिल्ली के लोगों का ध्यान मूल मुद्दों से भटका रही है महिलाओं को ढाई हजार रूपये महीना देने के अपने चुनावी वादे से पीछे हट रही है। इसके जवाब में भाजपा विधायकों ने शराब घोटाले को लेकर कैग की रिपोर्ट में किये गये खुलासे को लेकर आम आदमी पार्टी पर आरोपों की बौछार कर दी। दूसरे दिन स्वास्थ्य के बारे में कैग की रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें मोहल्ला क्लीनिकों के नाम पर बरती गई गंभीर अनियमितताओं की पोल खोली गई है। इसे लेकर भी भाजपा के विधायकों ने आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये। कुल मिलाकर कैग की रिपोर्ट सदन में पेश होने से आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ती जा रही है और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल होने अलावा आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ कार्यवाही होने की संभावना बढ़ गई है। यही वजह है कि सदन से निलंबित आम आदमी पार्टी के विधायक धरना प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं वे अपने निलंबन की कार्यवाही को अवैधानिक बताकर अब इस मामले में राष्ट्रपति से भी गुहार लगाने जा रहे हैं।

चैंपियन्स ट्रॉफी में अफगानिस्तान ने किया कमाल

आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में अफगानिस्तान की टीम ने क्रिकेट के जनक इंग्लैंड को हराकर वाकई कमाल कर दिया। अफगानिस्तान के युवा बल्लेबाज इब्राहिम जादरान 177 रनों की धुंआधार पारी खेली और इंग्लैंड के गेंदबाजों की बखिया उधेड़कर रख दी। इब्राहिम जादरान ने चैंपियन्स ट्रॉफी में सर्वाधिक रनों का व्यक्तिगत स्कोर बना डाला। उनकी इस बेहतरीन पारी के बदौलत अफगानिस्तान की टीम 320 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करने में कामयाब हुई और इस लक्ष्य का पीछा करते उतरी इंग्लैंड की टीम 8 रनों से हार गई और वह भी सेमीफाइनल से बाहर हो गई। इस ग्रुप से पाकिस्तान भी बाहर हो चुका है। अब अफगानिस्तान का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। यदि अफगानिस्तान इसी तरह का प्रदर्शन करती है और ऑस्ट्रेलिया को भी हराने में सफल हो जाती है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने जो शानदार खेल दिखाया है उससे भारतीय क्रिकेट प्रेमी भी बेहद खुश हैं। उस समय तो भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। जब इंग्लैंड को पराजित करने के बाद अफगानिस्तान के ऑल राउंडर रासिद खान ने लाहौर के स्टेडियम में तिरंगा लहराना शुरू कर दिया। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम को भारत ने मदद की है। उनके लिए ग्राउंड और फंड भी बीसीसीआई ने उपलब्ध कराया है इसलिए अफगानिस्तान की इस सफलता ने भारतीयों को भी खुश होने का मौका दिया है।

उदार हिन्दुत्व से भी क्यों भागी कांग्रेस ?

आचार्य श्रीहरि

2014 में हार के बाद कांग्रेस ने उदार हिन्दुत्व पर चलने का संकेत दिया था और वह स्वीकार कर चुकी थी कि उसकी हार के केन्द्र में हिन्दुत्व का उग्र विरोध है। कांग्रेस की यह सोच चाकचौबंद थी और हार के चक्रव्यूह से निकलने का सौलिट मंत्र भी था। कांग्रेस के रणनीतिकारों ने इस पर काम किया था, इसी दृष्टिकोण पर आधारित राहुल गांधी की छवि को गढने और चमकाने का निर्णय लिया गया था, एक उदार हिन्दुत्व का सांचा बनाया गया था। इसी सांचे से राहुल गांधी के ब्राम्हण होने का कथन निकला था और उनके दत्तात्रैय गोत्र की कहानी निकली थी। राहुल गांधी की दौड़ मानसरोवर तक लगायी गयी थी, उन्हें गेरूआ कपडे पहनाये थे और मंदिर-मंदिर का भ्रमन कराया गया था। कांग्रेस को यह उम्मीद थी कि उनकी उदार हिन्दुत्व की छवि से हिन्दुओं की नाराजगी और विछोह दूर होगा और फिर से कांग्रेस को सत्ता सूत्र मिल जायेगा। एक अंथोनी की रिपोर्ट भी यही कहती थी। एके अंथोनी कमिटी की रिपोर्ट में साफ्तौर पर कहा गया था कि 2014 में कांग्रेस की हार के पीछे हिन्दुत्व की नाराजगी थी और कांग्रेस ने अपने दस सालों के शासन काल के दौरान अपनी छवि हिन्दू विरोधी बनायी थी और इसका सारा दोष उन बयानबाज कांग्रेसियों का था जो अति मुस्लिम पक्षधर थे और अपने बयानों के नकरात्मक प्रबृतियों के प्रति बेपरवाह और उदासीन थे। कांग्रेस के अंदर ऐसे बयानबाज नेताओ को अस्थिर करने या फिर उन्हें महत्वहीन करने की बात कही गयी थी और आशिक तौर पर ही सही पर निर्णय को लागू करने की कोशिश हुई थी। मनिशंकर अय्यर और मनीष तिवारी तथा कपिल सिब्बल जैसे कई नेताओं के पर कतरे गये थे। हिन्दू आतंकवाद की थ्योरी को स्थापित करने वाले पी चिदम्बरम को भी नेपथ्य में भेजने की चाल चली गयी थी। उदार हिन्दुत्व पर चलने का प्रत्याशित लाभ क्यों नही मिला? इसका विश्लेषण करने की जरूरत कांग्रेस ने जाहिरतौर पर कभी नहीं समझी। 2014 के बाद 2019 और 2024 में भी कांग्रेस को उदार हिन्दुत्व को अपनाने का लाभ नहीं मिला। कांग्रेस को न केवल केन्द्रीय चुनावों में बल्कि राज्य चुनावों में हार पर हार मिली। कांग्रेस का हर दांव उल्टा ही पडा। यहां तक की राहुल गांधी की भारत जोडों यात्रा भी कोई काम नही आयी। भारत जोडों यात्रा से राहुल गांधी की छवि चमकने की उम्मीद थी और कांग्रेस की किस्मत बदलने की उम्मीद थी। सच तो यह है कि जैसे-जैसे राजनीति का समय चक्र घूम रहा है वैसे-वैसे कांग्रेस की परिधि भी घटती जा रही है, कांग्रेस की कमजोरी लगातार बढती जा रही है। मोदी को झुकाने या फिर सत्ता से बाहर करने की बात तो दूर रही बल्कि नरेन्द्र मोदी की मजबूत घेराबंदी करने में भी कांग्रेस सफ्ल नहीं हो पा रही है। अब तो नरेन्द्र मोदी का विकल्प राहुल गांधी और भाजपा का विकल्प कांग्रेस को मानने से भी इनकार किया जा रहा है। इंडिया गठबंधन दल में भी कांग्रेस और राहुल गांधी के प्रति नजरिया नकरात्मक बन रहा है और विरोध बढ रहा है। लालू प्रसाद यादव का यह कहना कि नरेन्द्र मोदी और भाजपा का विकल्प राहुल गांधी नहीं बल्कि ममता बनर्जी है और ममता बनर्जी को ही इंडिया गठबंधन का नेतृत्व दिया जाना चाहिए। लालू का यह चिंतन कांग्रेस के लिए हाहाकार वाली स्थिति जैसी है। आखिर क्यों? इसलिए कि लालू यादव की छवि सोनिया गांधी-राहुल गांधी समर्थक की रही है। कांग्रेस ने ऐसा नजरियां क्यों विकसित कर लिया, ऐसी राजनीतिक सोच क्यों बनायी कि हमें हर हिन्दुत्व के प्रतीकों और उत्सवों का विरोध करना है और उस पर कीचड उछालना है? विरोध की बात तो समझ में आती है पर कीचड उछालना और अपमानित जरने जैसे कार्य भी करने से पीछे नही हटने की रणनीति को क्या कहा जाना चाहिए? रामजन्म भूमि मंदिर स्थापना उत्सव पर विरोध तो समझ में आता है और इस पर नरेन्द्र मोदी को श्रेय लेने की बात का विरोध भी स्वीकार हो सकता है। पर महाकुंभ का विरोध, महाकंभ को अंधविश्वास का प्रतीक बताना और यह कह देना कि अंधविश्वासी लोग ही महाकुंभ जा रहे है।

महान साहित्य के पीछे शब्द शक्ति और सामर्थ्य

संजीव ठाकुर

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है ।वैसे तो शब्दों की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर मुंह से बोले गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है। मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं, जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस के दिलों को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहाँरे छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है।



आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1872 में 1 मार्च को ही दुनिया के पहले येलोस्टोन राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना हुई थी। 1923 में आज ही के दिन ग्रीक ने ग्रेगोरीयन कैलेंडर अपनाया था। 1928 में 1 मार्च को ही भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रमन जी ने प्रकाश के विवर्तन का अपना शोध दुनिया के सामने पेश किया था। 1947 में आज ही के दिन अंतर्राष्ट्रीय निगराणी कोष ने कार्य शुरू किया था। 1954 में 1 मार्च को ही अमेरिका ने बिकिनी द्वीप-समूह में हाइड्रोजन बम का परीक्षण किया था। 1966 में आज ही के दिन ब्रितानी वित्त मंत्री जेम्स कैलाहन ने ब्रितानी मुद्रा व्यवस्था में परिवर्तन की घोषणा की थी। 1995 में 1 मार्च को ही इंटरनेट के सबसे लोकप्रिय सर्च इंजन्स में से एक सर्च इंजन याहू की शुरुआत हुई थी। 2006 में आज ही के दिन अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे थे। 2010 में 1 मार्च को ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपनी सऊदी अरब यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि की थी। 2010 में आज ही के दिन भारत ने हॉकी विश्व कप के पहले मैच में पाकिस्तान को 4-1 से हराया था।

पाठकों की बात

आज हवा सर्द

आज हवा सर्द सी है, मोहब्बत अब भी बाकी है। वो होकर भी नहीं है उनसे गिला सदियों से बाकी है हम कह तो दे अपने दिल की बात मगर सुनने वाला मगरूर साथी है चलो चलते हैं इस शहर को छोड़ कर उनकी यादों से मुँह मोड़कर ज़माने में इश्क बहुत है मुझे नए ज़माने से इश्क करना...!

– **डॉ.मधुबाला मौर्या**

कतेक भटकहू

कतेक भटकहू पर के पाछू खुद धरौ धरम के झंडा पुरखा मन सँभाल राखे हें जे आदि काल के हंडा भरे लबालब हे गुन म बस एला तुम कबिया लेवौ नइ परही फेर तुँहला कोनो च पंथ प्रपंच के डंडा जय मूल धरम.. जय मूल संस्कृति

– **सुशील भोले**

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती | बस की लाइट टूट गई थी

बस की लाइट टूट गई थी और जगह हो गई थी खाली घर पर तो हरदम करता था अब बस में करता रखवाली पैसे देता कौन है मुझको मत दो मुझको बस तुम गाली खाली नहीं बैठ सकता हूँ कभी सड़क-औ-कभी थी नाली देश-प्रेम के चलते देखो छोड़ रखी मैंने घरवाली फिर भी रोटी फेंक के देवे कोई नहीं देता है थाली। – **जे डी कुदाल**

बम होय रही घर मंदिर मा, जब आन

बम होय रही घर मंदिर मा, जब आन लगी शिवरात्रिहिं प्यारी शिव नन्दि सवार बने दुलहा, अरु साथ बरात पिचासन भारी तक रूप अघोर डरीं सखियाँ, फिरि जाय कहा गिरिराज दुलारी जब मानत बात नहीं गिरिजा,तब भाजत मातु बुलावत सारी तब आरति थाल लिए मइया, कर द्वारहिंचार निहारत भोला फिरि छूटि गयौ कर थाल सुनौ,जब रूप अघोर दिखावत भोला सुनि कै तब हाँसि रहीं गिरिजा,अब खेल करौ नहिं औघड़ भोला अब सुंदर रूप धरौ तुम शंकर, ये महिमा हम जानत भोला – **रजनी रामदेव**

ब्रम्हांड के मूलाधार, जगत के

ब्रम्हांड के मूलाधार, जगत के पालनहार अनादि-अंनत शिव को कोटि कोटि कोटि नमस्कार। भक्ति स्वरूप नन्दी हैं ,जिनके निर्विकार द्वारपाल सृष्टि सृजन कर्ता शिव के श्री चरणों में नमस्कार। जिनके भूत -प्रेत पिशाच बने बराती, अनोखा है बारात जग देख भय से कांपे , ऐसे औघड़दानी को नमस्कार। वामांग में बिराजे जिनके शक्ति रूपा मां गौरी , ऐसे सुखकर्ता दुःखहर्ता को अंतस से नमस्कार। सृष्टि के सृजन के लिए लिया अर्द्धनारीश्वर का रूप दिया समता का संदेश , ऐसे आदि गुरु को नमस्कार। नर- नारी नहीं एक दूजे पर भारी ,दोनों से मिल बनी सृष्टि सारी। नीललोहित अविनाशी शिव शंभू शंकर को बारंबार नमस्कार। - **वर्षा ठाकुर**

दोस्तों अमेरिका से बहुत सारे लोगों

दोस्तों अमेरिका से बहुत सारे लोगों को हाथ पैर में सीकड़ जैसा कुछ डाल कर भारत भेजा गया,सबने देखा होगा।सभी इसपर बहुत शर्मिंदा हुए,खूब राजनीति भी हुई।पर क्या आप लोगों को पता है कि इन लोगों में बिहार और झारखंड का कोई नही था।हम हिन्दी भाषियों का मजाक बनाने वालों के जरूर सोचना चाहिए।हम मेहनतकश हैं इल्लीगल नही। – **प्रीति श्रीवास्तव**

ब्रम्हांड के मूलाधार, जगत के पालनहार

ब्रम्हांड के मूलाधार, जगत के पालनहार रोज रोआई दिल करे धक-धक काहे दिल सोच - सोच घबराता जबसे तनहाई दिल करे धक-धक हमरो आई लुगाई प्रेम भइल बाजे शहनाई दिल करे धक-धक बाटे दुनिया गरीब के दुश्मन होत रुसवाई दिल करे धक-धक देह के पोर-पोर में बा दरद बाटे पुरवाई दिल करे धक-धक तहरो कातिल भइल जवानी बा लेवे अँगड़ाई दिल करे धक-धक चाँद जब-जब नहात झील में बा देखे शैदाई दिल करे धक-धक लोग समझी ना प्रेम के 'ऐनुल'बाटे गहराई दिल करे धक-धक

– **'ऐनुल' बरौलवी**

हुआ सनातन धर्म का, महाकुंभ संपन्न

हुआ सनातन धर्म का, महाकुंभ संपन्न। दुनिया जन सैलाब को,देख रह गई सन्न।। देख रह गई सन्न,कुंभ की छटा निराली। करके संगम स्नान ,भरी है झोली खाली। पाकर शांति असीम,खुशी में डूबे हैं मन। बंधन सारे तोड़ ,भक्तिमय हुआ सनातन।।

– **डॉ बिपिन पाण्डेय**

प्रेरक प्रसंग

सबसे बढ़कर पूजा

लोकमान्य तिलक कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने के लिए लखनऊ आए। लखनऊ कांग्रेस में कार्यक्रम अत्यंत व्यस्त था, क्योंकि इसके दौरान विभिन्न दलों और गुटों में एकता स्थापित करने के लिए बातचीत हुई थी। अधिवेशन में एक दिन लोकमान्य बहुत तड़के से व्यस्त रहे और दोपहर तक एक क्षण के लिए भी अवकाश न पा सके। बड़ी कठिनाई से उन्हें भोजन के लिए उठाया जा सका। भोजन के समय परोसने वाले स्वयंसेवक ने कहा- "महाराज ! आज तो आपको बिना पूजा किए ही भोजन करना पड़ा।" लोकमान्य गंभीर हो गए। बोले- "अभी तक जो हम कर रहे थे, क्या वह पूजा नहीं थी? क्या घंटी-शंख बजाना और चंदन घिसना ही पूजा है? समाज-सेवा से बढ़कर और कौन-सी पूजा हो सकती है ?"

QUIZ TIME

1) जीजी टाऊ ए प्रणाली क्या है जो हाल ही में खबरों में थी?

2) किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का आयोजन होगा?

3) होमी भाभा चेयर योजना का प्रबंधन किस संगठन द्वारा किया जाता है?

4) भारत की पहली योग नीति किस राज्य ने शुरू की है?

5) हाल ही में उत्तरी कश्मीर में देखी गई मार्कहोर बकरी किस देश का राष्ट्रीय पशु है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) त्रिस्तरीय तारा प्रणाली (2) लद्दाख (3) डिपार्टमेंट ऑफएटॉमिक एनर्जी (4) उत्तराखंड (5) पाकिस्तान

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:49, सूर्यास्त : 13:30, चन्द्रोदयः 06:59, चन्द्रास्तः 18:58, अयन : उत्तरायण, ऋतु : बसन्त, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5126, मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : उत्तर भाद्रपद, योग : सिद्ध (20:08 से साध्य), प्रथम करण : किंस्तुघ्न (16:47 तक), द्वितीय करण : बव (27:16+ तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : कुम्भ, मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:16 से 13:03, अमृत काल : 07:05 से 08:33, विजय मुहूर्त : 14:36 से 15:23, गोधूलि मुहूर्त : 18:27 से 18:52, सायाह्न सन्ध्या : 18:30 से 19:44, निशिता मुहूर्त : 24:14+ से 25:04+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:11+ से 30:00+, राहुकाल : 09:00 से 10:40, गुलिक काल : 08:17 से 09:44, यमगण्ड : 15:35 से 17:02, दुर्मुहूर्त : 09:09 से 09:56, वर्ज्य : 19:27 से 20:54, पञ्चक : अहोरात्रि, आडल योग : 13:40 से 30:49+, होमाहुति : सूर्य।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन आपको अपने सामाजिक व्यवहारों पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।

वृष : आज के दिन आप किसी निकटस्थ जानकार के प्रति ईर्ष्या की भावना से ग्रस्त रहेंगे।

मिथुन : आज के दिन आपका मन धार्मिक भावना से भरा रहेगा। लेकिन दैनिक जीवन की व्यस्तता के चलते इसके लिए उपयुक्त समय नहीं निकाल पाएंगे।

कर्क : आज के दिन आपके शरीर में कुछ ना कुछ व्याधि लगी रहेगी। दिन के आरंभ से ही सर दर्द अथवा भारीपन अनुभव होगा सर्दी जुखाम की शिकायत भी हो सकती है।

सिंहः आज का दिन भी आपके अनुकूल रहेगा लेकिन आज छोटी-छोटी बातों पर परिजनों अथवा किसी अन्य से बहस करना भारी पड़ सकता है।

कन्या : आज का दिन आपके लिए थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। आज आप जिस भी कार्य को करेंगे बेमन से ही करेंगे।

तुलाः आज के दिन आपका बुद्धि विवेक प्रखर रहेगा सामाजिक क्षेत्र पर किसी विवाद को सुलझाने के के लिए आपका सहयोग लिया जाएगा।

वृश्चिकः आज के दिन भी आपको व्यर्थ के कलह क्लेश का सामना करना पड़ेगा।

धनु : आज का दिन भी आपके लिए धन लाभ वाला ही रहेगा। लेकिन बीते दिन की तुलना में आज सुख सुविधा की कमी भी अनुभव करेंगे।

मकर : आज का दिन आपके लिए विपरीत फलदायक रहेगा। किसी भी कार्य में जोर-जबर्दस्ती ना करें ना ही किसी के ऊपर अनैतिक कार्य करने का दबाव डालें।

कुंभः आज के दिन आपका स्वभाव एवं व्यवहार किसी को भी समझ में नहीं आएगा।

मीन : आज का दिन भी आपके लिए विविध उलझनों से भरा रहेगा दिन के आरंभ में ही किसी कुटुंबीजनों से झगड़ा होने का भय सताएगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।

1	2	■	3		4	■	■	■
5				■	6		7	8
■		■	9			■	10	
■		■		■	11	12		
13				■	14		■	■
	■	■	■	■	■	15		16
	■	17		18			■	
19			■		■	■	20	
■	■	21					■	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 340 का हल

वा	स्ता	■	■	सि	स	की	■	■
जि	■	ल	प	ट	■	मा	चि	स
ब	द	ला	■	क	■	■	ल	■
■	■	ट	■	नी	ल	क	म	ल
ता	ली	■	का	■	की	■	■	हू
क	■	स	रो	का	र	■	■	लु
झां	■	ज	बा	न	■	म	सी	हा
क	च	ना	र	■	भा	र्या	■	न
■	र्म	■	■	ज	र	दा	■	■

एजेंसी ने पूरा नहीं किया टैक्स वसूली का टार्गेट निगम ने 34 लाख की राशि की राजसात

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। टैक्स वसूली का टार्गेट पूरा न कर पाने के कारण नगर निगम भिलाई द्वारा मे. पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्रा.लि. (रॉची) के 34 लाख रुपए राजसात किया गया है। टैक्स वसूली के लिये नगर निगम और एजेंसी के साथ किये गए एग्रीमेंट के तहत यह कार्रवाई की गई है। नगर निगम क्षेत्र में डोर-टू-डोर संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, भू भाटक विज्ञापन कर, यूजर चार्ज इत्यादि करों की वसूली के लिये मे. पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्रा.लि. (रॉची) को अधिकृत किया गया है।

नगर निगम भिलाई के साथ संबंधित एजेंसी के बीच 21 दिसंबर 2022 को अनुबंध किया था। एजेंसी को अनुबंध के नियम शर्तों के तहत करों की वसूली शुरू करने की अनुमति 30 दिसंबर को जारी की गई। एजेंसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 तक राजस्व करों की वसूली की राशि के कमीशन राशि 5.6 प्रतिशत से एग्रीमेंट के अनुसार 33,71,372.11 को होल्ड कर दिया है। कमिश्नर राजीव पाण्डेय के निर्देश पर संबंधित एजेंसी को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व करों की वसूली करने निगम द्वारा समय-समय पर 4 बार पत्र जारी किया गया। राजस्व वसूली समीक्षा बैठकों के दौरान भी लक्ष्य के अनुरूप 90 प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। एजेंसी ने लक्ष्य के अनुरूप राजस्व करों की वसूली नहीं की। भिलाई नगर निगम द्वारा 10 प्रतिशत होल्ड की गई कुल राशि 33,71,372 रुपए को राजसात कर दिया गया है। निगम द्वारा सभी नागरिकों से टैक्स का भुगतान समय अवधि में करने की अपील की है। टैक्स जमा न करने पर निगम अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई की संपूर्ण जिम्मेदारी करदाता की होगी।

पाटन क्षेत्र के 4 और जनपद सदस्यों का भाजपा प्रवेश

■ अब तक 7 जनपद सदस्य हो चुके हैं भाजपा में शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पंचायत चुनाव के बाद शुक्रवार को चार और जनपद सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग पहुंचकर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। हाल ही में तीन निर्दलीय जनपद सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ली थी। इस तरह अब तक निर्दलीय और कांग्रेस के जनपद सदस्यों को मिलाकर कुल 7 नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि भाजपा में सम्मिलित हो चुके हैं।

जनपद चुनाव में भाजपा के 10 अधिकृत प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद अब यह आंकड़ा 17 पहुंच गया है। पाटन विखं. के निर्वाचित निर्दलीय जनपद सदस्य सीता निषाद के पति सुरेश निषाद पूर्व में कांग्रेस से जनपद सदस्य रह चुके हैं। निर्दलीय डुलेश्वर सिंह मानकुर (पूर्व सरपंच) के अलावा कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य रेखा अरविंद जोशी और दामिनी राकेश साहू ने भी भाजपा में प्रवेश किया है। भाजपा प्रवेश करने वाले जनपद सदस्यों ने सामूहिक रूप से कहा कि भाजपा के सिद्धांत, विचारधारा और उपलब्धिपूर्ण कार्यों से प्रभावित होकर बिना किसी भय, प्रलोभन और दबाव के वे भाजपा में सम्मिलित हो रहे हैं और पाटन जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव में खुलकर भाजपा का समर्थन करेंगे। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि खुलकर भाजपा में प्रवेश रहे हैं। निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि लगातार निर्दलीय और कांग्रेस के पंचायत जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल हो रहे हैं। पाटन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ऊब चुके हैं। उनके गृह विधानसभा पाटन, अमलेश्वर व कुम्हारी में भाजपा को विजयश्री प्रदान कर जनता ने कांग्रेस को नकार दिया।

न्यूज गैलरी

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज प्रवास पर

दुर्ग। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा 1 मार्च को भिलाई नगर, दुर्ग आएंगे। उपमुख्यमंत्री 1 मार्च को सुबह 10 बजे कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर पहुंचेंगे और यहां आयोजित वार्षिकोत्सव में शामिल होंगे। गृह मंत्री सुबह 10.45 बजे नगर निगम परिसर दुर्ग पहुंचेंगे और नव निर्वाचित महापौर व पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वे दोपहर 12 बजे निगम परिसर दुर्ग से कार से सहसपुरलोहारा प्रस्थान करेंगे।

महापौर निधि से संवारा जाएगा सांई मंदिर द्वार, बैडमिंटन कोर्ट की फैंसिंग भी होगी

रिसाली। महापौर शशि सिन्हा की निधि से वार्ड 30 स्थित साई मंदिर के मुख्य द्वार को संवारा जाएगा। इस कार्य के लिए 6 लाख की स्वीकृति दी गई है। महापौर ने एमआईसी सदस्यों के साथ सांई मंदिर प्रांगण में इस कार्य के लिये भूमिपूजन किया। सांई मंदिर का निर्माणधीन मुख्य द्वार राशि के अभाव में अधूरा है। वॉश रूम जाने के लिए रास्ता भी नहीं है। पार्षद अनूप डे की अनुशंसा पर महापौर ने राशि स्वीकृत करते निर्माण एजेंसी को शीघ्र कार्य आरंभ करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। भूमिपूजन में एमआईसी मेंबर जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, संजू नेताम, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद विलास बोरकर, चन्द्रभान ठाकुर आदि उपस्थित रहे। महापौर शशि सिन्हा ने सभापति केशव बंछोर के वार्ड में वार्ड 11 में बैडमिंटन कोर्ट परिसर की फेंसिंग कार्य का भूमिपूजन किया। इस कार्य के लिए 6 लाख रुपए स्वीकृत किये गए हैं। डी और ई पॉकेट में पूर्व में बने बैडमिंटन कोर्ट को चैन फैंसिंग करने के साथ ही यहां बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी।

नगर निगम ने लॉच किया मोबाइल ऐप

■ घर बैठे जमा कर सकते हैं टैक्स, शिकायत दर्ज करने की सुविधा भी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई और एचडीएफसी बैंक ने मिलकर दो मोबाइल एप लांच किये हैं।

निगम क्षेत्र के सभी हितग्राहियों की सुविधाओं के लिए डीडीएन डिजिटल डोर नंबर साल्यूशन लांच किया गया है। इस एप से सभी हितग्राही टैक्स की बकाया राशि देखने के साथ ही भुगतान कर सकेंगे।

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर नागरिकों के हित में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल के द्वारा 2 मोबाईल ऐप लॉच किये गए। नगर निगम को संपत्तिकर, भू-भाटक, जलकर, निर्यात कर व अन्य करों का भुगतान इस मोबाईल ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। निगम क्षेत्र के सभी मकानों में डिजिटल क्यूआर कोड के साथ नेम प्लेट लगाए जा रहे हैं। इसे स्केन करनागरिक टैक्स की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। संबंधित व्यक्ति के मोबाईल में ओ.टी.पी. आएगा। इसके बाद भुगतान हो जाएगा। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है। दूसरे ऐप के माध्यम से किसी भी तरह की समस्या या शिकायत बताई जा सकती है। निगम अधिकारियों ने कहा कि 24 घंटे के अंदर शिकायतों का निदान किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि शुरूआत में 10 हजार मकानों तक डिजिटल नेम प्लेट लगाए जाएंगे। उसके बाद धीरे-धीरे सभी मकानों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। महापौर नीरज पाल ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में इस ऐप का लाभ उठाने की अपील की है।

ऐप लॉचिंग के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, वार्ड पार्षद मुकेश कुमार अग्रवाल, एचडीएफसी बैंक के अधिकारी युवराज देवांगन, शांतनु आचार्या, शिखर पाण्डेय, गोपाल पटेल, आर्ट आफ लिविंग के संस्था के भिलाई समन्वयक रमेश नायर, भारत विकास परिषद के सचिव जितेन्द्र सिंह, पी. राजू, प्रोग्रामर दीप्ती साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना उपस्थित रहे।

रचनावली का खंड एक के प्रकाशन पर विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

भिलाई/नवप्रदेश। साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा की रचनावली के खंड एक के प्रकाशन पर डॉ. रमनसिंह ने बधाई देते हुए चर्चा एवं आत्मीय पाठक लेखक मित्रों के बीच लोकार्पण समारोह में मौजूद रहने की स्वीकृति दी। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यात्राओं में जब भी अवकाश मिलता है तो वे डॉ. परदेशीराम वर्मा की कहानियां पढ़ते हैं। इनकी कहानियों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और आंतरिक विशेषताएं होती हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लगातार लेखन एवं श्रेष्ठ साहित्य सृजन-साधना के लिए वे बधाई के पात्र हैं। प्रकाशन रायपुर से प्रकाशित रचनावली के इस खण्ड में चुनिंदा कहानियां हैं। विधानसभा भवन के अध्यक्ष कक्ष में पुस्तक भेंट करने के अवसर पर साहित्यकार बद्रीप्रसाद पारकर, मुनीलाल निषाद, नीतीश कुमार व प्रदीप पारकर मौजूद रहे।

दीक्षांत समारोह में 35 छात्राओं को दी गई डिग्री

■ शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की अपडेटेड वेबसाइट का उद्घाटन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय दुर्ग के दीक्षांत समारोह में बीएससी नर्सिंग के 35 छात्राओं को डिग्री दी गई। महात्मा गांधी कला मंदिर, सेक्टर 6, सिविक सेंटर, भिलाई में आयोजित नर्सिंग छात्राओं के लैम्प लाईटिंग शपथ ग्रहण व ग्रेजुएशन समारोह में मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर उपस्थित रहे। इस अवसर पर वर्ष 2022-23 के पांचवे बैच की 15 और छठवें बैच की 20 छात्राओं को डिग्री मिली। संभागायुक्त ने महाविद्यालय की अपडेटेड वेबसाइट का भी उद्घाटन किया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ. तृप्ति नागरिया (अधिष्ठाता, चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग), डॉ. जयंती चंद्राकर (संयुक्त संचालक, चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय) और शैलजा अनिक (प्राचार्य, जुनवानी भिलाई) उपस्थित रहे। इस मौके पर संभागायुक्त ने कहा कि यह समारोह नर्सिंग के क्षेत्र में सेवा, समर्पण और मानवीयता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत करता है। चिकित्सा सेवा में ऐसा काम करना है, जिससे यह चिकित्सा सेवा प्रकाशित हो। नर्सिंग पेशा मानवता की सेवा करने का अवसर देता है। संभागायुक्त ने छात्राओं से आग्रह किया कि वे लैम्प लाईट की तरह चिकित्सा सेवा को जगमग करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमा राजेश प्राचार्या शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय दुर्ग ने की। बीएससी (नर्सिंग) में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। समारोह में नए बीएससी नर्सिंग छात्रों ने मोमबत्तियाँ जलाई, जो नर्सिंग पेशे में करुणा और समर्पण के मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक थी।

यूथ सिख सेवा समिति ने कराया सिख परिवार की एक और कन्या का विवाह

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। यूथ सिख सेवा समिति द्वारा सुपेला गुरुद्वारा साहिब में सिख परिवार की बेटी का विवाह कराया गया।

समिति के सभी सदस्यों ने विवाह में अपनी भागीदारी दी। बच्ची के विवाह में शामिल हुए सभी बारातियों के लिए भोजन, लावा फेरे और बच्ची के लिए सिलाई मशीन उपहार स्वरूप दिये गए। यूथ सिख सेवा समिति के 5 प्रमुख उद्देश्य हैं। इनमें सबसे पहला उद्देश्य सिख समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों की शादी के लिए साल में एक बार

गुरुद्वारा में सामूहिक विवाह का आयोजन करना है। समिति के पदाधिकारियों ने सिख परिवार की बेटी के विवाह के लिए तैयारियां की। यूथ सिख सेवा समिति की कोर कमेटी ने उन्हें बारातियों के भोजन, लावा फेरे और बच्ची के लिए सिलाई मशीन समिति की ओर से दिया गया। आशीर्वाद देने के लिए यूथ सिख सेवा समिति अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, सचिव विक्रम सिंह, सचिव जसबीर सिंह, सचिव तरलोचन सिंह, खेलकूद समिति से हरजिंदर सिंह, निशान सिंह, विवाह समिति सर्वजीत कौर, परमजीत कौर, कुलवंत कौर, सलविंदर कौर, रसपाल कौर, रानी कौर और संतोष कौर मौजूद रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्रीमती संतोषी मानिकपुरी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202502100400235/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती संतोषी मानिकपुरी आ./पति श्री हेमुदास मानिकपुरी निवासी पेण्डरी देवरी धमधा जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	770/14	0.0120 हें 1344 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्रीमती कुमुम मानिकपुरी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202502100400307/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती कुसुम मानिकपुरी आ./पति श्री संतोष दास मानिकपुरी निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	770/20	0.0140 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: बी.के. शुक्ला अन्य-2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202502100400296/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री बी.के. शुक्ला अन्य 02 आ. श्री आर.के. शुक्ला निवासी सुभाष नगर तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 40 तह. व जिला दुर्ग	768/626	0.0120 हें 1320 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: दिनेश भगत | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202502100400283/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री दिनेश भगत आ. श्री नंदलाल भगत निवासी रिसाली भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 51 तह. व जिला दुर्ग	535/11	0.0117 हें 1260 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: विजय कुमार भाटिया | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202502100400306/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री विजय कुमार भाटिया आ. श्री अशोक कुमार भाटिया निवासी नेहरुनगर ईस्ट भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	625/4 795/4	0.0730हें 7857.65 वर्गफीट	व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: मनीषा जीतेश पटेल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202502100400308/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मनीषा जीतेश पटेल आ./पति श्री जीतेश कुमार पटेल निवासी वैशाली नगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2584/140	0.0093 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: जीतेश कुमार पटेल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202502100400307/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री जीतेश कुमार पटेल आ. श्री कांतिलाल आर देसाई निवासी वैशाली नगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2584/141	0.0093 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका एम. त्रिवेणी पिता/पति एम. कामेश्वर राव निवासी केम्प-2 भिलाई तह. भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा एम. त्रिवेणी/ एम. कामेश्वर राव की जन्म 02.09.1985 को हो जाने पर जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका उमेश कुमार साहू पिता तिहारुराम साहू निवासी निकुम तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा खेदियाबाई/ बल्टु की जन्म/मृत्यु 16.06.2005 को हो जाने पर जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के. स्वामी पिता/पति के. कोडेय्या निवासी सेक्टर-4 भिलाई तह. भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा के. स्वामी की जन्म/मृत्यु 05.06.1971 को हो जाने पर जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नरेश कुमार बंजारे पिता फागूराम बंजारे निवासी सेक्टर-01 भिलाई तह. भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मथुराबाई/ चंदूलाल की जन्म/मृत्यु 17.06.2023 को हो जाने पर जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका फरीदा खातून पिता/पति नजरुत हक निवासी चन्द्रनगर कोहका तह. भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा फरीदा खातून/ नजरुत हक की जन्म/मृत्यु को हो जाने पर जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका तारकनाथ बनर्जी पिता/पति बी.एन बनर्जी निवासी हाउसिंग बोर्ड तह. भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा तारकनाथ बनर्जी की जन्म/मृत्यु 02.07.1980 को हो जाने पर जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के गणपति श्रीनिवास राव पिता स्व. के वेंकटेश्वर राव निवासी ढांचा भवन कुरुद तह. भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा के वेंकटलक्ष्मी/ के वेंकटेश्वर राव की मृत्यु 31.03.1993 को हो जाने पर जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका फेकन बाई पिता/पति मन्नूलाल साहू निवासी गुण्डरदेही तह. गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा फेकन बाई की जन्म/मृत्यु 13.08.1978 को हो जाने पर जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका समीर मोहम्मद पिता शेख मोहम्मद निवासी तकियापारा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा समीर मोहम्मद की जन्म/मृत्यु 04.08.1980 को हो जाने पर जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

भागवत साहू का इस्तीफा नामंजूर

राजनंदगांव/नव प्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैंज जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू का इस्तीफा नामंजूर कर लिया है। बैंज ने आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान टेड़ेसरा में उनके निवास पहुंचे वहां पहुंचकर उन्होंने चाय पर चर्चा की इसके बाद उन्होंने उनके पूर्व में दिए इस्तीफे पर स्पष्ट तौर से कहा कि आपका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जाता है। आप जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पद पर यथावत बने रहेंगे। ज्ञात हो कि साहू ने जिला पंचायत सदस्य चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस के ही बागी प्रत्याशी अंगेश्वर देशमुख के हाथों हार गए थे । उसके बाद साहू ने अपनी नैतिकता का परिचय देते हुए पद से त्यागपत्र दे दिया था। जिसमें उन्होंने देखा था कि पार्टी का प्राथमिक सदस्य बने रहेंगे। लेकिन पीसीसी चीफ बैंज ने दरियादिली दिखाते हुए उनका इस्तीफा अस्वीकार कर लिया है। इस पर श्री साहू ने कहा कि पार्टी आला कमान का जैसा आदेश होगा वैसा करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पूर्व शहर अध्यक्ष रमेश डाकलिया, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा आयोग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जीतू मुदलियार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता, पंकज बांधव, प्रदीप शर्मा, रमाकांत साहू, तुल दास साहू, डॉक्टर आफ्ताब आलम, लक्की चंद्राकर, गिरीश सोनवानी, मेहुल मारू, विभा साहू, महेंद्र यादव, वीरेंद्र बोरकर, गिरीश साहू मानव देशमुख, सुलोचना मारकंडे, राजेंद्र यादव, कपिल देवांगन, गुलशन बघेल आदि उपस्थित थे।

किसानों को मिलेंगे यूनिक पहचान नंबर, शासकीय योजनाओं का लाभ लेना होगा आसान

धमतर/नवप्रदेश। जिले के सभी कृषि भूमिधारक किसानों को आधार नंबर की तरह ही यूनिक पहचान नंबर मिलेंगे। केन्द्र सरकार की एग्री स्टैक परियोजना के तहत किसानों को यूनिक नंबर देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसानों को यूनिक पहचान नंबर मिल जाने से खेती-किसानी के लिए चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में बड़ी आसानी होगी। किसान ऐसे नंबर लेने के लिए अपने नजदीक के प्राथमिक सहकारी समिति या जिले के किसी भी चॉईस सेंटर या लोक सेवा केन्द्र पर सम्पर्क कर सकते हैं। किसानों को यूनिक पहचान नंबर प्राप्त करने के लिए अपनी कृषि भूमि के दस्तावेज जैसे-ऋण पुस्तिका, बी-1 के साथ आधार कार्ड की प्रति और आधार कार्ड से सम्बद्ध मोबाईल नंबर बताना होगा। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे अपनी यूनिक पहचान के लिए जल्द से जल्द लोकसेवा केन्द्र जाकर या नजदीकी सहकारी समिति में संबंधित पोर्टल पर जानकारी दर्ज कराकर पंजीयन करा लें और यूनिक पहचान मिलने के बाद प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना सहित खेती-किसानी के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का आसानी से फायदा लें।

पानी का समुचित प्रबंध सुनिश्चित कराने कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

बालोद/नवप्रददेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में गर्मी के मौसम में जिले के आम नागरिकों के लिए पानी की समुचित प्रबंध सुनिश्चित कराने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। जिससे कि गर्मी के मौसम में आम जनता को अपने आवश्यक कार्यों के लिए पानी की समस्या से जुझना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को ग्रीष्मकाल के दौरान पानी की कमी की समस्या वाले गांवों को चिन्हित कर उन स्थानों पर पेयजल एवं निस्तारी हेतु समुचित मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। श्री चन्द्रवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए कार्य योजना बनाकर समय रहते जरूरी उपाय करने को कहा। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री सुक्रांत साहू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में जिले के आम नागरिकों को पेयजल, निस्तारी आदि अति आवश्यक कार्यों के लिए पानी की प्रबंध करने में किसी प्रकार की कठिनाई नही होनी चाहिए।

पीएम किसान सम्मान निधि : जिले के एक लाख से ज्यादा किसानों को मिली 22 करोड़ 75 लाख की सहायता

धमतरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत् इस वर्ष धमतरी जिले के किसानों को 19 वीं किश्त जारी कर लाभान्वित किया गया है। धमतरी जिले के एक लाख एक हजार 107 किसानों के खातों में 22 करोड़ 75 लाख रूपये अंतरित किये गये है। इस राशि से किसान अपनी जरूरतों के अनुरूप खाद, बीज, दवाईयां सहित अन्य पारिवारिक जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय को दुगुना करने और उनको आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत् देश के प्रत्येक पात्र कृषक परिवार को प्रतिवर्ष 6 हजार रूपये सीधे उनके खाते में भेजकर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। यह राशि 4-4 महीने के अन्तराल में 2 हजार रूपये को तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। योजना के शुरूआत में इसका लाभ केवल छोटे और सीमांत किसानों के परिवारों मिलता था। इसमें वे किसान शामिल थे, जिनके पास 2 हेक्टेयर तक की संयुक्त भूमि थी। योजना में आवश्यक सुधार करते हुए सभी किसान परिवारों के लिए इसे लागू कर दिया गया।

आवेदन कैसे करें

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए किसानां को पीएम किसान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सबसे पहले pmkisan.gov.in पर जाएं, इसके बाद फ़ार्मर कॉर्नर में नये किसान पंजीयन का विकल्प चुनें, एक एप्लीकेशन फ़ॉर्म खुलेगा, इसमें ज़रूरी जानकारी भरें। फ़ार्मर कॉर्नर सेक्शन के तहत ईकेवाईसी विकल्प पर क्लिक करें। अपना आधार नंबर डालें और अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी की मदद से इसे वेरिफ़ाई करें। इसके बाद अपनी ज़मीन की जानकारी दर्ज करें, ज़मीन से जुड़े दस्तावेज़ अपलोड करें। अंत में कैप्चा कोड डालें और गेट ओटीपी पर जाकर सबमिट करें। किसान का आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो जाएगा। संस्थागत भूमि धारक, संवैधानिक पदों पर बैठे किसान परिवार, राज्य या केंद्र सरकार के सेवारत या रिटायर्ड अधिकारी और कर्मचारी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सरकारी स्वायत्त निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल सकता। इनके अलावा डॉक्टर, इंजीनियर और वकील जैसे प्रोफेशनल्स के साथ-साथ दस हजार रुपए से ज्यादा की मासिक पेंशन वाले रिटायर्ड पेंशनर्स और पिछले असेसमेंट ईयर में इनकम टैक्स भरने वालों को भी इस स्कीम से बाहर रखा गया है।

नवागढ़ में बूंद-बूंद पानी को तरसते लोग,टैंकर आते ही मच जाती है लूट

■ **नगर में गर्मी के पहले ही जल समस्या हुई विकराल**

नवागढ़/नवप्रदेश। ठंड का असर कम होते ही गर्मी ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। दिन में तेज धूप से लोग जहां परेशान हो जा रहे हैं, वैसे ही गर्मी शुरू होते ही चारो ओर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। नवागढ़ शहर में फरवरी माह में ही पानी की गम्भीर समस्या आन पड़ी है। गली मोहल्लों में सुबह से पानी के लिए यहां वहां बर्तन लेकर लोग पानी की तलाश में निकलना शुरू हो गए। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की समस्या सामने आ रही है। जहां जहां हैंडपंप या निजी बोर खराब पड़े हैं वहां लोग नगर पंचायत के टैंकर के भरोसे या लम्बी दूरी तय कर पानी लाने को मजबूर हैं।

अभी गर्मी की शुरुआती हुई है। इसी बीच बड़ी परेशानियां हो रही हैं। नवागढ़ शहर का लगभग 70 प्रतिशत एरिया लगभग ड्राई हो गया है, वहीं बचत क्षेत्र में भी अब जल संकट गहराने लगा है। वहीं 01 करोड़ 71 लाख की लागत की नवागढ़ आवर्धन जल प्रदाय योजना भी जल स्तर गिरने से ढप नजर आ रही है। हर घर मे लोगो को नल के द्वारा पीने का पानी मिल सके पर करोड़ो की इस योजना के बाद भी इस इलाके के लोग बूंद, बूंद पानी को तरस रहे है। तीनों टँकीयो में पानी नहीं भर पाने के चलते सप्लाई भी न के बराबर हो रही है। बहरहाल, अभी तो गर्मी पूरी तरह से आई भी नहीं है, ऐसे में लोगों को चिंता इस बात की है कि मई-जून के महीने में हालत क्या होगी। नवागढ़ नगर पंचायत बनने के 25 वर्ष बाद भी नवागढ़ में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। वर्तमान में निकाय के टैंकरों से अधिकांश हिस्सों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। नगर की आबादी करीब 10 हजार है। इसकी वजह से पानी की खपत भी ज्यादा है। नगर पंचायत केवल 4 टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति करा रहा है। मोहल्लों में टैंकर के इंतजार में घंटों पहले से लोग ड्रम, प्लास्टिक के पाइप, पानी के डिब्बे लेकर इंतजार करने लगते हैं और जैसे ही टैंकर आता है पहले पानी भरने के लिए मारामारी मच जाती है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में गर्मी के धान के मद्देनजर भारी मात्रा में ट्यूबवेल के उपयोग के चलते जल स्तर में आई भारी गिरावट के कारण गंभीर जल संकट की समस्या उत्पन्न हो गई है।

नदी का जल लाने की तैयारी

● "नगर का जल स्तर बहुत नीचे जा चुका है, भूमिगत जल से ज्यादा दिन पानी सप्लाई सम्भव नहीं है। नाबाड योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में शिवनाथ नदी से आई पाइप लाइन को नगर से जोड़ने की मांग की गई है।" *-बसंत कुमार लोन्हारे सीएमओ नगर पंचायत नवागढ़*

●"गर्मी में होने वाली जल समस्या लेकर पूर्व के नगर परिषद द्वारा कोई योजना नहीं बनाई गई थी, जिसके चलती आज भीषण जल समस्या से सभी नगरवासी जूझ रहे है। नगर के हर वार्ड से पानी की समस्या की शिकायतें मिल रही है। जल्द ही योजनाबद्ध तरीके से जल संकट को दूर करने प्रयास किया जाएगा। इसके लिए नगरवासियों के सहयोग की अपेक्षा है।" *-सिद्धांत चौहान नवनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पंचायत नवागढ़*

सहकारी समितियों में संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नोडल कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या रायपुर शाखा बलौदाबाजार में किया गया। कार्यशाला में सहकारी समितियों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जिसमें पैक्स कम्प्यूटरीकरण से संबंधित जानकारी एवं एन.सी.डी सी. के पदाधिकारी के द्वारा सहकारी समितियो को एनसीडीसी के माध्यम से फंडिंग पेर्टन की जानकारी एफपीओ का गठन सहकारी समितियों के उन्नयन हेतु दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया। इसके साथ ही एआईएफ, एएमआई, आरजीएम पीएमएफएचई, नेशनल लाइव स्टाक नेशन की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा किया। जिसमें पैक्स में सामान्य सेवा केन्द्र की भूमिका एवं विकास पर प्रभाव डाला गया। ग्रामीण स्तर पर आनलाईन सेवायें नागरिको को अधिकाधिक प्रदाय करने हेतु समिति प्रबंधको को जानकारी दी गई। कार्यशाला में समिति में नैनो यूरिया एवं डीएपी के उपयोगिता एवं महत्व को बताया तथा नैनो टेक्नालाजी के उपयोग कृषको को करने हेतु प्रेरित करने समिति प्रबंधको को निर्देशित किया गया साथ ही जिले में संचालित 5 विकासखंड के पैक्स समिति लाहोद, ओडान, हथबंद, बया, गोढी टी में ड्रोन के माध्यम से नैनों यूरिया नैनो डीएपी एवं दवाई छिडकाव का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता ने कार्यशाला में नवीन समिति के पंजीयन व पैक्स कम्प्यूटराईजेशन एव सहकारिता के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

पशु क्रूरता एवं पशु तस्करी पर पुलिस विभाग की प्रभावी कार्रवाई जारी

■ **गणेशपुर में पुलिस सहायता केंद्र प्रारम्भ, पशु क्रूरता के खिलाफ कार्रवाई हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने गुरुवार को पशु क्रूरता एवं पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता लेकर महत्वपूर्ण जनकारी साझा किये। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन बलौदाबाजार द्वारा पशु क्रूरता एवं पशु तस्करी के खिलाफ चरबद्ध कार्रवाई की जा राही है। इसमें सिमगा विकासखंड के ग्राम गणेशपुर, विश्रामपुर,झनकपुर एवं किरवई जहां पशु क्रूरता की शिकायतें ज्यादा थीं, लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले 5 वर्षो में कुल 19 मामले दर्ज किये गए हैं। अग्रवाल ने बताया कि ग्राम विश्रामपुर, गणेशपुर में स्थापित 4 हड्डी गोदामों क़ा कारोबार पुरी तरह से रोक दिया गया है। इसीतरह ग्राम किरवई में विगत 50 वर्षो से लगने वाले पशु मेले को सरपंच के प्रतिवेदन के आधार पर जनपद सीईओ द्वारा मवेशी बाजार का ठेका निरस्त कर दिया गया है।पशु क्रूरता में संलग्न आरोपी गणेशपुर निवासी ईलु मसीह के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गईं है। पशु क्रूरता एवं गौ तस्करी में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध वर्ष 2021 से अब तक कुल 19 प्रकरणों में 46 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई किया गया है।पशु क्रूरता पर प्रभावी कार्रवाई तथा सुरक्षा बढ़ाने हेतु ग्राम गणेशपुर में पुलिस सहायता केंद्र स्थापित कर दिया गया है। इसके साथ ही पशु क्रूरता के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर पशु क्रूरता एवं अवैध शराब पर प्रभावी कार्रवाई करेंगे।

चरम पर रही आस्था और भक्ति

धूमधाम से मनाया गया भगवान शिव और शक्ति के मिलन का पर्व महाशिवरात्रि

कुरूद/नवप्रदेश। नगर में बहुत ही धूमधाम के साथ भगवान शिव और शक्ति के मिलन का पर्व महाशिवरात्रि बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। शाम 6 बजे डीजे धमाल के साथ शिव पार्वती विवाह की मनमोहक झांकी भी निकाली गई जिसमें सैकड़ों शिवभक सम्मिलित हुए। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सुबह से ही सभी मंदिरों में भोले बाबा के भजनों की माला की महक ने वातावरण को शिवमय बना दिया। बड़ी संख्या में भक्तजन हर-हर महादेव की गूंज के साथ जलाभिषेक के लिए पहुंचे। इस दौरान आस्था और भक्ति चरम पर रही। सभी ने विधिविधान के साथ पूजन कर परिवार की खुशहाली और जनकल्याण की अर्जी लगाई। पूरा कुरूद नगर इस पर्व की खुशियों में शामिल होकर भोले बाबा के सम्मुख मनोकामना करते हुए इस उत्सव की खुशी में चार चांद लगा दिया। आज नगर के लगभग सभी शिवालयो में पर्व को लेकर उत्साह बना रहा। इसी तरह विभिन्न सेवा संगठनों द्वारा भंडारा और प्रसादी वितरण किया गया और भगवान भोले नाथ के प्रति अपनी भक्ति और आस्था का सूत्रपात किया।

मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से 18 शिक्षक सम्मानित

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के कुल 18 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर शिक्षादूत पुरस्कार से डौण्डी विकासण्ड के श्रीमती सुनीता लहरे, श्रीमती आशा साहू, श्री चुरामन सिंह भुआर्य, गुरूर विकासखण्ड के श्रीमती विमलारानी गंगबेर, श्री लालेश्वर सिन्हा, श्री रामनारायण सिन्हा, गुण्डरदेही विकासखण्ड से श्री मणी कुमार डहरिया, श्रीमती हेमपुष्पा देवांगन, श्री रविन्द्र कुमार चंद्राकर, बालोद विकासखण्ड से श्री हेमू राम नुरूटी, श्री मनोज कुमार ठाकुर, श्री लालरघुवीर सिंह ठाकुर, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड से श्रीमती प्रीतिबाला सोयाम, दीपक कुमार पटेल,रंजीता देवांगन को सम्मानित किया गया। इसी तरह जिला स्तर पर ज्ञानदीप पुरस्कार से गुण्डरदेही विकासखण्ड के शिक्षक श्री युवराज साहू, डौण्डी विकासखण्ड के श्रीमती शिल्पी राय एवं बालोद विकासखण्ड के श्रीमती शिल्पा साहू को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री पीसी मरकले सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

महिलाओं ने लोन लेने से लेकर फ्रॉड से बचने के तरीके सीखे

■ **बैंक अधिकारियों ने योजनाओं की भी दी जानकारी**

धमतर/नवप्रदेश। धमतरी जिले की महिलाओं ने आज अपने व्यवसाय के लिए लोन लेने से लेकर डिजिटल बैंकिंग में बरती जाने वाली सावधानियों के साथ फ्रॉड से बचने के तरीके भी सीखे। जिले की महिला उद्यमियों को यह सब जानकारियां जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के दौरान दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने जिले की महिलाओं को सायबर हाईजिन, बैंकों की विभिन्न कार्यप्रणालियों के साथ लेन-देन में होने वाले फ्रॉड आदि की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर की भी जानकारी दी। इस कार्यशाला में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबंधक श्री नवीन तिवारी सहित आरसेटी की संचालक सुश्री अनिता टुडू और जिला समन्वयक श्री अजीम हैदर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बैंकों की बचत योजनाओं के साथ बजट और निवेश के बारे में भी विस्तार से बताया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के बैंक लोकपाल सिस्टम की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बैंकों से किसी भी प्रकार की शिकायत होने या कोई बैंकिंग-सायबर फ्रॉड होने पर बैंक लोकपाल से शिकायत की जा सकती है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

वित्त मंत्री चौधरी ने पेश ...

जबकि देश में प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर 8.66 प्रतिशत है. इस तरह से राष्ट्रीय औसत की तुलना में प्रदेश में वृद्धि दर कहीं ज्यादा है।

मार्गों को बाधित करने ...

आवागमन के लिए हैं, निजी आयोजनों के लिए नहीं है। जन्मदिन, पार्टियां तथा अन्य कोई भी निजी कार्यक्रम सार्वजनिक सड़कों पर आयोजित करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी. उन्होंने ऐसे आयोजनों में शामिल वाहनों को जब्त करने और आयोजकों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिम्मेदार व्यक्तियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि यदि किसी क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा होती है तो संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय की जाएगी. उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस सम्बन्ध में सख्त निगरानी रखें. मुख्य सचिव ने कहा कि वे विशेष सतर्कता दल (विजिलेंस टीम) गठित करें, जो ऐसी घटनाओं पर नजर रखेंगे और तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश

अमिताभ जैन ने कहा कि सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय से कार्य करें और सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक मार्गों का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में न हो। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, रायपुर एवं बिलासपुर के पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर एवं बिलासपुर के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, परिवहन, नगरीय प्रशासन, विधि विभाग और जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

अवैध आयोजनों पर...

विभाग को विभिन्न प्रचार माध्यमों का उपयोग करते हुए आमजन को इस सम्बन्ध में जागरूक करने के निर्देश दिए।

सदन में गूंजा डिजिटल...

के लिए बचे हुए हैं उनके ख़िलाफ़ भी जल्द कार्रवाई होगी।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पूछा कि सायबर क्राइम को रोकने क्या विशेषज्ञता है? गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सायबर अपराध सिर्फ राज्य का विषय नहीं है. राज्य में नई सरकार बनने के बाद एक सायबर भवन का निर्माण किया गया. आधुनिक डिवाइस लाए गए हैं।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सवालों का क्रम जारी रखते हुए पूछा कि उपकरण जुटा लिए गए हैं ये अच्छी बात है, लेकिन उन उपकरणों को चलाने के एक्सपर्ट कितने हैं? सायबर थाना खोलने की घोषणा सदन में हुई थी क्या खुल गया? गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि पाँच संभाग रेंजों में थानों को सायबर थानों में अपग्रेड किया गया है. सभी थानों में सायबर सेल खोली जा रही है. पाँच एक्सपर्ट इंगेज करने की प्रक्रिया बढ़ाई है. एक्सपर्ट बाहर से नहीं आ सकते. जो मैनपावर हैं उससे ही चिन्हांकित किया जा रहा है. राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेनिंग दिलाई जा रही है। इंडियन सायबर क्राइम सेंटर से 129 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है।

'बेटी बचाओ-पढ़ाओ' योजना ...

गूँज पिछले 10 वर्षों से उन सभी महिलाओं की चीखों का उपहास उड़ा रही हैं जो भाजपा राज में और कभी-कभी भाजपा के गुंडों द्वारा प्रताड़ित हुई हैं। हाल ही में हुआ पुणे में सरकारी बस में एक महिला का रेप हो या मणिपुर व हाथरस की हमारी बेटियाँ हों या फ़िर महिला ओलिंपिक चैम्पियन हों- भाजपा राज में महिला सुरक्षा का नामोनिशान नहीं बचा है। हमने पिछले दिनों ही 'बेटी बचाओ÷ पर मोदी जी से तीन सवाल पूछे थे, जिसमें से एक सवाल आँकड़े छिपाने पर भी था, आज आरटीआई के ताज़े खुलासे से मोदी सरकार के झूठ की कलई एक बार फिर खुल गई है।

भारत और ईयू की स्वाभाविक ....

पूरा करने के लिए कहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ईयू के बीच साझेदारी को बढ़ाने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा, यह न केवल यूरोपीय आयोग की पहली भारत यात्रा है, बल्कि यह किसी देश में यूरोपीय आयोग की पहली ऐसी व्यापक भागीदारी भी है। यह यूरोपीय आयोग के नए कार्यकाल की शुरुआती यात्राओं में से एक है। मैं उन सभी का भारत में स्वागत करता हूं।

'विकसित भारत' के लिए 7.8% वृद्धि....

उत्पाद के वर्तमान 33.5 प्रतिशत से 40 प्रतिशत (दोनों वास्तविक शर्तों में) तक कुल निवेश बढ़ाया जाए, समग्र श्रम शक्ति भागीदारी को 56.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत से ऊपर किया जाए और समग्र उत्पादकता वृद्धि में तेज़ी लाई जाए।रिपोर्ट के सह-लेखक एमिलिया स्क्रोक और रंगीत घोष ने कहा, भारत मानव पूंजी में निवेश करके, अधिक और बेहतर नौकरियों के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण करके तथा 2047 तक महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर को 35.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करके अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठा सकता है।

लाल निशान पर बंद ...

अंक गिरकर 73,141.27 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी लगातार आठवें दिन गिरावट को जारी रखते हुए 420.35 अंक यानी 1.86 प्रतिशत फिसलकर 22,124.70 पर बंद हुआ। इस भारी गिरावट से बीएसई सेंसेक्स पिछले साल 27 सितंबर को 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड शिखर से अब तक 12,780.15 अंक यानी 14.86 प्रतिशत नीचे आ चुका है। वहीं एनएसई निफ्टी 27 सितंबर, 2024 को 26,277.35 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर से अब तक कुल 4,152.65 अंक यानी 15.80 प्रतिशत टूट चुका है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई जबकि इंडसइंड बैंक पांच प्रतिशत से अधिक नीचे रहा। इनके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, इंफोसिस, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, नेस्ले और मारुति भी प्रमुख रूप से पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल रहीं। सेंसेक्स की कंपनियों में से अकेले एचडीएफसी बैंक का शेयर ही बढ़त के साथ बंद हुआ।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भारी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

■ न्यूज गैलरी

बोर्ड परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि प्रथम मुख्य परीक्षा वर्ष 2025, 01 मार्च से 28 मार्च 2025 के मध्य आयोजित होगी। मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए डिप्टी कलेक्टर अरूण कुमार सोनकर को नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा हिमांशु भारतीय को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सांसद पांडे ने स्कूली बच्चों को दवा खिलाकर फाइलेरिया मुक्त अभियान का किया शुभारंभ

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर सहित जिले मे सांसद संतोष पांडे ने स्थानीय कन्या शाला में फाइलेरिया मुक्ति अभियान की शुरुआत स्कूली बच्चों को दवा खिलाकर की। कार्यक्रम मे कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा सहित अधिकारी उपस्थित रहें। सांसद पांडे और कलेक्टर वर्मा ने भी फाइलेरिया की खुराक ली। इस दौरान सांसद संतोष पांडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाथी पांव जैसी बीमारी के गंभीर परिणाम से अवगत कराते स्कूली बच्चों को फाइलेरिया की दवाई लेने के लिए प्रेरित किया। जनसमुदाय से भी फाईलेरिया की दवा लेने की अपील की। कलेक्टर वर्मा ने भी हाथी पांव जैसी गंभीर बीमारी के खात्मे के लिए फाईलेरिया की दवाई का सेवन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए जा रहे दिशा—निर्देशों व हिदायतों को ध्यान में रखते हुए दवा की खुराक ले। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया यानी हाथी पांव की बीमारी मच्छर के काटने से होती है। इस बीमारी का इलाज नहीं है। केवल दवा सेवन से ही इसे रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में चलेगा। पहले चरण में 27 फरवरी से 2 मार्च तक बूथ स्तर पर दवा वितरण होगा। दूसरे चरण में 3 से 10 मार्च तक घर-घर जाकर दवा दी जाएगी। तीसरे चरण में 11 से 13 मार्च तक मापअप राउंड होगा।

आईटीबीपी जवानों ने ग्रामीणों संग कैम्प में मनाया महाशिवरात्रि पर्व

नशामुक्ति कार्यक्रम में नशा न करने का दिया संदेश

खैरागढ़/नवप्रदेश। वनांचल ग्राम कटेमा मे तैनात 40वीं वाहिनी आईटीबीपी कटेमा कैम्प में पहली बार ग्रामीणों संग महाशिवरात्रि त्यौहार का आयोजन किया गया । बाबा भोलेनाथ के जयकारों के बीच कटेमा कैम्प में हिमवीरों ने ग्राम कटेमा वासियों के साथ मिलकर कैम्प परिसर के मंदिर में भजन कीर्तन किया । कई दशकों से नक्सली गतिविधियों से त्रस्त लोगों में आईटीबीपी कैम्प गाँव के नज़दीक खुलने से अब खुशहाली का महौल है । पिछ्ले एक वर्ष से ग्रामीण कटेमा के इलाके में निर्भीक होकर जीवन यापन कर रहे हैं तथा आई टी बी पी के जवानों के साथ मिलकर भारत सरकार द्वारा जनहित में चलाये जा रहे अनेक कार्यक्रमों स्वच्छ भारत अभियान, नशा मुक्ति अभियान, पर्यावरण संरक्षण अभियान तथा संक्रमित बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूकता अभियानों में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं । आई टी बी पी

कैम्प खुलने से नक्सलियों के इलाके में आवागमन में रोक के साथ-साथ विकास कार्यों को गति मिली है । ग्रामीणों ने बताया कि उनकी गाँव में बिजली आपूर्ति की चिर-परिचित मांग शीघ्र ही पूर्ण होने की संभावना है कटेमा से महाराष्ट्र के गाँव मुरकुडो-1 तक सडक़ निर्माण कार्य भी शुरु होने वाला है ये कल्याणकारी कार्यक्रम आईटीबीपी कैम्प खुलने के कारण ही सम्भव हो पाया है । महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 40वीं वाहिनी के कमांडेंट अनंत नारायण दत्ता के कुशल निर्देशन एवं कैम्प कमांडर भट्ट के नेतृत्व में कैम्प में एकत्रित लच्छना पंचायत के ग्राम कटेमा व लच्छनाटोला के 100 ग्रामवासियों को शराब, महुआ, भांग, चरस, तंबाकू, गुटखा इत्यादि तमाम नशीली वस्तुओं के सेवन से परहेज करने की सलाह दी । नशीली वस्तुओं से होने वाले तन तथा धन के नुकसान के बारे मे विस्तार से बताया । अत्यधिक नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें उचित परामर्श देने हेतु नशा मुक्ति परामर्श केंद्र से संपर्क कर नशे से हमेशा के लिये छुटकारा पाने की सलाह दी गयी । इस अवसर पर ग्राम सरपंच कमलेश वर्मा, जन प्रतिनिधि, ग्रामीण, निरीक्षक मंटू कुमार, मंगल उरांव, उप-निरीक्षक यशपाल, सुरेश, रूप सिंह, मुख्तियार सिंह, राजेन्द्र, हेड कॉन्स्टेबल धर्मेन्द्र भदौरिया, नीतेश ओझा, संजय, गिरीश, राकेश सहित समस्त हिमवीर उपस्थित थे ।

धर्मांतरण पर सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए : दीपक सिंह ठाकुर

जोधापुर वार्ड में हुआ पांच दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी शहर के जोधापुर वार्ड में वार्डवासियों द्वारा पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया जिसमें आयोजन समिति के अथक प्रयास से वार्ड के दो परिवारों का सनातन धर्म में घर वापसी हुई ।

दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि जोधापुर वार्डवासियों और इस वार्ड के जागरूक युवाओं के अथक प्रयास से शिवमहापुराण के दौरान सनातन धर्म के पथ से भटके परिवारों की घर वापसी हुई साथ आयोजन समिति ने पूरे समाज में एक उदाहरण पेश जिसमें अंतिम दिवस एक पंगत एक संगत का उदाहरण पेश किया गया जिसमें पूरे वार्ड के सभी समाज के लोग जैसे साहू समाज, देवांगन समाज, महार समाज, सतनाम समाज, यादव समाज, चंद्राकार समाज ,आदिवासी समाज के लोग एक साथ बैठ भोजन प्रसाद प्राप्त किए ।सनातन धर्म में समाज और लोगों को सुकून है, दीपक सिंह ठाकुर ने कहा, छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण एक बहुत बड़ी सांस्कृतिक समस्या है. खासकर जनजातीय क्षेत्र धर्मांतरण के

लिए अतिसंवेदशील हो गया है साथ ही साथ शहरी क्षेत्रों में अब ये कार्य धड़ल्ले से चल रहा है, कुछ लोग और संस्था भोले-भाले लोगो और समाज को भ्रमित कर मतांतरित करा रहे हैं. ये संस्था धर्म परिवर्तन के लिए प्रोजेक्ट चला रहे हैं. गरीब लोग मतांतरित होकर अपने मूल संस्कृति को छोड़ रहे हैं. उन्हें असभ्य और सनातन धर्म विरोधी बनाया जा रहा है, जो समाज और देश के लिए खतरनाक है.

सिंह ने कहा, आज समाज की पहचान पर भी संकट आ गया है. कई गांवों में मूल संस्कृति के साथ जी रहे लोगों और मतांतरित वर्ग में तनाव देखने को मिल रहे हैं. छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों में पिछ्ले वर्ष कई घटनाएं भी हुई थी. छत्तीसगढ़ शांति का टापू कहा जाता था, लेकिन कुछ संस्थाओं द्वारा धर्मान्तरण के माध्यम से परिवार और समाज को तोड़ा जा रहा है. घर वापसी का जो सुकून है वो जो आज इस शिव महापुराण के माध्यम से घर वापसी करने वाले परिवारों को मिल रहा है ।

दीपक सिंह ठाकुर ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के धार्मिक और सांस्कृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए सरकार को धर्मांतरण रोकथाम और घर वापसी अभियान को भी प्रोत्साहित करना चाहिए । धर्मांतरण के विरुद्ध सरकार को कठोर नीति अपना अपने पथ से भटक हुए लोगों को समाज की उनकी मूल पहचान से जोड़ना चाहिए । हिंदू जागरण मंच छग प्रांतः सनातन उत्थान सेवा समिति धमतरी के तत्वावधान में सनातन धर्म को बचाने और धर्मांतरण रोकने का कार्य किया गया।

धर्म नगरी धमतरी के सोरिद में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों की भिड़ में भक्त कथा सुनने आए थे, कथा 21/2/25 से प्रारंभ हुआ जो 27/2/25 तक चला, कथा सोरिद स्कूल के सामने आयोजित किया गया था, इस कथा में पंच परिवर्तन का भी विषय समाज तक पहुंचाया गया, इस कथा से प्रभावित होकर जो परिवार धर्मांतरित हो गए थे (साहू एवं आदिवासी परिवार) का पुनः घर वापसी हुआ, 27/2/25 को विशाल महा भंडारा का आयोजन किया गया था प्रसादी पाने के लिए 8 समाज के लोग एक साथ एक पंगत में बैठकर प्रसाद पाए जिससे समाजिक समरसता का भाव दिखा।

राजीव लोचन साहू बने धोबनी के सरपंच, ग्रामीणों का जताया आभार

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत धोबनी में हुए सरपंच चुनाव में राजीव लोचन साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हरिहर साहू को 468 वोटों से हराकर सरपंच पद पर कब्जा किया। कुल 1405 में से राजीव लोचन साहू को 926 वोट व हरिहर साहू को 458 तथा 21 वोट रिजेक्ट हुआ।

जीत के बाद उन्होंने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए गांव के विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प लिया। उनकी जीत के उपलक्ष्य में गांव में जश्न का माहौल बना रहा ।योगेश्वर साहू, लोचन साहू, हरीश साहू,पुरुषोत्तम,भनेशर, भूपेंद्र साहू, भुवनेश्वर, अरुण मानिकपुरी, अशोक मानिकपुरी एवम नवनिर्वाचित पंचो के साथ समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला और मिठाइयां बांटी। साथ ही, आतिशबाजी की गई और रंग-गुलाल लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। राजीव लोचन साहू ने कहा कि यह जीत पूरे गांव की है। मैं सभी को साथ लेकर गांव को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करूंगा। हमारा उद्देश्य गांव को सड़क, पानी, शिक्षा और 'स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से सशक्त बनाना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल आपूर्ति, अच्छी सड़कों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सरपंच और पंच 3 मार्च को करेंगे पदभार ग्रहण

जनपद में चार, जिला पंचायत मे 5 मार्च को अध्यक्ष उपाध्यक्ष का निर्वाचन

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे पंचायत चुनाव मे जीत के बाद अब पदभार ग्रहण करने की तिथि स्पष्ट होने से इसकी तैयारी शुरू हो गई है । जिले के ग्राम पंचायतों मे 3 मार्च को पहली बैठक के साथ पंचायतो मे नए सरपंच और पंचो का कार्यकाल विधिवत शुरू हो जाएगा । इसी तरह जनपद पंचायत मे 4 मार्च को पहली बैठक मे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का विधिवत निर्वाचन किया जाएगा । जिला पंचायत मे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन 5 मार्च को संपन्न होगा । पंचायत संचालनालय से जारी आदेश के बाद इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है । गूरूवार को पंचायत के नए निर्वाचित सरपंच और वार्ड पंचो को पंचायत सचिवो द्वारा विधिवत सूचना भेजी गई है । जनपद और जिला पंचायत के पहली बैठक के लिए जनपद एवं जिला पंचायत स्तर पर नवनिर्वाचित सदस्यों को सूचना भेज दी गई है ।

पंचायतों मे उपसरपंच का निर्वाचन 8 को : ग्राम पंचायतों मे 3 मार्च को आयोजित पहली बैठक मे सरपंच सहित पंचो को पदभार ग्रहण कराया जाएगा । पहली बैठक से नए सरपंच अपने पंचायतों का चार्ज लेंगे । पंचायती राज व्यवस्था के तहत नए सरपंच 3 मार्च से पंचायत का नए सिरे से संचालन शुरू कर देंगे । इसी दिन पंचायतों मे उपसरपंच चुनाव कराए जाने की सूचना दी जाएगी । पंचायत स्तर पर होने वाले उपसरपंच निर्वाचन के लिए भी 8 मार्च की तिथि तय की गई है । 8 मार्च को सभी पंचायतों मे उपसरपंच का निर्वाचन किया जाएगा । जिला जनपद मे अध्यक्ष उपाध्यक्ष निर्वाचन, पहला सम्मेलन बाद मे जनपद पंचायत स्तर पर 4 मार्च को होने वाली बैठक मे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा । इसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी सदस्यो को जनपद के प्रथम सम्मेलन यानी कार्यभार ग्रहण कर नए जनपद पंचायत के कार्यकाल का विधिवत शुभारंभ 7 मार्च को बैठक बुलाकर किया जाएगा । इसकी सूचना अध्यक्ष उपाध्यक्ष निर्वाचन के दिन ही सभी सदस्यों को दी जाएगी । इसी तरह जिला पंचायत मे अध्यक्ष उपाध्यक्ष के निर्वाचन के बाद जिला पंचायत की पहली बैठक और सम्मेलन 10 मार्च की तिथि तय की गई है।

जोधापुर स्कूल के बरगद झाड़ में रात को लगी आग

पूर्व पार्षद की सक्रियता एवं वार्डवासियों की सूझबूझ से पाया गया आग पर काबू

धमतरी /नवप्रदेश। डाकबंगला वार्ड में शासकीय पीजी कालेज मार्ग पर जोधापुर स्कूल स्थित बरगद झाड़ में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी । धुंआ उठता देख आस पास के लोगो ने रात नौ बजे इसकी सूचना पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम को दी । सूचना पाकर श्री मेश्राम तत्काल स्कूल पहुंचे और फायर बिग्रेड को सूचना दी । देर न करते हुए फायर बिग्रेड की टीम आग जनी स्थल पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । जिससे गंभीर हादसा टल गया । गौरतलब है की जोधापूर स्कूल विगत 40 वर्षो से अधिक हो गए संचालित है जहां स्कूल के

महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित पुराने दाखिला खारिज के रिकार्ड कक्ष में मौजूद है जो जलने से बच गए ।

वार्ड वासियों ने पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम एवम फायर बिग्रेड की टीम का धन्यवाद किया जिनकी सक्रियता से वार्ड में बड़ा हादसा टला ।

गरियाबंद महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया न्यू दिल्ली के सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अंतर्गत महाविद्यालय में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के बायोटेक्नोलॉजी विभाग से डॉ.अफाक कुरैशी द्वारा क्रिस्पर केस 9 विषय पर व्याख्यान दिया गया । यह एक प्रकार का जीन एडिटिंग टूल है जिसका विस्तृत विवरण दिया गया। कार्यक्रम द्वितीय सत्र में श्री सुनील कुमार यादव द्वारा न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंगपर व्याख्यान दिया गया

साथ ही अध्यात्म से विज्ञान को जोड़ते हुए विभिन्न वैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा किया गया । थीम आधारित रंगोली प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

कार्यक्रम के समापन समारोह में सभी विधाओं में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में विज्ञान के प्रति जागरूकता लाना साथ विज्ञान के क्षेत्र में अविष्कार को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ आर के तलवारे, सी एल तारक, डॉ. जी एस दास, डॉ. खुशी देवांगन ,डॉ पूजा सिंह, डॉ दीपक, सुश्री करिश्मा, भागीरथ कुमार ,उषा साहू , भंवर सिंह साहू , डॉ सत्यम कुंभकार (संयोजक), भुनेश्वर कुर्रे (सह संयोजक) समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमानंद महिलांग द्वारा किया गया।

हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा आज से

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025, 01 मार्च से व हाई स्कूल परीक्षा 3 मार्च से शुरू हो रहा है। मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 में परीक्षार्थीयों द्वारा गलत साधनों के उपयोग पर अंकुश लगाने, निरीक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनानें एवं परीक्षा का सफल आयोजन हेतु जिला, अनुविभाग एवं विकासखण्ड स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय,हायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय कुर्रे, साक्षर भारत कार्यक्रम आर.सोमेश्वर राव,जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, सीएसआर आशा शुक्ला, नायब तहसीलदार निशा वर्मा, सहायक संचालक बी आर पटेल, के. के. गुप्ता व्याख्याता एल बी राधा ध्रुव एवं शिक्षक एल बी गीतांजलि ठाकुर शामिल हैं। अनुभाग स्तरीय दल में तहसीलदार सहित 5 सदस्य एवं विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित 5 सदस्य शामिल हैं।

नवापारा में दर्दनाक सड़क हादसा, बाइक सवार युवक की मौत

बारात से लौट रहा था घर

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार नवापारा से लगे ग्राम कुर्रा में स्थित पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने खून से लथपथ युवक को नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान इंदल कुमार साहू के रूप में की गई। वह फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम दर्रीपार का रहने वाला था। बताया गया कि 26 फरवरी को इंदल साहू अपने बाइक से ग्राम हसदा बारात में शामिल होने गया था। रात करीब 7.30 बजे वापिस घर लौट रहा था। वह ग्राम कुर्रा के पारख पेट्रोल पंप के पास पहुंचा कि उनकी बाइक तेज रफ्तार व लापरवाही चलाने से अनियंत्रित गिर गया। इंदल के सिर पर गंभीर चोट लगी और खून से लथपथ सड़क पर बेहोश होकर गर गया।

डायल 112 की टीम उसे नवापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, तो डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस ने परिजनों को दी। गुरुवार को सुबह परिजनों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

राजीम कुंभ में नृत्यांगना उपासना के नृत्य ने दर्शकों को किया भावविभोर

दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी और गुणीजनों का खूब आशीर्वाद व प्यार समेटा

धमतरी/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर राजीव कुंभ कल्प के प्रमुख मंच पर धमतरी की राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक नृत्यांगना पं राम मोहन महाराज एवं डॉ.रुचि खरे की शिष्या उपासना भास्कर एवं प्रख्यात तबला वादक व गुरु पंडित मनु राज पचौरी ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जन समूह को भाव विभोर कर दिया ।

सुश्री भास्कर ने राजिम कुंभ के मुख्य मंच पर अपनी सधी हुई प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी और गुणीजनों का खूब आशीर्वाद व प्यार समेटा । उन्होंने अपने नृत्य का आरंभ कैलाश महीधर वासी महेश नामक शिव स्तुति से किया,जिसे संगीतबद्ध किया है उनके दादा गुरु पंडित विवेक देशमुख ने। इसके बाद कुछ ऑब्जरवेशन की तिहाईयों ने तालियों की बरसात करवा दी। जिसमें बिल्ली के हाव-भाव को प्रस्तुत करती हुई एक तिहाई और गिलहरी की चाल पर प्रस्तुत की गई एक तिहाई ने दर्शकों को वाह-वाह करने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद उन्होंने महाराजा चक्रधर की रचना दल बादल परण का पेश किया जिससे मंच पर ही मानसून का माहौल जीवंत हो उठा कि बादल घिरने पर किस तरह मोर नाचता है बारिश की बूँदे जब धरती पर पड़ती है तो कैसी आवाज होती है बिजली की चमक और बादलों का गर्जन उन्होंने इस परण के माध्यम से मंच पर जीवंत कर दिया और दर्शकों को तालियां बजाने मजबूर कर दिया।अपने नृत्य का समापन उन्होंने पंडित विवेक देशमुख द्वारा रचित गंगा अवतरण से किया। जिसमें भागीरथी ऋषि द्वारा पृथ्वी पर गंगा जी किस तरह लाई गई और शिव जी ने किस तरह गंगा जी को अपनी जटाओं में समेट लिया इसकी प्रस्तुति नृत्य व संगीत के माध्यम से उन्होंने दी। उनकी इस गंगावतरण की प्रस्तुति को विशेष

रूप से लोगों ने सराहा । उनकी करीब 25 मिनट के प्रस्तुति में उपस्थित हजारों दर्शक लगातार तालियों से उनका और साथी कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। लोगों ने उनकी परफॉर्मेंस का भरपूर आनंद उठाया उनके साथ तबले पर उनके गुरु पंडित मनु राज पचौरी ने बेहतरीन तबला संगत से उनके नृत्य में चार चांद लगा दिए । वही गायन का ज़िम्मा उठाया खिलेंद्र साहू के कंधों पर था। उपस्थित श्रोताओं ने कथक में खिलेंद्र के गायन को काफी पसंद किया और बीच-बीच में तालियों से उनका खूब उत्साह वर्धन किया। इसी तरह सितार पर साथ दे रहे श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र साहू ने भी खूब तालियां बटोरी। सुश्री भास्कर की इस प्रस्तुति को वहाँ मौजूदा हजारों दर्शकों के अलावा यूट्यूब पर भी 16000 से अधिक दर्शकों ने देख कर अपना प्यार दिया कार्यक्रम पश्चात एसडीम विशाल महाराणा व संयुक्त कलेक्टर ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि सुश्री उपासना भास्कर पूरे भारत भर में अपने नृत्य का प्रदर्शन कर दर्शकों गुणीजनों व गुरुओं की वाहवाही और आशीर्वाद बटोर रही है। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ की ओर से भारत के सुदूर राज्य सिक्किम की राजधानी गंगटोक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सात अन्य कत्थक नृत्यांगनाओं के साथ समूह कथक नृत्य पेश किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पावस प्रसंग एवं रायगढ़ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के चक्रधर संगीत समारोह में भी वह नामचीन कलाकारों के बीच अपने कथक नृत्य का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उनके नाम कई सम्मान और अवार्ड्स भी है। इसके अलावा वे दूरदर्शन ऑफइंडिया की ग्रेडेड आर्टिस्ट भी हैं।

समय-सीमा बैठक : कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अभी हाल में ही जिले में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन के कार्य के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा, प्रतिबद्धता एवं ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का संपादन किया है। जिसके फलस्वरूप जिले में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन का कार्य स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से तथा निर्विघ्न रूप से संपन्न हो पाया है। चन्द्रवाल ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन के दौरान जिले के अधिकारी-कर्मचारियों ने जिस तरह से पूरी निष्ठा, लगन एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। उसी तरह पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में जिले को अग्रणी बनाने में महती भूमिका निभाने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने 01 मार्च से शुरू हो रहे छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में बोर्ड परीक्षाओं को सफलतापूर्वक एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने, नकल आदि के प्रकरण पर रोकथाम सुनिश्चित कराने हेतु उड़नदस्ता दलों के गठन तथा बच्चों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रखने हेतु संदेश प्रसारित करने के कार्य आदि सभी तैयारियों की बारी-बारी से समीक्षा की। इसके साथ ही कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने 17 मार्च से प्रारंभ हो रहे कक्षा 5वीं एवं 8वीं के बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं के बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने जिले में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी परिषद बालोद से नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मिलन के आयोजन की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मिलन के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव के कार्य की जानकारी लेते हुए समय पर धान उठाव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं एवं जिला खाद्य अधिकारी को जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को गर्मी के मौसम में होने वाले मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए भी पुख्ता उपाय करने को कहा।

न्यूज गैलरी

स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी भरेगी डेढ़ लाख का उपचार व्यय

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में आवेदक को स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 1 लाख 60 हज़ार रु का उपचार व्यय एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10 हज़ार रु की क्षतिपूर्ति दिए जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं कि जगदलपुर निवासी अधिवक्ता अनिल तिवारी द्वारा स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से वर्ष 2022 में स्वयं का स्वास्थ्य बीमा करवाया गया था। आवेदक को हृदय रोग की बीमारी से पीड़ित होने के कारण चिकित्सा हेतु वर्ष 2022 में संजीवनी हार्ट सेंटर नासिक में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। जहां पर आवेदक के उपचार में लगभग 1 लाख 70 हज़ार रु रुपए का व्यय हुआ था। आवेदक द्वारा बीमा कंपनी के स्थानीय एजेंट के माध्यम से निर्धारित प्रोफार्मे में बीमा कंपनी के समक्ष बीमा दावा प्रस्तुत किया गया था। जिस पर बीमा कंपनी द्वारा कुछ चिकित्सकीय परीक्षण बहिष्करण की श्रेणी में आने के कारण बीमा दावा देने से इनकार कर दिया था। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने न्याय दृष्टांत को उद्धृत करते हुए माना है कि ऐसा लगता है कि बीमा कंपनियां केवल प्रीमियम अर्जित करने में रुचि रखती हैं और अपनी देनदारी के निर्वहन से बचती हुई पाई जाती है। बीमा कंपनियां समझौते के खंडों पर भरोसा करती हैं और आमतौर पर पॉलिसी प्राप्त करते समय एक व्यक्ति को बिंदीदार रेखाओं पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर करती है। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बीमा कंपनी के उक्त कृत्य को सेवा में कमी एवं व्यवसायिक कदाचरण मानते हुए आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10 हज़ार रु की क्षतिपूर्ति दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है।

विधानसभा में जर्जर सड़कों के जल्द निर्माण की बात सदन में रखी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना पर भावना बोहरा के विधानसभा में सवाल

■ विधायक ने ग्राम सड़क योजना, स्वास्थ्य सुविधाओं और 15वें वित्त आयोग से जुड़े प्रमुख विषयों पर विधानसभा में उठाया प्रश्न

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के चौथे दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों के संबंध में प्रश्न किया इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना और 15वें वित्त आयोग की राशि के आवंटन एवं व्यय तथा प्रदेश में स्थित शासकीय अस्पतालों में गंभीर रोगों के उपचार हेतु सुविधाओं के बारे में प्रश्न किया। भावना बोहरा ने प्रश्न करते हुए पूछा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कौन-कौन सी और कितनी सड़कें आती हैं और उनकी कुल लंबाई कितनी है ? वर्ष 2024-25 में दिनांक 31.01.2025 तक इनमें से कितनी सड़कों हेतु टेंडर जारी किया गया है ? टेंडर जारी करने के पश्चात कितने सड़कों का कार्य पूर्ण किया गया है एवं कितनी सड़कों का निर्माण जारी है और शेष सड़कों हेतु कब तक टेंडर जारी किए जाएंगे? जिसके प्रतिउत्तर में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत पंडरिया विधानसभा अंतर्गत कुल 50 सड़कों जिसकी लम्बाई 140.35 किलोमीटर है उनका निर्माण कार्य किया गया है, जिसमें वर्ष 2024-25 में दिनांक 31 जनवरी 2025 तक उक्त सड़कों में से 04 सड़कों हेतु टेंडर जारी किया गया है। टेंडर जारी करने के पश्चात पूर्ण कार्यों की संख्या निरंक है एवं 04 सड़कों नवापारा ठाठापुर से मोहभट्ठा, मोहभट्ठा से भिखमपुर, रगरा से गौरमाटी एवं कपरीकला के बाजार चौक से ग्राम पंचायत अमलडीहा तक का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पंडरिया विधानसभा अंतर्गत लगभग 50 सड़कें आती हैं जिसमें से 37 सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर है और पंडरिया विधानसभा की लगभग सभी सड़कों की यही स्थिति है। पिछले एक वर्ष में इन सड़कों की मरम्मत के लिए 4 बार विभागीय प्रस्ताव आ चुका है लेकिन 37 में केवल 4 सड़कों को जनवरी माह के अंत में स्वीकृति मिली है और बाकी सड़कों को की स्वीकृति कब मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने कुम्ही से कोल्हारी कांपा सड़क निर्माण के संबंध में भी उन्होंने प्रश्न किया और पंडरिया विधानसभा में जर्जर सड़कों के जल्द निर्माण के लिए उन्होंने सदन में अपनी बात रखी। भावना बोहरा ने पूछा कि 15वां वित्त आयोग कब से कब तक प्रभावशील है? वित्त आयोग की अनुशंसा में 1 अप्रेल, 2020 तक से 31 जनवरी 2025 तक कितनी राशि कबीरधाम जिले में पंचायतों को किस आधार पर प्राप्त हुई? पंचायत वित्त आयोग से प्राप्त राशि का उपयोग किस आधार पर करती है ? क्या पंचायत हेतु वार्षिक तौर पर राशि की कोई सीमा तय की गई है? जिसके प्रतिउत्तर में लिखित जवाब देते हुए गृह मंत्री जी ने बताया कि 15वां वित्त आयोग दिनांक 01 अप्रैल 2020 से दिनांक 31 मार्च 2026 तक प्रभावशील है। दिनांक 01 अप्रैल 2020 से दिनांक 31 जनवरी 2025 तक राशि रू. 207,12,71,976.00 कबीरधाम जिले को जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार उनकी ग्रामीण जनसंख्या व क्षेत्रफल के अनुपात में प्राप्त हुई है। पंचायते 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि का उपयोग शासन के निर्देशानुसार जिला स्तर पर जिला पंचायत विकास योजना (डीपीडीपी), जनपद पंचायत स्तर पर जनपद पंचायत विकास योजना (बीपीडीपी) का निर्माण कर सामान्य सभा से अनुमोदन पश्चात तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) का निर्माण कर ग्राम सभा से अनुमोदन पश्चात उपयोग किया जा रहा है और पंचायत हेतु वार्षिक तौर पर राशि की कोई सीमा तय की नहीं की गई है।

संकरा में वित्तीय समझदारी-समृद्ध नारी साक्षरता सप्ताह मनाया गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। अग्रणी बैंक गरियाबंद के तत्वाधान में गरियाबंद जिले में वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 (आरबीआई) शिविर सुरभि संकुल संगठन ग्राम संकरा में किया गया। जिसमें महिलाओं समूहों को बचत बजट, विभिन्न सेवाओं, योजनाओं, सामान्य बैंकिंग, एटीएम का इस्तेमाल, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, जनधन, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति, सचेत पोर्टल, विविधीकरण, डिजिटल धोखाधड़ी एवम बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 14448 आरबीआई लोकपाल के बारे में बताया गया। 'साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया गया। इस दौरान जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड पंकज सोनटके ,अग्रणी बैंक प्रबंधक मो. मोफिज, कार्यपालन अधिकारी आदिवासी स्वरोजगार अंत्योदय स्वरोजगार रश्मि गुप्ता, शाखा प्रबंधक छ. ग़ .राज्य ग्रामीण बैंक गरियाबंद दीपक टांडेकर शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैंक पाण्डुका देवकुमार वर्मा, एफएलसी प्रेमलाल साहू ,क्षेत्रीय समन्वयक झरना साहू एवं महिला समूह उपस्थित थे।

यात्री बसों की हो रही सघन जांच

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला परिवहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर एवं उनकी टीम के द्वारा जिले में संचालित यात्री बसों की लगातार जांच की जा रही है। विशेषकर कंडक्टर लाईसेंस एवं वर्दी को देखा जा रहा है। विगत कुछ महिनों से चल रहे मेला उत्सव एवं त्योहारों के चलते बसों में सवारियों की ओव्हर लोडिंग एवं मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने के प्रकरण आये दिन देखने में आ रहे थे। जिसके चलते यह कार्यवाही की जा रही हैं।

जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु अधिकारियों की नियुक्ति

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत (उप सरपंच, अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 के नियम 6 के तहत महासमुंद जिले की जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। प्रभारी कलेक्टर सच्चिदानंद आलोक द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले की सभी जनपद पंचायतों में नामित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्वाचन 4 मार्च 2025 को प्रातः 11:00 बजे से संबंधित जनपद पंचायतों के सभाकक्ष में आयोजित होगा। नियुक्त अधिकारियों की सूची निम्नानुसार है जिसमें जनपद पंचायत महासमुंद में पीठासीन अधिकारी हरिशंकर पैकरा (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व), सहायक पीठासीन अधिकारी कृष्ण कुमार साहू (तहसीलदार), जनपद पंचायत बागबाहरा में पीठासीन अधिकारी उमेश कुमार साहू (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी जुगल किशोर पटेल (तहसीलदार), जनपद पंचायत पिथौरा में पीठासीन अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी नतिन ठाकुर (तहसीलदार), जनपद पंचायत बसना में पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार खाण्डे (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी ममता ठाकुर (तहसीलदार) और जनपद पंचायत सरायपाली में पीठासीन अधिकारी नम्रता चौबे (अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) एवं सहायक पीठासीन अधिकारी श्रीधर पण्डा (तहसीलदार) शामिल है। यह निर्वाचन प्रक्रिया पंचायत प्रणाली में नेतृत्व चयन के लिए महत्वपूर्ण है। निर्वाचन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपाध्यक्ष चुनने के लिए सम्मेलन की तारीख तय

कुरूद/नवप्रदेश। छ.ग. शासन ने जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनने के लिए नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों के लिए प्रथम सम्मिलन की तारिख तय कर दी है। इसके लिए पीठासीन और सहायक अधिकारी के तौर पर एसडीएम और तहसीलदार को जिम्मेदारी दे दी है। जिसके मुताबिक 4 मार्च को कुरुद जनपद में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव होना है। इसको लेकर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है।

गौरतलब है कि इस बार कुरुद जनपद पंचायत में भाजपा ने कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को बुरी तरह से हराकर 25 में से 22 सीट जीत ली है। पांच साल जनपद में राज करने वाले अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने चुनाव नहीं लड़ा। नतीजन कांग्रेस को इस बार मात्र 3 सीट पर ही संतोष करना पड़ा। ऐतिहासिक 22 सदस्यों के साथ फिर से जनपद की सत्ता में लौटी भाजपा के समक्ष अब अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभापति तय करने की चुनौती है।

वर्तमान में अपने अपने क्षेत्र से चुन कर आये जनपद क्षेत्र क्रमांक 1 सेमरा सि-गितेश्वरी-हेमंत साहू निवास जोरातराई, 2 से सतीश जैन पचपेड़ी, 3-रेखा-शेषनारायण साहू बोरझरा, 4-डिकेश्वरी-हेमंत देवांगन गाड़ाडीह, 6-सिंधु-अजय बैस कुर्रा, 7-एवन साहू भेण्डरवानी, 8 रूमान कुर्रे बंगोली, 9 कुलेश्वरी दिनेश्वर साहू कातलबोड़, 11-महेश ध्रुव गाड़ाडीह, 12-शकुंतला रूपचंद देवांगन चार भाठा, 13-टेकराम साहू सिवनीकला, 14-दिलीप चकधारी नारी, 15- मनीषा-तिलोचन साहू दर्रा, 16-उर्वशी-जितेन्द्र बांधेकर, 17-हिमांशु साहू भाठागांव, 18-आनंद यदू सिर्वे, 20-अनुराग साहू कोण्डापार, 21 चंद्रशेखर साहू दरबा, 22-ललिता-रमेश भतपहरी कोडेबोड, 23-चित्रलेखा-परिक्षित ध्रुव चर्रा, 24-गंगाराम साहू जीजामगांव, 25-ठाकुरराम साहू मडेली शामिल है। इनमें से क्षेत्र क्रमांक 6 से निर्वाचित होकर आई सिंधु बैस पहले भी जनपद अध्यक्ष रह चुकीं है।

इसी तरह पचपेड़ी के सतीश जैन पूर्व में सभापति का दायित्व बाखूबी निभा चुके हैं। पार्टी संगठन के नजरिये से देखा जाए तो कुरुद जनपद में भखारा, सिरी, कुरुद भाजपा मंडल के गाँव शामिल हैं।

शासन ने 27 फरवरी को जनपद के लिए निर्वाचन अधिसूचना प्रकाशन एवं प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी कर दी है। जिसके मुताबिक 4 मार्च को कुरुद जनपद का प्रथम सम्मिलन बुलाया गया है। जिसमें सदस्य अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। इसके लिए एसडीएम नभ सिंह कोसले को पीठासीन और तहसीलदार दुर्गा साहू को सहायक अधिकारी की भूमिका निभाने का दायित्व शासन ने सौंपा।

कलेक्टर द्वारा स्थानीय अवकाश घोषित

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा जिला कोण्डागांव के लिए कैलेण्डर वर्ष 2025 हेतु 04 स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार कोण्डागांव मेला 04 मार्च 2025 दिन मंगलवार को कोण्डागांव एवं फरसगांव अनुभाग के लिए एवं केशकाल मेला 01 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को केशकाल अनुभाग के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी विषय पर व्याख्यान

नगरी//नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ.मनदीप खालसा के मार्गदर्षन एवं डॉ.मधु अतिथि व्याख्याता भूगोल के संयोजन में भूगोल विभाग द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी विशय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ । मुख्य वक्ता के रुप में डॉ.एम.एस.साहू सहायक प्राध्यापक भूगोल विभागाध्यक्ष षासकीय गुरु घासीदास महाविद्यालय कुरुद रहें । उन्होने अपने व्याख्यान में कहा कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिये अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखना चाहिये एवं लगातार अभ्यास करते रहना चाहिये । साथ ही परीक्षा प्रणाली, समय प्रबंधन, स्वस्थ जीवनषैली का भी ख्याल रखना चाहिये। परीक्षा का प्रारुप, परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण विशयों पर ध्यान देने, टाईम टेबल बना कर पढ़ने, विगत वर्श के प्रष्नपत्र हल करने एवं तनाव कम करने वाली गतिविधियां करें जैसे खेलना, पढ़ना एवं ध्यान करना चाहिये। कार्यक्रम में राजाराम मेहरा, जयराम कुर्रे, हितेशानंद ठाकुर, लोकेश्वरी राठिया, सीता नेताम, डॉ. ममता सौरज, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. संध्या रजनी मिश्रा डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चैरे, लाकेश साहू तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर के इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर तितीरगांव के स्कूल में विविध आयोजन

जगदलपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तितीरगांव में विज्ञान संबंधी विविध आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों की चित्रकला प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, विज्ञान नाटिका के अलावा छात्रों ने विभिन्न प्रकार के विज्ञान संबंधित मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया। तथा कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने विज्ञान नाटिका की प्रस्तुति दी। उपरोक्त विभिन्न आयोजन में चित्रकला में प्रथमद्व कुमारी परमेश्वरी कश्यप, भाषण में प्रथमद्व कुमारी सोनिया यादव, प्रश्नोत्तरी में प्रथमद्व उमेश मौर्य व किशन यादव, वाद विवाद में प्रथमद्व सोनिया यादव व परमेश्वरी कश्यप को संस्था की प्राचार्य के द्वारा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। विज्ञान दिवस के अवसर पर संस्था के व्याख्याता गजेंद्र श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूल स्तर पर इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में विज्ञान के बारे में समझने व जानने की प्रवृत्ति विकसित होती है। जिससे उनका झुकाव विज्ञान के प्रति होगा। संस्था की प्राचार्य वंदना भदोरिया ने विज्ञान दिवस पर समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्रा को बधाई दी तथा आगे कहा कि विज्ञान के प्रति रुचि लाने के लिए यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है। और इसमें अधिक से अधिक बच्चों को भाग लेना चाहिए। विशेष रूप से विज्ञान दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने में व्याख्याता कुमारी रूपा यादव की प्रशंसा की। संस्था में आयोजित विज्ञान दिवस के कार्यक्रम में संस्था की *प्राचार्य वंदना भदोरिया के अलावा व्याख्याता गण श्रीमती सावित्री कश्यप, पुष्पलता मसीह,गजेंद्र श्रीवास्तव, बेबीरानी महापात्र, निशा गौतम, नमिता खरांशु, सरिता कश्यप, अर्पण राजपूत, निशा भदोरिया, नीलम झा,पद्मावती तिवारी,डीके साहू ,अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन की पहल बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना मुख्य उद्देश्य

जिला मुख्यालय में शिक्षा और तकनीक का नवीन केंद्र ''साइंस सेंटर'' का शुभारंभ

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर मुख्यालय दंतेवाड़ा के जेडी कॉलोनी सर्किट हाउस रोड में जिला प्रशासन की पहल से शैक्षणिक साइंस सेंटर प्रारंभ किया गया है। मूलतः इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विज्ञान की शिक्षा देना ही नहीं बल्कि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, प्रयोगधर्मी बनाने, और उनके अंदर नए आविष्कारों की संभावनाओं को जागृत करना है। आधुनिक विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र से परिचित कराकर उनमें विज्ञान के प्रति रुचि जागृत कराना है। इस शैक्षणिक केंद्र के माध्यम से निःसंदेह छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक शिक्षा के प्रति एक रुचिकर मंच मिलेगा जिससे उनकी शिक्षा और ज्ञान अधिक प्रयोगात्मक और क्रियाशील हो सकेगी। दंतेवाड़ा, जिला जो अपनी समृद्ध आदिवासी संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है, अब विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में भी नई पहचान बना रहा है। यहां के छात्र-छात्राएं बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यहां विज्ञान केंद्र की स्थापना की जा रही है। यहां पर विज्ञान के अंतर्गत अंतरिक्ष ज्ञान, भौतिकी कक्ष, जीव विज्ञान कक्ष, खनन कक्ष, औद्योगिक कक्ष, कृषि एवं पर्यावरण, मेकर हब, प्रशिक्षण कक्ष विकसित किये जा रहे है, छात्र-छात्राएं केंद्र में प्रदर्शित विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों, प्रयोगों और प्रदर्शनों को न केवल अवलोकन करेंगे बल्कि उन्हें प्रयोग कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी खोज सकेगें। केंद्र में रखे गए इंटरएक्टिव मॉडल, डिजिटल डिस्प्ले और प्रयोगशालाएं बच्चों को विज्ञान को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर, उसे जीवंत रूप में समझने का अवसर प्रदान करेगी। यह पहल न केवल जिले के बच्चों के लिए, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के वैज्ञानिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। यह विज्ञान केंद्र आने वाली पीढ़ियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करेगा और उन्हें जिज्ञासा और रचनात्मकता के साथ नई खोजों और नवाचारों की ओर अग्रसर करेगा। इस क्रम में आज 28 फरवरी को विज्ञान दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा के मार्गदर्शन अनुसार जिले के विभिन्न पोटाकेबिनों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं के द्वारा नव स्थापित विज्ञान केन्द्र में उपस्थित होकर विज्ञान केन्द्र की स्थापना में सहयोग किया गया उन्होंने अंतरिक्ष ज्ञान, भौतिक कक्ष, जीव विज्ञान कक्ष, खनन कक्ष, औद्योगिक कक्ष, कृषि एवं पर्यावरण, मेकर हब, प्रशिक्षण कक्ष से संबंधित विभिन्न मॉडलों को जाना एवं समझा, छात्र-छात्राओं ने मौके पर बताया कि यह बेहद ही अच्छा अनुभव रहा, जो चीजें हम केवल पुस्तकों में देखते थे उन्हे आज अपने समक्ष देखकर महसूस करने का मौका मिला।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष को पंचायत मंत्री का जवाब

जगदलपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक 2023 में सरकार बनने के बाद से सड़क हो या सदन में रीपा यानी ग्रामीण औधोगिक पार्क में घोटाले के आरोप लगाते आएं हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव साय सरकार इस मामले में जांच के बाद भी कौन दोषी है वह तय नहीं कर पाया है। वरिष्ठ भाजपाई धरमलाल कौशिक ने उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत मंत्री विजय शर्मा से सवाल पूछा है कि रीपा योजना में अनियमिता के संबंध में मुख्य सचिव स्तर से जांच संबंधी घोषणा की गई थी? यदि हाँ तो कब की गई थी व इसकी अद्यतन स्थिति क्या है और इसमें कौन-कौन दोषी पाया गया? केन्द्रवार जानकारी देवें ? उप मुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने स्वीकार किया है कि मुख्य सचिव स्तर पर जांच किया गया ।रीपा की जांच दिनांक 20.05.2024 से 24.09.2024 कीअवधि में की गई है। समिति द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी है। रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के निर्धारण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

■ न्यूज गैलरी

फाइलेरिया उन्मूलन व कृमि मुक्ति हेतु बचाव अभियान

भाटापारा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया उन्मूलन एव कृमि मुक्ति हेतु अभियान की शुरुआत नवीन प्राथमिक शाला मोहभट्ठा में छात्रों को दवा खिला कर नवनिर्वाचित युवा सरपंच महेंद्र वर्मा के द्वारा की गई ।यह अभियान 13 मार्च तक अलग अलग स्थानों में किया जाएगा।उक्त अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फाइलेरिया रोग, उसके लक्षणों एवं बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, फाइलेरिया से बचाव हेतु निःशुल्क दवा वितरण, मच्छर नियंत्रण और स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस पहल से जनता को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में सहायता मिलेगी। हायर सेकेण्डरी परीक्षा आज से भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025, आज 01 मार्च से व हाई स्कूल परीक्षा 3 मार्च से शुरू हो रही है। हाई स्कूल परीक्षा में 17347 एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 11354 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए जिले में 119 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं।मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 में परीक्षार्थीयों द्वारा गलत साधनों के उपयोग पर अंकुश लगाने, निरीक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनानें एवं परीक्षा का सफल आयोजन हेतु जिला, अनुविभाग एवं विकासखण्ड स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय,हायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय कुर्रे, साक्षर भारत कार्यक्रम आर.सोमेश्वर राव,जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, सीएसआर आशा शुक्ला, नायब तहसीलदार निशा वर्मा, सहायक संचालक बी आर पटेल, के. के. गुप्ता व्याख्याता एल बी राधा ध्रुव एवं शिक्षक एल बी गीतांजलि ठाकुर शामिल हैं। अनुभाग स्तरीय दल में तहसीलदार सहित 5 सदस्य एवं विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित 5 सदस्य शामिल हैं।

कांस्य पदक विजेता प्रवीण खोपरागड़े को किया गया सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय ईतवारी राम यादव शा बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र प्रवीण खोपरागडे ने 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 में कांस्य पदक जीता उसके इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने सम्मानित कर बधाई दी इस अवसर पर विद्यालय के कामना ध्रुव, राज वर्मा, संतोषी कंवर, सरिता बंसल जेनिफर लकड़ा, पी सी साव, रितेश कुमार चौबे, मीनू कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने किया सांई हॉस्टल का निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने राजातालाब के सांई हॉस्टल का निरीक्षण किया।इस दौरान उनके साथ श्रीमती मंजू थदानी,सुशील टोप्पो, राघवेन्द्र साहू व टुकेश्वरी साहू व काउंसलर चंद्रिका कौशल भी साथ थे।

अपने ओचक निरीक्षण के दौरान आयोग की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने हॉस्टल में सुविधाओं को बढ़ाने और लड़कियों की सुरक्षा संबंधी निर्देश हॉस्टल वार्डन को दिए। हॉस्टल वार्डन मनोरमा ने बताया की 15 वर्षों से यह हॉस्टल चला रहे है। 20 लड़कियों के रहने की व्यवस्था हॉस्टल में की गई है।. अपनी भोजन व्यवस्था लड़कियां बाहर से करती है। हॉस्टल में किचन भी बना हुआ है, वहां भी कुछ लडकियां अपने लिए भोजन बनाती है। हॉस्टल में अधिकांशतः लड़कियां कॉम्पीटेटिंव एक्जाम की तैयारी के लिए आते है पूरे छत्तीसगढ़ से लड़कियां आती है। उन्होने बताया कि प्रति रूम में 02 लड़कियों के रहने की व्यवस्था है और लड़कियों की सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें सुबह 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक हॉस्टल से बाहर जाने की अनुमति दी गई है।

इस दौरान आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने वहां उपस्थित हॉस्टल की लड़की प्रियंका टंडन से बात की उसने कहा कि उसे हॉस्टल में किसी प्रकार की परेशानी नहीं है वह 7 माह से यहां रह रही है एक अन्य लड़की भी वहां 02 माह से रह रही है वर्तमान में 08 बच्चे इस हॉस्टल में रह रहे है। निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि हॉस्टल पूर्ण सुविधाजनक नहीं है और कमरे भी काफी छोटे है आयोग की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने हॉस्टल में सुविधाओं को बढ़ाने और लड़कियों की सुरक्षा संबंधी निर्देश हॉस्टल वार्डन को दिए। प्रदेश में अधिकांश हॉस्टल के रजिस्ट्रेशन नही है जिसके कारण हॉस्टल में रहने वाले बच्चों की सही जानकारी नही हो पाती है। उन्होंने हॉस्टल संचालक को निर्देशित किया कि बच्चों की पूरी जानकारी थाने में रजिस्टर्ड कराये, जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

डॉ. रमन सिंह आज कार्यक्रमों में शामिल होंगे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर शहर आ रहे है इस दौरान वे जहॉ आम लोगों से भेंट-मुलाकात करेंगे वही शहर के दो प्रमुख महाविद्यालयों के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. सिंह प्रातः 10 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 11.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष के स्थानीय निवास पर पहुंचेंगे फिर वे दोपहर 12.30 बजे से 01.30 बजे तक शहर के प्रतिष्ठित दिग्विजय महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में भाग लेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की अध्यक्षता में रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक

डीआरयूसीसी की बैठक में सदस्यों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर रेलवे मंडल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक मंडल रेल प्रबंधक दयानंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न हुई। इस बैठक में विधायक रायपुर-पश्चिम राजेश मूणत सहित डीआरयूसीसी सदस्यों एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी और रायपुर मंडल के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित हुए ।

इस बैठक में सर्वप्रथम समिति के सचिव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सभी सदस्यों का स्वागत परिचय कराते हुए डीआरयूसीसी मीटिंग के महत्व के बारे में बताया । डीआरयूसीसी मीटिंग रेल प्रशासन एवं यात्रियों के मध्य सेतु का काम करने वाले सदस्यों की समिति है । जिसमें वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रो से 17 सदस्य नामित है, जिसमें विधायक राजेश मूणत ,भाटापारा से राजेश शर्मा सहित 14 सदस्य उपस्थित रहे । छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, महादेव घाट व्यापारिक कल्याण एसोसिएशन, उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ रेल उपभोक्ता परिषद रायपुर, प्रगतिशील रेल कल्याण एवं विकास समिति, ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोटक्शन ऑर्गेनाइजेशन, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद रायपुर, लोकसभा सांसद रायपुर, कांकेर, महासमुंद, बस्तर के प्रतिनिधि राज्य सभा सांसद के प्रतिनिधि सदस्य के प्रतिनिधि शामिल हुए । इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रेल उपयोगकर्ता की समस्याओं एवं यात्री सुविधाओं एवं यात्री सुविधा विकास एवं परियोजनाओं से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श कर बैठक में लिए गए निर्णय को यथासंभव कार्यान्वित करना है, रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं इन सुविधाओं के विकास एवं नई सुविधाओं के बारे में यात्रियों के हितों से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति द्वारा समय समय पर प्राप्त होने वाले सुझावों अति महत्वपूर्ण है जिसके कारण गुणवत्ता में सुधार होता है। रायपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में लगातार विस्तार हुआ है रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर में प्रगतिशील गति से अमृत भारत स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है रायपुर से ट्रेनों का परिचालन बढ़े इसके लिए इस और प्रयास किये जा रहे है, इंफ्रास्ट्रक्चर के नए प्रस्तावों का अध्यन किया जा रहा है यात्रियों की आवश्यकता के अनुसार रायपुर मंडल में सभी सुविधाओं को उपलब्ध करा रहा है ।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सभी सदस्यों को बहुमूल्य सुझावों के लिए आभार प्रकट करते हुए इस बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आप अपने बहुमूल्य सुझाव हमारी टीम को देते रहे उन पर अध्यन कर शीघ्रता से अमल किया जाएगा, जोन स्तर के निर्णयों के लिए उन्हें वहां प्रेषित किया जाएगा।

लाल बहादुर स्कूल में नए वाटर कूलर का हुआ लोकार्पण

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में शुक्रवार को छात्रों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर और सिंटेक्स टंकी का लोकार्पण संकुल प्राचार्य शैलेंद्र नामदेव द्वारा किया गया । कार्यक्रम के अन्य अतिथि गण सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन संकुल समन्वयक मुकेश देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधान पाठक शत्रुहन कुमार डहरिया ने बताया की विगत दिनों हमारे निवेदन पर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी राजेश इदवानी द्वारा वाटर कूलर और स्मार्ट टीवी संस्था को भेंट किए थे। अतिथियों द्वारा शाला के उत्तरोत्तर विकास के लिए समर्पित प्रधान पाठक एवं समस्त स्टाफ की प्रशंसा इस बात के लिए किए की विगत ढाई साल में शाला को सामुदायिक सहयोग से लगभग 10 लाख रुपए की विभिन्न सहायता सामग्री प्राप्त हुई है। प्रधान पाठक ने कहा कि जनसमुदाय के सहयोग से हमने दो कमरे और एक हाल का छत मरम्मत कराया। पुराने भवन का डिस्मेंटल से बचे मलमा से मंच निर्माण करवाया गया , बच्चो के मध्यान भोजन के लिए थाली का सहयोग लिए । लगभग डेढ़ लाख रुपए का जिम का सामान झूला आदि लिए । बालवाड़ी के बच्चों के लिए शासन से कुर्सी टेबल मिला लेकिन कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे जमीन में बैठते थे जिसे चुनौती के रूप में लेते हुए अलग-अलग लोगों से संपर्क कर लगभग 5 लाख रुपए का कुर्सी टेबल प्राप्त किए। किचन गार्डन विकसित किए ।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103500030
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी रामवती वर्मा पिता/पति भगवान राम वर्मा पता हरिनगर कातुलबोर्ड दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 7/31(0.0080), 7/32(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता [illegible] ... स्व. ... एसएएफ लाईस भिलाई ... उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण ... न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.02.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)
क्रमांक : 87/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)
सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिदेव पिता केश कुमार निवासी स्थाई पता 164 रामनगर कमरौद बालोद जिला बालोद (छ. ग.) पिन नंबर 491225 वर्तमान पता प्लाट नंबर- 47, रॉयल ग्रीन कालोनी दुर्ग जिला-दुर्ग पिन नं.491001 आवेदिका प्रिया केशरवानी पिता रामबचन केशरवानी निवासी 28 जनता कॉलोनी, डॉ राजेंद्र नगर तेलीबांधा रविग्राम रायपुर छत्तीसगढ़ जिला-रायपुर (छ.ग.) पिन नं. 492006 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04/03/2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।
आज दिनांक 22/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन
मैं, राहुल विनोद उम्र 27 वर्ष पिता स्वर्गीय गोविन्दन विनोद निवासी जे/339, सूर्य विहार कालोनी, स्मृतिनगर, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन 490020 का निवासी हूँ, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ यह कि मेरी माता अंजना विनोद भिलाई इस्पात संयंत्र के विभाग पर्सनल मनेजमेंन्ट, पद-जूनियर आफिसर के पद पर कार्यरत हैं। इनका परसनल नंबर 898413 है। यह कि मेरी माता के सर्विस रिकार्ड, मेडिकल बुक, पर्सनल फाईल एवं मेरे स्वयं के जन्म प्रमाण पत्र एवं 10वीं एवं बारहवीं के शाला रिकार्ड, अंक सूची में मेरा नाम राहुल व्ही (RAHUL V) दर्ज है। यह कि मेरा जन्म प्रमाण-पत्र उप रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु एवं सहा. महाप्रबंधक भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाईनगर, जन्म दिनाँक 10/9/1998 रजिस्ट्रीकरण कमॉक 3436 रजिस्ट्रीकरण दिनांक 30/09/1998 जन्म के तहत बना हैं इसमें मेरा नाम राहुल बी. पिता का नाम जी. विनोद एवं माता का नाम अंजना दर्ज हैं। जिसमे सही नाम सुधार की आवश्यकता है। बह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5550 3362 7710 पैन कार्ड कमांक BQLPV5597D पासपोर्ट कमांक-U3222591 एवं मतदाता फोटो पहचान पत्र कमांक ZJY2720720 में मेरा नाम राहुल विनोद RAHUL VINOD दर्ज है। यह नाम मेरा पूर्ण एवं सही नाम हैं। यह कि माता अंजना विनोद के बीएसपी के सर्विस रिकार्ड में (पुत्र) याने मेरा नाम राहुल विनोद (RAHUL VINOD) आधार कार्ड क्रमांक 5550 3362 7710 पैन कार्ड कमांक BQLPV5597D पासपोर्ट कमांक - 3222591 एवं मतदाता फोटो पहचान पत्र कमांक ZJY2720720 के अनुसार दर्ज करवाना चाहता हूँ। जोकि मेरा सही एवं पूर्ण नाम है। त्रुटिवश विनोद का उपयोग मेरे उक्त सर्विस रिकार्ड संक्षिप्त रूप V के रूप में दर्ज हो गया हैं। यह कि मेरे जन्म प्रमाण-पत्र में मेरा सही नाम राहुल विनोद (RAHUL VINOD) पिता का नाम स्वर्गीय गोविन्दन विनोद (LATE GOVINDAN VINOD) तथा मात्ता का नाम अंजना विनोद (ANJANA VINOD) सुधार कर दर्ज करवाना हैं ।
यह कि भविष्य में किसी प्रकार की अड़चनें न आवे जिसके लिये मेरा नाम अपने माता के भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई के समस्त रिकार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी जगहों पर जहाँ-जहाँ आवश्यक हैं में नाम सुधार की आवश्यकता हैं। अत: अब मुझे राहुल विनोद (RAHUL VINOD) आत्मज स्वर्गीय गोविन्दन विनोद (LATE GOVINDAN VINOD) माता' अंजना विनोद (ANJANA VINOD) के नाम से जाना एवं पहचान जाए ।
शपथकर्ता
राहुल विनोद

बाहर से आये मुसाफिरों/फेरी वालों की पहचान हेतु बसंतपुर पुलिस ने चलाया अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में शहर में हो रहे चोरी आदि की घटना की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जाकर मुसाफिर चेक किया जा रहा है साथ ही संदिग्ध, किरायेदारों की भी चेकिंग की जा रही है, इसी तारतम्य में थाना बसंतपुर द्वारा विगत 02 दिवस में थाना बसंतपुर क्षेत्रान्तर्गत दिगर राज्य व जिले से आये 15 मुसाफिर/फेरीवालो की तस्दीक किया गया। जिनके क्रियाकलाप ज्यादा संदेहास्पद पाये जाने पर 32 लोगों का थाना में फिंगर प्रिंट भी लिया जाकर उनके पहचान संबंधी दस्तावेज को तस्दीक किया। संदिग्धों को उनके वास्तविक निवास स्थान के थानों से उनकी तस्दीकी की जा रही है। मुसाफिरों का बी.सी.रोल जारी किया जा रहा है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107400037
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी [illegible] ... द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 252/171 (0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता [illegible] ... उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.02.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 202425112115529
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी [illegible] ... द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 848/1(0.0293) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता [illegible] ... उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.02.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 202425112115122
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी [illegible] ... द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 456/48(0.0031) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता [illegible] ... उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.01.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00041 तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430100800018
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम तितुरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी गीता [illegible] ... वार्ड 22 ... द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 57/27(0.0460) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता [illegible] ... उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.02.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

ई नीलामी सूचना
ऋण वसूली अधिकरण
भारत सरकार, वित मंत्रालय, वितीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
797-द्वितीय तल शांतिकुन्ज, जबलपुर (म.प्र.) 482001
Case No. RC 352/2018/ओ.ए.नं. 959/2017
ई-नीलामी क्रमांक 55/2025
UCO BANK वि. RANJAN GARG एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक RC No. RC 352/2018/O.A.No. 959/2017 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs. 25,69,782.00 (Rupees Twenty Five Lakh Sixty Nine Thousand Seven Hundred Eighty Two Only.) तथा उस पर 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 01.11.2017 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगी।
ई-नीलामी की तिथि एवं समय :- 09.04.2025 दोपहर : 12.00 से 1.00
संपत्ति की अनुसूची
Land and building measuring about 1080 sq.ft., built-up area 697 (G.F.) + 697 (F.F.) = 1394 ft. at Khasra No.-996/02, PC No.-27, Village-Dewkar, Tehsil-Saja, Distt. - Bemetara (C.G.) belonging to Shri Ranjan Garg, S/o Shri Satish Garg.
प्रारक्षित मूल्य : रुपये Rs. 11,30,000.00 (Rupees Eleven Lakh Thirty Thousand only);
विक्रय की शर्तें
1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। अधिक विवरण हेतु M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:- mpcg@c1india.com E-mail ID; support@bankeauctions.com
2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट https://www.bankeauctions.com में उपलब्ध नीलामी बीड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी।(विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रुपये Rs. 1,13,000.00 (Rupees One Lakh Thirteen Thousand only); है, RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account no. 20020210000380 in the name of Recovery Officer, E-aunction account, DRT Jabalpur with UCO BANK, NAVYU COLLEGE BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code:UCBA0002002) में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 07.04.2025 अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, 797- द्वितीय तल शांतिकुन्ज जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करायें।
7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रू. Rs. 15,000.00 (Rupees Fifteen Thousand only); होगी। ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा।
8. असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जावेगी, जिससे कि उस का भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नही होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् जबतक असफल बोली कर्ता घोषित नही किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नही ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी।
9. सफल बोली कर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER के द्वारा कंडिका-4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोली कर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पौन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपति अलग अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15वें दिन पश्चात् प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात् पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. संपति ''जहॉ है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार पर विक्रय की जायेगी।
12. संपति का निरीक्षण दिनांक 27.03.2025 प्रातः 12 बजे से 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नही की जायेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे Shri Jaidev Tripathi, Chief Manager, Mob. No. 9438179100 में उपलब्ध संपति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नही होगा। संपति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website:https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466, E-mail id: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com
17. संपति से संबंधित अधिक जानकारी Shri Jaidev Tripathi, Chief Manager, Mob. No. 9438179100 से प्राप्त की जा सकती है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी। डीआरटी/बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार के इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विफल, विद्युत व्यवधान आदि के जिम्मेदार नही होगा।
स्थान - जबलपुर
दिनांक - 17.02.2025
(प्रीति देसाई) वसूली अधिकारी मुहर

आम-सूचना
मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार प्रकाश साहू पिता श्री बोधन साहू, उम्र 48 वर्ष, निवासी-205, महुवारी मरोदा भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) रहने वाला हूँ, मेरी पक्षकार की पुत्री शासकीय प्राथमिक शाला बी.आर.पी. महुवारी मरोदा मिलाई जिला दुर्ग में कक्षा आठवी में अध्ययनरत हैं, जिसके कक्षा पहली से लेकर कक्षा सांतवी तक के अंकसूची / स्कुल रिकार्ड में उसका नाम रागिनी साहू दर्ज हैं, किन्तु मेरे पक्षकार के पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड मे उसका नाम रागनी दर्ज है।
यह कि, मेरी पक्षकार अपनी पुत्री के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों / स्कुल रिकार्ड एवं भविष्य में जारी होने वाले समस्त शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों मे उसका नाम रागनी दर्ज करवाना चाहता है।
अत: इस आम सूचना के प्रकाशित होने के उपरांत मेरे पक्षकार के पुत्री को उनके पूर्ण नाम रागनी से लिखा पढा व जाना पहचाना जावेगा।
तदानुसार सूचना जाने।
भूषणलाल साहू
अधिवक्ता -जिला न्यायालय
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना
मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार कुलेश्वर लाल साहू पिता स्व. राम सोहागिल साहू, उम्र 45 वर्ष, निवासी-वार्ड न. 113, साहू पारा, राम नगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग, (छ.ग.) रहने वाला हूँ, मेरे पक्षकार के पुत्र के कक्षा आठवी के अंकसूची / स्कुल रिकार्ड में उसका नाम अंजन कुलेश्वर साहू (ANJAN KULESH-WAR SAHU) दर्ज हैं किन्तु मेरे पक्षकार के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में उसका नाम अंजन साहू (ANJAN SAHU) दर्ज है।
यह कि, मेरा पक्षकार अपने पुत्र के कक्षा आठवी के अंकसूची / स्कुल रिकार्ड में उसका नाम अंजन साहू (ANJAN SAHU) दर्ज करवाना चाहता हैं जो मेरे पक्षकार के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में दर्ज हैं।
अत: इस आम सूचना के प्रकाशित होने के उपरांत मेरे पक्षकार के पुत्र को उनके पूर्ण नाम अंजन साहू (ANJAN SAHU) से लिखा पढा व जाना पहचाना जावेगा। तदानुसार सूचना जाने।
भूषणलाल साहू
अधिवक्ता -जिला न्यायालय
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103900120
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी हिरामन पटेल [illegible] ... द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 299/12(0.00600), 798/4 (0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दीनदयाल [illegible] ... उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.01.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511215102
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी [illegible] ... द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 456/88(0.0031) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता [illegible] ... उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.01.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 202425111116692
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी रामबाई [illegible] ... द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 707/28 (0.0167) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता [illegible] ... उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.01.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापित किया

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, नक्सलवाद को बढ़ावा देने का आरोप

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए एक तरफ जहां अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, वहीं दूसरी ओर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, नक्सलवाद को बढ़ावा देने, किसानों और जनता को धोखा देने, प्रचार के नाम पर जनता के पैसे की बर्बादी करने और लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन करने जैसे गंभीर आरोप लगाए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने भाषण की शुरुआत में ही नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को मिली हार पर निशाना साधते हुए कहा कि आप सोचिए ऐसी स्थिति क्यों बनी है, यह आपके पांच वर्षों के कुशासन और अराजकता पर जनता का जवाब था। मुख्यमंत्री ने हमला जारी रखते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने महापौर का अप्रत्यक्ष चुनाव इसलिए करवाया ताकि योग्य प्रत्याशी की जगह अपने गुट के अपने कृपापात्र को महापौर बनवा दिया जाए। आखिर में थोपे हुए मेयर पार्षद का चुनाव भी हमारे एक जमीनी कार्यकर्ता से हार गए।

जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का किया जिक्र

विष्णु देव साय ने जल जीवन मिशन में हुए भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने वहां टंकियां और पाइपलाइन बिछा दी गईं, जहां पानी का स्रोत ही नहीं था। पीएससी परीक्षा घोटाला का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं और पीएससीअधिकारियों के रिश्तेदारों का चयन हुआ, जिससे युवाओं के सपने टूट गए।

सर्वाधिक चर्चित महादेव एप घोटाले का जिक्र करते हुए कांग्रेस सरकार के संरक्षण में सट्टे और ग़ैर-क़ानूनी धंधों को बढ़ावा मिला. वहीं शराब घोटाले का जिक्र कांग्रेस सरकार ने आबकारी नीति में बदलाव कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुँचाया, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला।

प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 18 लाख लोगों को मकान मिलने थे, लेकिन राज्य सरकार ने अपना अंशदान नहीं दिया, जिससे गरीबों को नुकसान हुआ। वहीं पांच साल के कार्यकाल के दौरान नक्सलवाद से निपटने में गंभीरता नहीं दिखाई गई, जिससे नक्सल समस्या बनी रही। कांग्रेस शासनकाल में प्रचार-प्रसार पर किए गए भारी-भरकम खर्च का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रचार पर सबसे अधिक बजट खर्च किया, लेकिन जमीनी स्तर पर विकास कार्य नगण्य रहे. पूरे राज्य में बड़े-बड़े होर्डिंग्स और विज्ञापनों में केवल भूपेश बघेल ही नजर आते थे, लेकिन जनता को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिला।

भूपेश सरकार की प्रिय गौठान योजना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने गौठानों और गोबर खरीदी के बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन जब जांच की गई तो वहां निल बटे सन्नाटा था, यानी ज़मीनी हकीकत कुछ और थी। धान खरीदी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने झूठे आरोपों और दुष्प्रचार के जरिए किसानों को गुमराह करने की कोशिश की गई।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिंदुवार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए पत्रकारों पर किए दमन का जिक्र करते हुए कहा कि जो पत्रकार भ्रष्टाचार उजागर करते थे, उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाता था, जेल में डाल दिया जाता था। विशेष पिछड़ी जनजातियों को सिर्फ भावनात्मक सहानुभूति दी गई, लेकिन उनके लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हमला करने के साथ-साथ अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को गिनाते हुए बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में नक्सलवाद के सफाए की समय सीमा मार्च 2026 रखी है. हम इस अवधि तक पूरे छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का सफाया कर देंगे. सरकार ने बोली का जवाब बोली से और गोली का जवाब गोली से देने का निश्चय किया है. वहीं आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए अच्छी पुनर्वास नीति बनाई है. उनके लिए 15 हजार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए हैं।

छावा फिल्म ट्रैक्स फ्री

सीएम साय ने कहा, इतिहास की किताबों में मुगलों के हर बादशाह का एक चैप्टर होता था। वहीं मराठा छत्रपतियों को केवल एक चैप्टर में निपटा दिया जाता था। कुछ महीनों पहले स्वातंत्र्य वीर सावरकर फिल्म आई थी। इसमें वीर सावरकर के कठिन संघर्ष को दिखाया गया है. अभी छावा फिल्म आई है, जिसे राज्य सरकार ने टैक्स फ्री किया है। संभाजी महाराज ने जिस तरह से राष्ट्रवादी मूल्यों के लिए शहीदी दी, उसे इस फिल्म में दिखाया गया है। जिन लोगों ने ये फिल्म देखी, उन्होंने यह प्रश्न किया कि महापुरुषों के उज्ज्वल इतिहास को क्यों छिपाया गया।

महाकुंभ में छत्तीसगढ़ पवैलियन को सभी ने सराहा

सीएम ने कहा, हमें इस बात की विशेष रूप से खुशी है कि प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचने वाले हमारे श्रद्धालुओं के लिए हमने छत्तीसगढ़ पवैलियन में विशेष व्यवस्था की. साढ़े चार एकड़ में फैले इस पवैलियन में लोगों के रूकने, खाने-पीने की सुविधा थी, सबने इसे विशेष रूप से सराहा. मैं आपका विशेष रूप से धन्यवाद करना चाहता हूं। आपने हम सबको महाकुंभ में आमंत्रित कर दिव्य स्नान के पुण्य लाभ का अवसर दिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि गंगा में डूबकी लगाने से गरीबी दूर होती है क्या, खाना मिलता है क्या। मैं कांग्रेस के अपने भाइयों को कहता हूं कि 66 करोड़ भारतीय जो महाकुंभ गये, अपनी सुख-समृद्धि की कामना के लिए वहां नहीं गए थे। वे तो गंगा मैया की भक्ति में यहां गए थे। जो लोग पैसे-कौड़ी की भाषा समझते हैं वो कभी भी आस्था की भाषा नहीं समझ सकते। हमने राजिम कुंभ कल्प का वैभव पुनः लौटाया।

विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ा बजट सत्र का चौथा दिन

■ क्यों है सत्ता पक्ष-विपक्ष में ज्वार भाटे का ऊफान

रायपुर/नवप्रदेश। कहते हैं कि लोकतंत्र के मंदिर रूपी सदन में जनहित के तमाम मुद्दों पर सदस्यगण अपने-अपने क्षेत्र और प्रदेश की सर्वव्यापी जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर सरकार के मंत्रियों से सवाल करते हैं। इसमें विपक्ष के साथ ही सत्ता पक्ष के विधायक भी जनहित के मुद्दे को लेकर जनता की आवाज सदन में बुलंद करते हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि राज्यों के विधानसभाओं में पक्ष-विपक्ष के बीच स्वस्थ्य चर्चाओं का दौर अब अतीत का हिस्सा बन गया है। सत्र चलते-चलते विपक्ष भी प्रश्न पर चर्चा के लिए अड़ जाता है। ऐसा भी नहीं है कि उन्हें आसंदी मौका नहीं देती, बल्कि उनसे कहा जाता है कि विपक्ष की जो भी समस्याएं है। उन्हें मौका दिया जाएगा, लेकिन विपक्ष प्रश्नकाल की कार्रवाई से वॉकआउट कर देना, बहिष्कार करना तो उनके लिए एक सियासी खेल की तरह ही हो गया है। उदाहरण के तौर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन का घटनाक्रम रहा। जहां विपक्ष में बैठे कांग्रेस के विधायक जैसे ही सदन में हो-हल्ला और नारेबाजी करते हुए घुसे और विधानसभा अध्यक्ष के आसंदी की कुर्सी पर बैठने से पूर्व ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के घर की रेकी किए जाने के मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग करने लगे। जबकि अधिकांश सदस्य और आसंदी भी नहीं समझ पाए कि किस विषय पर चर्चा कांग्रेस विधायक चर्चा कराने चाहते हैं। बहरहाल, कुछ देर में पूरा मामला सबको समझ में आ गया है। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि प्रश्नकाल पूर्ण होने के बाद आपके विषय पर भी चर्चा की जाएगी। लेकिन उनके आश्वासन के बावजूद कांग्रेस विधायक नारे लगाने लगे। इसकी गूंज थी, एडिशनल एसपी मुर्दाबाद, लोकतंत्र की हत्या बंद करो, कांग्रेस को डराना बंद करो, ईडी से डराना बंद करो। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल और अनिला भेड़िया ने आसंदी से सवाल किया, हमारे प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के घर की रेकी कराई जा रही है। क्या बस्तर और जगदलपुर की पुलिस कम पड़ गई थी, रायपुर के एडिशनल एसपी क्यों उनके घर की रेकी करवा रहे हैं। उमेश पटेल ने कहा भाजपा को पता है कि कांग्रेस के पास जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए पर्याप्त बहुमत है इसलिए भाजपा डरी हुई है। इसलिए दबाव बनाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। ईडी से छापा डलवा कर कांग्रेस नेताओं को डराने की कोशिश हो रही है, लेकिन हमलोग इससे नहीं डरेंगे। फिर क्या था, आसंदी के बार-बार बैठने और बाद में इस पर बहस कराने के लिए मौका देने की बात को नजरअंदाज करते हुए सभी कांगेस विधायक विधानसभा के गर्भगृह तक पहुंच गए। जहां वे नारेबाजी करने लगे, जिस पर आसंदी ने कहा कि ये नियम का उल्लंघन है, इसलिए इनका निलंबन किया जाता है। इधर, कांग्रेस विधायकों के सदन से निकलते ही एक मिनट में निलंबन वापस भी ले लिया गया। जब निलंबन की सूचना मिली तो नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने गुरुवार की दिनभर के लिए सदन की कार्रवाई से बहिष्कार करने का निर्णय ले लिया।

गए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक जो सवाल पूछ रहे, उससे इतर जवाब संबंधित विभागों के मंत्री जवाब दे रहे हैं। अब आमजन मानस में गए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास। कई ऐसे सवाल आए जब मंत्रियों के जवाब से सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक असंतुष्ट नजर आए। हाल ही जल जीवन मिशन के सवाल पर दोनों पक्ष विधायकों ने सवाल खड़े किए। क्योंकि आंकड़ों को तैयार करने वाले अधिकारियों ने भी जमीनी हकीकत को नहीं देखा। इसके चलते सरकार की छवि धूमिल होना लाजमी है। दूसरी ओर जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों में भ्रष्टाचार पर अब तक कार्रवाई नहीं होने पर सत्ता दल के विधायकों ने अपने सरकार के मंत्रियों को घेरा। अगर देखा जाए तो विपक्ष से ज्यादा सत्ता पक्ष के विधायकों ने अपने सवालों से सरकार को कटघरे में खड़ा किया। कई ऐसे भी सवाल कर रहे हैं, जिस पर सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के विधायकों की भी मौन स्वीकृति मिल रही है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या नौकरशाहों के भरोसे ही सरकार चल रही है। कहने का आशय है कि बिना जमीनी हकीकत जाकर देखे बिना ही अफसरों द्वारा पकड़ाए गए आकड़ों को पढ़ रहे हैं। कई मंत्री तो सवालों को भी समझ नहीं पा रहे हैं। ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह को कमान संभालनी पड़ जा रही है। जहां वे मंत्रियों को सदस्यों द्वारा उठाए जा रहे प्रश्नों को समझा रहे। इन हालातों से कई मंत्रियों की कार्यशैली और क्षमता पर सवाल भी उठ रहे हैं। जब तक मंत्री हर कागजी आकड़ों की जमीनी हकीकत नहीं देखेंगे, तब तक सदन में सही उत्तर देने में दिक्कत होगी। फिर जनता के बीच कैसे भरोसा जीतेंगे।

ऐसे में ये मान लिया जाए

इस सियासी घटनाक्रमों के बीच कांग्रेस विधायक वहां से आ गए राजीव भवन जहां पूर्व नियोजित पार्टी की बैठक में, जहां चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। क्योंकि जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव जिपं सदस्यों द्वारा किया जाना है। क्या मान लिया जाए कि सिर्फ कांग्रेस अध्यक्ष के घर के पास किसी पुलिस टीम के चलते सदन से कार्यवाही का बहिष्कार करना पार्टी की मिटिंग में शामिल होने का बहाना तो नहीं था। क्योंकि ऐसा ही आरोप सत्ता पक्ष के विधायक लगा रहे हैं। खैर ये तो सियासी पक्ष हो सकता है। लेकिन सवाल है कि गुरुवार को कांग्रेस विधायकों के प्रश्न सदन में लगे हुए थे, जो उनकी जनता के हितों से संबंधित थे। जिस पर चर्चा होती तो विधायक अपना पक्ष रखते और समाधान के रास्ते भी खुलते। क्या थोड़ा धैर्य रखकर ठहर जाते। अगर आसंदी चर्चा करने का मौका नहीं देते तो बहिष्कार करना था। ऐसा मत जन समुदाय के बीच से ही आ रहे हैं।

ये भी सच, लोकतंत्र में सत्ता का दुरूपयोग उचित नहीं

जहां तक देखा जाए तो लोकतंत्र में सत्ता का दुरुपयोग उचित नहीं है। क्योंकि सत्ता की कुर्सी अगर सही मायने में देखा जाए तो न्याय और जनता के कल्याण के लिए है। क्योंकि जनता जनार्दन के आशीर्वाद है। इसका दुरुपयोग करना न्यायोचित नहीं है। वैसे छत्तीसगढ़ के अतीत सत्तासीन पार्टी के रवैए पर नजर डाला जाए तो अपने-अपने समय में सभी ने सत्ता का उपयोग अपनी सुविधाओं के लिए किया। चाहे अपने मनमाफिक चुनाव प्रणाली की बात हो या भ्रष्टाचार की। ये विमर्श और चिंता का विषय है कि सदन की गरिमा क्या आज के परिवेश में फिर से अपने चरमोत्कर्ष पर बन पाएगी।

विद्युत कर्मचारियों ने किया पदोन्नति में आरक्षण को लेकर प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। विद्युत कंपनी में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों ने शुक्रवार की शाम को डंगनिया मुख्यालय के गेट के सामने बैठकर पदोन्नति में आरक्षण एवं अन्य सांगठनिक मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद भी मांगें पूरी नहीं जाती है तो कर्मचारी 10 मार्च को क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तर पर एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी उनकी मांगें नहीं मानी जाती है तो 17 मार्च से विद्युत कर्मचारी अनिश्चितकालीन सामूहिक धरने पर चले जाएंगे। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रुप से आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव इंजीनियर जी .के. मंडावी, अध्यक्ष इंजीनियर आर.एल. ध्रुव, सुमीत चौहान, कोषाध्यक्ष मनहरण चंद्रवशी के अलावा सैकड़ों कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे।

कर्मचारियों का कहना था कि पदोन्नति में आरक्षण को लेकर राज्य सरकार द्वारा 16.04.2024 को जारी हाईकोर्ट के निर्देशानुसार आरक्षण नियम के नियम 5 को अधिसूचित करने हेतु पिंगुआ कमिटी का गठन किया गया है। वहीं पर विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा छ.ग. शासन से अनुमोदन प्राप्त किये बिना सामान्य पदोन्नति की प्रक्रिया काल्पनिक वरिष्ठता के आधार पर किया जा रहा है। विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा दिनांक 16.04.2024 को जारी हाईकोर्ट के आदेश के विपरीत भूतलक्षी प्रभाव से यानि 24 वर्ष पूर्व 23 जून 2004 से काल्पनिक वरिष्ठता सूची जारी कर असंवैधानिक रूप से सामान्य वर्गो की पदोन्नति की प्रक्रिया दिसम्बर 2024 से प्रारम्भ कर दी गयी है।

विद्युत मंडल अभियंता संघ का प्रादेशिक अधिवेशन आज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ का एक दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन एवं असाधारण सभा एक मार्च शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा स्थित सीनियर क्लब में आयोजित है। प्रतिवर्ष होने वाले इस सम्मेलन में पॉवर कंपनियों के प्रदेशभर के अभियंता हिस्सा लेंगे। संघ के प्रदेशअध्यक्ष इंजीनियर राजेश पांडेय एवं महासचिव श्री मनोज वर्मा ने बताया कि बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के लिए पॉवर कंपनी को अपनी विद्युत उत्पादन क्षमता तथा उपभोक्ता सेवा को बढ़ाने के लिए नवाचारों के संबंध में विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के मुख्यअतिथि उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री संजीव कुमार कटियार होंगे, पारेषण एवं वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला एवं श्री भीम सिंह कंवर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि होंगे। संघ के इस बार के सम्मेलन में ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के लिए अभियंताओं की भूमिका तथा दक्षता सुधार जैसे विषय पर विशेष रूप से चर्चा होगी।

सेवानिवृत्त होने पर कलेक्टर ने नगर सैनिक तथा कलेक्टोरेट कर्मचारी को दी भावभीनी विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर बंगले में आज शाम बड़ा अच्छा आयोजन हुआ। जिसमें कलेक्टर डॉ गौरव सिंह और उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता सिंह ने 30 वर्षों से सेवा देने वाले नगर सेना नगर सैनिक श्री भुरूलाल बरिहा को सेवानिवृत होने पर शॉल तथा श्रीफल देकर भावभीनी विदाई दी। उन्होंने श्री बरिहा की स्वस्थ्य रहने और सुदीर्घ जीवन की कामना की।

इसी प्रकार कलेक्टर डॉ सिंह ने कलेक्टर कार्यालय राजस्व शाखा में सहायक वर्ग-2 के पद पर कार्यरत श्रीमती उषा दरवलकर के सेवानिवृत्त होने पर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में शॉल, पुष्पगुच्छ तथा श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर कलेक्टर डॉ सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनकी कार्य प्रणाली की सराहना करते हुए उनके उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती निधि साहू, श्री नवीन कुमार ठाकुर, श्रीमती अभिलाषा पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम रजक तथा स्टेनो टू कलेक्टर श्री मुक्तेश्वर पटेल सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ईडी के खिलाफ प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में ईडी की दबिश के बाद छत्तीसगढ़ में सियासत गरमा गई है। ईडी के खिलाफ कांग्रेस आज शनिवार को जिला स्तर पर प्रदर्शन कर ईडी का पुतला दहन करेगी। वहीं 3 मार्च को ईडी ऑफिस के बाहर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। यह निर्णय आज की बैठक में सीनियर नेताओं से चर्चा कर लिया गया। प्रदर्शन का ऐलान कांग्रेस की महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता में पीसीसी चीफ दीपक बैज ने किया। प्रवर्तन निदेशालय की टीम मंगलवार को रायपुर में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पहुंची थी। एक समन जारी कर सुकमा-कोंटा में बने कांग्रेस कार्यालय भवन को लेकर जवाब मांगा है. ईडी ने साल 2018 से 2023 के बीच में सुकमा जिले के कोंटा में बने कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन की लागत और उसके निर्माण के लिए आई राशि के संबंध में जानकारी देने को कहा है.

पूर्व विधायक जुनेजा के खिलाफ होगी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस की अहम बैठक हुई, जिसमें कई मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत समेत कई नेता मौजूद रहे। चुनाव के दौरान अपने ही पार्टी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने वाले पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा पर अब कार्रवाई की तैयारी है। कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में शराब घोटाले के संबंध में ईडी की कार्रवाई और पीसीसी चीफ दीपक बैज के घर पर रेकी मामले को लेकर चर्चा. आज विधानसभा में मुद्दा उठाने के बाद आगे की रणनीति को लेकर बातचीत की गई.

■ न्यूज गैलरी

नशे में पोल पर चढ़े युवक की करंट लगने से मौत

खैरागढ़/नवप्रदेश। नशे मे बिजली पोल पर चढ़े युवक की करंट की चपेट मे आने से मौत हो गई । घटना ब्लाक के खपरी सिरदार की बताई गई है । गूरूवार शाम को गांव के 38 वर्षीय प्रमोद कंवर गांव के ही बिजली पोल पर चढ़ गया था । अचानक हाईवोल्टेज करंट की चपेट मे आने से वह पोल से जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई । परिजनो और गांव के लोगो ने युवक को आनन फानन मे सिविल अस्पताल पहुंचाया जहाँ चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया । घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है । थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया कि युवक नशे का आदी था । कई बार वह नशे मे बिजली खंभो पर चढने की हरकत कर चुका था । गूरूवार को भी वह नशे की हालत मे खंबे पर चढ़ा था करंट लगने से गिर गया और उसकी मौत हो गई । पुलिस इसके अलावा अन्य पहुलओ की भी जांच कर रही है ।

युवा प्रकोष्ठ : अध्यक्ष खिलावन उपाध्यक्ष -राजू पटेल, सचिव पोखन , बेदन कोषाध्यक्ष मनोनीत

नगरी/नवप्रदेश। कोसरिया मरार पटेल समाज ग्रामीण सांकरा क्षेत्र युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया, पूर्व में जो भी युवा प्रकोष्ठ सांकरा क्षेत्र के पदाधिकारी थे अध्यक्ष द्वारा नियम तह युवा प्रकोष्ठ का जो गठन था इन्हें भंग कर नया 28 फरवरी 2025 से तीन वर्ष के लिए नया गठन किया गया,नव निर्वाचित पदाधिकारी सांकरा क्षेत्र युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष खिलावन पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, सचिव पोखन पटेल, कोषाध्यक्ष बेदन पटेल चयन सर्वसम्मति से किया गया इस मौके पर कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, पटेल समाज ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम लाल पटेल, एवं सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्र सांकरा, सहित युवा प्रकोष्ठ पटेल समाज सदस्य तीरथ पटेल, ऋषि पटेल, संदीप पटेल, मनोज पटेल,खेमन पटेल,दुर्गेश पटेल,केशव पटेल,मिलेन्दर पटेल, दुर्गेश पटेल,पालेश पटेल, रूद्रेश्वर पटेल, मनीष पटेल, गोलू पटेल, गजेन्द्र पटेल, भावेश पटेल, देवेन्द्र पटेल,खमेश पटेल, चंद्र पटेल, हुकमी चंद पटेल, परमानंद पटेल, तोषक पटेल, दुर्गेश पटेल,सेवक पटेल, रूपेश पटेल, गुड्डू पटेल, रूद्रेश्वर पटेल, रवि पटेल, सहित बड़ी संख्या में युवा प्रकोष्ठ के युवा साथी उपस्थित थे।

उतई के नव-निर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का सम्मान किया गया

उतई/नवप्रदेश। सामुदायिक भवन उतई में समरस सियान संघ उतई द्वारा, सियान संघ के सदस्य- हलालखोर पटेल, ईश्वर चन्द्राकर, नीलूराम साहू, गोरे लाल देवांगन, मन्नू लाल साहू, प्रेमलाल धनकर,गंगाधर पटेल का जन्मदिन मनाया गया। इनका सम्मान नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेन्द्र साहू एवं पार्षदों द्वारा शाल एवं श्री फल भेंट कर किया गया।

समरस सियान संघ के द्वारा नगर पंचायत उतई के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री मती सरस्वती नरेन्द्र साहू एवं पार्षद गण- रमशीला नेताम, सोमेन्द्र, राकेश साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, सतीष चन्द्राकर, लता सोनवानी, भीमसेन सिन्हा, विजय लक्ष्मी साहू, द्वारिका साहू, खुबीराम साहू, शिवनारायण देशमुख, मती अनिता नीलम गढ़े, शिवकुमार ठाकुर, मती संगीत रजक, सुनीता चन्द्राकर का सम्मान किया गया।

समरस सियान संघ के अध्यक्ष तुलाराम साहू ने अपने अध्यय भाषण में संघ के कार्य व गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर सुकालू राम देवांगन जी ने अपने विचार व अनुभव रखे तथा नगर पंचायत उतई के सर्वांगनीय विकास की शुभाशीष प्रदान किये। राधेश्याम चन्द्राकर ने आये हुए अतिथियों एवं संघ के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जोहन लाल साहू समरस द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी तादात में गणमान्य व समरस सियान संघ के सदस्य गण उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय शिक्षक उत्सव 2025 चांपा जांजगीर में आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। नगरी.शिक्षा के प्रति समर्पित सेवा और प्रतिबद्धता से प्रेरित विनोबा भावे की टीम के ओर से राज्य स्तरीय शिक्षक उत्सव 2025 चांपा जांजगीर में आयोजित किया गया । जिसमें धमतरी जिले से प्रतिनिधित्व कर रहे संतोष कुमार बांधव, राजेंद्र प्रसाद सिन्हा,रोहिणी साहू ,हेमकुमारी ध्रुव और नंदकिशोर साहू एपीसी अधिकारी ने धमतरी में चल रहे शैक्षणिक गुणवत्ता के तहत कार्यक्रमों, शिक्षण तकनीक, नवाचारों, और सुधारो पर विचार विमर्श कर उनके बारे में अपने अनुभवों को सांझा किये । शासकीय

प्राथमिक शाला, टेंगना के शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि विनोबा एप्प एक सशक्त और तकनीक की रूप से कैसे शिक्षकों से सीखने सिखाने में मदद करता है साथ ही बच्चों व शिक्षकों की हर छोटी बड़ी शैक्षणिक गतिविधियों को आसानी से सांझा व प्रदर्शन करने वाला एक खुला मंच और बेहतर तकनीक के साथ एक बढ़िया प्लेटफार्म है । जहां शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट परफॉर्मेंस पर सम्मानित किया जाता है । और शैक्षिक प्रशासनिक कार्यों का आदान-प्रदान करने में आसान प्रक्रिया इस प्लेटफार्म के जरिए पहुंचाया जाता है । शिक्षक उत्सव में शिक्षकों ने स्कूल को कैसे पालक, शिक्षक,समन्वयक एवं प्रशासन अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं और आने वाली चुनौतियों को कैसे बेहतर बनाने में प्रयास रहते हैं । इस पर उत्कृष्ट शिक्षकों, विशेषज्ञों से सीखने और सीखने का अवसर प्राप्त किया । जांजगीर-चांपा कलेक्टर आकाश चिकारा और डिप्टी कलेक्टर दुर्गा प्रसाद शर्मा ने धमतरी के शिक्षकों से चर्चा कर धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा किए गए शैक्षिक कार्यों व प्रशासनिक कार्यों की प्रशंसा व्यक्त किये । इस अवसर पर ओपन लिंक्स फाऊंडेशन के फाउंडर सीईओ संजय डालमिया, विश्वजीत पवार,भूपेंद्र चंद्रा, हितेश निर्मलकर, भरत सिंहा आदि उपस्थित रहे।

अलसी डंठल के रेशा का उपयोग, अतिरिक्त आय का स्त्रोत : डॉ. एस.एस. टुटेजा

कवर्धा/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा एवं कृषि मौसम विभाग, रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा वित्तीय पोषित ''निकरा परियोजना'' के तहत जलवायु परिवर्तन प्रतिरोधक कृषि पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बेमेतरा में आयोजित हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को अलसी डंठल से रेशा निकालने की प्रक्रिया और इसके उपयोग के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा कबीरधाम जिले के 30 किसानों को अलसी की किस्म आर.एल.सी. 148 का प्रदर्शन ग्राम-धरमपुरा, नेवारी और बिरकोना में कराया गया।

इसका उद्देश्य किसानों को अलसी के प्रति आकर्षित करना और तिलहन की खेती का रकबा बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अलसी उत्पादक किसानों को न केवल अलसी के उत्पादन से लाभ कमाने की जानकारी दी गई, बल्कि अलसी के डंठल और उससे निकले रेशे को विक्रय करके अतिरिक्त लाभ अर्जित करने के उपाय भी बताए गए।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. बी.पी. त्रिपाठी, वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा ने स्वागत उद्बोधन और सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए किया। डॉ. तोषण कुमार ठाकुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा ने अलसी फसल की विविधता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. जे.एल. चौधरी मौसम विभाग, रायपुर ने निकरा परियोजना के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. संदीप भण्डारकर, अधिष्ठाता, रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बेमेतरा ने अलसी बायोप्रोडक्ट की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.एस. टुटेजा, निदेशक विस्तार, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ने किसानों को अलसी फसल के लाभ और उसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा निकरा परियोजना के तहत कबीरधाम जिले को अग्रणी कृषि विज्ञान केन्द्र के रूप में चुना गया है। इससे इस परियोजना का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ जिले के किसानों को अवश्य मिलेगा।

कार्यक्रम में डॉ. यू.के. ध्रुव ने पीपीटी के माध्यम से अलसी के डंठल से रेशे निकालने की प्रक्रिया और कार्यविधि को विस्तार से समझाया। डॉ. हेमलता निराला, सहायक प्राध्यापक, ने अलसी की वैज्ञानिक खेती के बारे में जानकारी दी। इसके बाद डॉ. साक्षी बजाज, सहायक प्राध्यापक, रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय, बेमेतरा ने सभी कृषकों को लेनिन इकाई का भ्रमण कराते हुए रेशा निकालने की तकनीकी को प्रायोगिक रूप से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में इंजी. टी.एस. सोनवानी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि अभियांत्रिकी और जिले के कुल 50 किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के में यह संदेश दिया गया कि अलसी के डंठल से रेशे निकालने की प्रक्रिया न केवल किसानों को अतिरिक्त आय का एक नया स्त्रोत प्रदान करेगी, बल्कि यह पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

शराब भट्ठी में चोरी करने वाले रायपुर के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

गरियाबंद/नवप्रदेश। वरिष्ठ अधिकारियों को ग्राम बासिन स्थिति शराब भट्ठी में चोरी की सूचना मिलने पर मामले की संवेदनशीलता को संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी फिंगेश्वर को प्रकरण की विस्तृत जाँच कर आरोपी की पतासाजी हेतु निर्देश दिये जिसके परिपालन में थाना प्रभारी फिंगेश्वर निरीक्षक पवन वर्मा के द्वारा टीम गठित कर मामले के जांच कर रहे थे। जांच के दौरान दो संदेही आरोपी साधुराम साहू एवं राजेश दीप को मामले के संबंध मे पुछताछ करने पर दोनो एक साथ मिल कर शराब दुकान में चोरी कराना बताया। दो अरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त सबूत पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 27/02/2025 को कम्पोजिट देशी/विदेशी मदिरा दुकान बासिन थाना फिंगेश्वर में अज्ञात चोर के द्वारा चोरी करने की नियत से अंग्रेजी शराब दुकान के गोदाम की छज्जा मे लगे टीना को उपर से निकालकर गोदाम मे रखे एक पेटी बडवाईजर बीयर (12 नग) कीमती 3000 रू0, दो पेटी शिंबा केन बीयर (48 नग) कीमती 8160 रू0, दो पेटी

नंबर पाव (96 नग) कीमती 20160 रू0 को गोदाम से बाहर ले जाते नही बनने पर शराब को काउन्टकर रूम मे ही छोड दिया साथ ही काउन्टवर रूम मे रखे शराब बिक्री रकम 10,000 रू0 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने कि रिपोर्ट पर थाना फिंगेश्वर मे अपराध क्रमांक 55/2025 धारा 331(4),305(श्व) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में आरोपी 01) साधुराम साहू पिता राधा कांतो साहू उम्र 21 साल साकिन जागृति नगर डब्ल्यू.आर.एस.कॉलोनी खमतरई थाना खमतराई जिला रायपुर छ0ग0 02) राजेश दीप पिता धरम दीप उम्र 34 साल साकिन भाठागांव मठपुरैना थाना टिकरापारा जिला रायपुर छ0ग0 को अभिरक्षा में लेकर बारिकी से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किये।

निक्षय मित्र बनकर टीबी मुक्ति में करें सहयोग-सीएमएचओ डॉ. राज

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में टीबी रोग के मरीजों के इलाज और पोषण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ''निक्षय पोषण योजना'' के अंतर्गत, ''मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज'' और ''जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी'' के निर्देशन में टीबी मरीजों को पोषण सामग्री वितरित की गई। यह पोषण सामग्री उन मरीजों को दी गई, जिनकी प्रोटीन की आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए इसे आवश्यक समझा गया था। निक्षय पोषण योजना की मुख्य विशेषता यह है कि यह जन भागीदारी और जन प्रतिनिधियों के सहयोग से संचालित की जाती है। इस योजना के तहत, सभी से अपील की गई है कि वे बढ़-चढ़कर इस कार्य में शामिल हों और टीबी रोग के मरीजों की मदद करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज ने टीबी मरीजों को किट प्रदान करते समय

इसके उपयोग की विधि से उन्हें अवगत कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज ने बताया कि टीबी मरीजों को सही पोषण मिलने से उनके इलाज में सुधार हो सकता है और टीबी को समाप्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। सभी मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति का भी मुआयना किया गया और उनसे उनकी सेहत के बारे में जानकारी ली गई। कार्यक्रम में एनटीईपी स्टाफ नितिन सोनी द्वारा टीबी मरीजों के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई।

बग़ैर परिचालक लाइसेंस के संचालित यात्री बसों पर की गई कार्यवाही

कवर्धा/नवप्रदेश। मोटरयान अधिनियम और छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम के तहत यात्री बसों के संचालन के लिए परिचालक लाइसेंस अनिवार्य है। परिवहन विभाग द्वारा आज इस दिशा में एक बड़ी कार्यवाही की गई। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी श्री मोहन साहू, परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बसों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दारैरान 32 यात्री बसों का में बग़ैर परिचालक लाइसेंस, बिना वर्दी के, और अन्य नियमों का उल्लंघन करते हुए संचालित हो रही थीं। इस कार्यवाही के दौरान, संबंधित वाहनों पर 37100 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई, और शमन शुल्क भी वसूला गया।

ट्रक ने युवक को कुचला, मौके पर ही मौत, ट्रक और चालक पकड़ाए

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के अमलीपारा मोड़ के पास हुए दर्दनाक सडक़ हादसे मे अमलीपारा वार्ड निवासी युवक की भारी वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई । घटना शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजें की बताई गई है । अमलीपारा स्थित वेसलियन स्कूल के सामने जा रहे युवक को धान खरीदी समिति से सरकारी धान भरकर जा रहे ट्रक ने अपनी चपेट मे ले लिया । बुरी तरह कुचले जाने से युवक के शव के चिथड़े उड़ गए । । हादसे के बाद धान भरा ट्रक मौके से तेज रफ्तार के साथ फरार हो गया । आसपास के लोगो ने घटना को देख तुरंत पुलिस को सूचना दी । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक को लगी टक्कर इतनी जबर्दस्त थी

कि युवक काफी दूर तक वाहन मे फंस कर घसीटता रहा । जिससे शव की बुरी हालत हो गई । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और वाहन की खोज शुरू कर दी । काफी मशक्कत के बाद मृतक युवक का सिर बुरी तरह कुचलने के चलते उसकी पहचान देर से हो पाई। पुलिस की पड़ताल मे युवक के कपड़ें से शिनाख्ती के बाद परिजनो को बुलाकर शिनाख्ती कराई जा रही है । खैरागढ़ थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया कि पुलिस की तलाश मे युवक को कुचलने वाले ट्रक को जालबांधा मे पकड़ा गया है । चालक को भी गिरफ्तार किया गया है । मामले मे कार्यवाही जारी है।

वीआईपी वार्ड मे यातायात का हाल बेहाल : अमलीपारा वार्ड खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा सहित नगरपालिकाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर का वार्ड और निवास है । इसके बाद भी अमलीपारा चौक से दूर्ग मार्ग मे यातायात व्यवस्था बदहाल है ।

मुख्यमंत्री साय ने नवदंपत्ति को दिया आशीर्वाद

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार देर रात नवापारा के कलाम कोठी पहुंचे। मुख्यमंत्री साय, यहां युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन के विशेष आग्रह पर उनके साले के आशीर्वाद समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री के साथ वन मंत्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, पूर्व कृषि मंत्री चन्द्र शेखर साहू, महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू और राजिम विधायक रोहित साहू भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री साय के साथ सभी विशेष अतिथियों ने

नवदंपति को खुशहाल दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री साय लगभग पौन घंटे वहां मौजूद रहे। इस दौरान किशोर ने अपनी पत्नी शिल्पा देवांगन के साथ, अपने बुलावे पर आशीर्वाद समारोह में पहुंचे नगर सहित अंचल के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों, सम्मानित पत्रकारों व गणमान्य नागरिकों की मुख्यमंत्री साय से मुलाकात करवाई। मुलाकात के दौरान सभी लोग मुख्यमंत्री साय के सरल स्वभाव से अभिभूत हुए। देवांगन ने मुख्यमंत्री साय का, अपने बुलावे पर आने के लिए हृदय से आभार जताते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान भोलेनाथ का आकर्षक छायाचित्र भेंट किया।

केंसर केयर कार्यशाला

कवर्धा/नवप्रदेश। जन हितैषी , मानव सेवा , परोपकार के कार्यों में भारतीय जैन संघठना कबीरधाम सदैव अग्रणी रहा है । गंभीर रोगो से जन स्वास्थ्य को कैसे बचाव किया जाए तद् हेतु जैन स्थानक भवन कवर्धा में कैंसर केयर कार्यशाला आयोजित की गई । मित्तल केयर हॉस्पिटल रायपुर से आये युवा डॉ. नवीन जैन ने कहा कि कैंसर संक्रामक रोग नहीं है । हम सभी का यह प्रयास है कि छत्तीसगढ़ कैंसर मुक्त बने और कवर्धा भी इसमे अपनी भागीदारी निभाये। दैनिक आहार में हल्दी नींबू अदरक आदि को अवश्य सम्मिलित करें । रोग ग्रस्त व्यक्ति की हौसला आफजायी करें। गोल्ड मेडलिस्ट विशेषज्ञ चिकित्सक जसवंत जैन ने धूम्रपान , मदिरा पान , मोटापा , अनियमित खानपान , अकर्मण्यता आदि को भी कैंसर उत्पत्ति का कारण बताते हुए बचाव के उपाय विस्तृत रूप से बताएं । साथ ही उन्होंने दर्शकों के प्रश्न का भी समाधान किया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202502101000011
विषयः अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- सावित्री देवी मिश्रा अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सावित्री देवी मिश्रा पिता/पति/विभाग-काशीनाथ मिश्रा पता-भिलाई द्वारा ग्राम - कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 522/19 रकबा 0.009 हे. भूमि को आवेदक द्वारा क्रय कर नामान्तरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज है। आवेदक का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है!

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 12/03/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा!

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला

मामले की श्रेणी-राजस्व

मा.क्र. 202502100700105/
विषय : अ-6/ वर्ष 2024-25

बोरसी प.ह.न. 00039(195/66(0.0474 हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - वेदनारायण वर्मा/ अनावेदक पक्षकार- शकील खान।

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/ क्रेता वेद नारायण वर्मा पिता देवशरण वर्मा निवासी 225, सड़क-8 डी जोन-03, न्यू आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 195/66, रकबा 0.0500 हे./5100 वर्गफीट/ 473.97 वर्गमीटर भूमि बयनामा कीमत तथा बाजार मूल्य 52,35,000/-रूपये भूमि को विक्रेता शकील खान पिता स्व. हकीम खान निवासी म.नं.-357, साकेत कालोनी कातुलबोड़ तहसील व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 02/01/2025 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/03/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/02/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार/व्यक्तिगत सूचना

मा.क्र./202412100700090 /अ-06/वर्ष 2024-25

प्रति, शशांक रस्तोगी पिता योगेन्द्र प्रकाश रस्तोगी निवासी- नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग
विषय :- न्यायालय तहसीलदार में मामला क्रमांक/ 202412100700090/1-6/वर्ष 2024-2025 में उपस्थित होने बाबत्।

-00-

एतद् द्वारा इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक तुलाराम यादव पिता मेहत्तरराम यादव निवासी बिमलेश्वरी कॉलोनी आर. के. फिटनेश के पीछे बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी, प.ह.न. 39, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 78/27 (शामिल ख.नं. 79/13) रकबा 0.014 हे. जो कि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसे आवेदक के द्वारा कय कर भूमि का नामांतरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त किया गया है, जारी ऋण पुस्तिका में आवेदक तुलाराम यादव पिता मेहत्तरराम यादव का नाम दर्ज है, किन्तु वर्तमान ऑनलाईन में शशांक रस्तोगी पिता योगेन्द्र प्रकाश रस्तोगी का नाम प्रदर्शित हो रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है का लेख करते हुये खातेदार का नाम दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सूचना के जरिये आपको सूचित किया जाता है उक्त प्रकरण में आप सुनवाई दिनांक 28/02/2025 को इस न्यायालय में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते है। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। जिसके लिये आप स्वतः जवाबदार होगें।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 20250210100007
विषयः अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- शांतिलाल शर्मा/ अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शांतिलाल शर्मा पिता कांतिलाल शर्मा पता-भिलाई द्वारा ग्राम- कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 1049 रकबा 0.70 हे. भूमि को आवेदक द्वारा क्रय किया गया था। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज है। आवेदक का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 12/03/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107200051

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी गौकरण सेन पिता/पति भैय्यालाल सेन पता गयाबाई स्कूल के पास दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 210/12(0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती सीमा सेन पिता/पति स्व. गौकरण सेन पता मकान नं. 782 वार्ड नं. 04 गयानगर दुर्ग, फाल्गुनी सेन पिता/पति स्व. गौकरण सेन पता मकान नं. 782 वार्ड नं. 04 गयानगर दुर्ग, भुनेश्वरी सेन पिता/पति स्व. गौकरण सेन पता मकान नं. 782 वार्ड नं. 04 गयानगर दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक बालकृष्ण मेवलिया पिता मोतीरा मेवलिया निवासी वार्ड नं.- 10, जौरी पोष्ट जौराखुर्द तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बघेरा, प.ह.न. 18, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 68/22 रकबा 0.0110 हे. जो कि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक की जाति वर्ग सामान्य दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है, उक्त वर्णित भूमि के बयनामा दस्तावेजों में आवेदक की जाति-जाटव (अनु.जाति) दर्ज है जो कि सही व सत्य है। बयनामा रजिस्ट्री के आधार पर राजस्व अभिलेख में आवेदक की जाति वर्ग सामान्य को सुधार कर जाति-जाटव (अनु. जाति) दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07/03/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.न. 00001 जामुल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 2024254301028000018

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00001 के अंतर्गत ग्राम जामुल के वर्तमान भूमिस्वामी अमरजीत सिंह पिता/पति-प्यारा सिंह पता मकान न डी 13/6 हा. बोर्ड औ क्षेत्र भिलाई तह व जिला दुर्ग छग गोपाल कृष्ण साहू पिता/पति-राम विलास साहू पता-एकता चौक लोहिया रोड कैलाश नगर कुरूद औ क्षेत्र भिलाई तह व जिला दुर्ग छग, लाल सिंह पिता/पति-बैजू सिंह पता-एम आई जी 1 2953 वार्ड न 16 सी जी हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई तह व जिला दुर्ग छग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 263/1(0.4850) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गोपाल कृष्ण साहू पिता/पति-राम विलास साहू पता-एकता चौक लोहिया रोड कैलाश नगर कुरूद औ क्षेत्र भिलाई तह व जिला दुर्ग छग, लाल सिंह पिता/पति-बैजू सिंह पता-एम आई जी 1 2953 वार्ड न 16 सी जी हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई तह व जिला दुर्ग छग, अमरजीत सिंह पिता/पति- प्यारा सिंह पता मकान न डी 13/6 हा. बोर्ड औ क्षेत्र भिलाई तह व जिला दुर्ग छग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/03/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार भिलाई-3 (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202501104700003 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि:- आवेदक अमित डोंगरे पिता स्व. एम.एल.डोंगरे उम्र- निवासी- 04/ए सेक्टर 01, भिलाई तह0 व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम कचान्द्र प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा स्थित भूमि खसरा नंबर 42/14 रकबा 0.0250 हे. भूमि भू-अधिकार अभिलेख मे दर्ज है। भूमिस्वामी उमा डोंगरे ने अपने जीवनकाल में उक्त भूमि को अपने पुत्र अमित डोंगरे के नाम पर वसीयत रजिस्टर्ड दिनांक 15/09/2021 को निष्पादित किया है। भूमिस्वामी उमा डोंगरे की मृत्यु दिनांक 16/04/2024 को हो गई है। वसीयत रजिस्टर्ड दिनांक 15/09/2021 के आधार पर वसीयतप्राप्तकर्ता आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18/03/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/01/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

12वीं की बोर्ड परीक्षा आज से, नकल रोकने कड़े इंतेजाम

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ हो रही है। 28 मार्च तक चलने वाली परीक्षा में प्रदेश से 2,40,341 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। वहीं 10वीं की परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ होगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने बोर्ड परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा सामग्रियां सभी परीक्षा केन्द्रों में पहुंच चुकी हैं. गोपनीय सामग्रियां सुरक्षा के लिहाज से संबंधित क्षेत्र के थानों में रखी गई है।1 मार्च को कक्षा 12वीं के हिन्दी पेपर से बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत होगी. परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित है।

इस वर्ष कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए 2,40,341 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 2397 केन्द्र बनाए गए हैं. परीक्षा को लेकर माशिमं द्वारा केन्द्राध्यक्षों को दिशा-निर्देश पूर्व में ही जारी किए जा चुके हैं। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष जिम्मेदार होंगे और उन पर कार्रवाई की जाएगी. परीक्षा केन्द्रों में विषय से संबंधित शिक्षकों को पर्यवेक्षक नहीं बनाया जाएगा. आकस्मिक निरीक्षण के दौरान विषय से संबंधित शिक्षकों को पर्यवेक्षक ड्यूटी पर लगाया जाता है तो केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर पुस्तिका पर परीक्षार्थियों द्वारा त्रुटिपूर्ण रोल नंबर एवं विषय अंकित किया जाता है तो परीक्षार्थी का परीक्षाफल घोषित नहीं किया जाएगा. साथ ही पर्यवेक्षक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. गौरतलब है कि पिछले साल की तुलना में इस साल बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों की संख्या घटी है. कक्षा 10वीं की परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ होगी. 10वीं में 3,28,450 बच्चे पंजीकृत हुए हैं।

नकल प्रकरण का अलग लिफाफा बनाएं

परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। नकल प्रकरण वाली उत्तरपुस्तिकाओं का लिफाफा अलग से बनाया जाएगा। केन्द्राध्यक्षों को दिए गए निर्देश में कहा गया है कि नकल प्रकरण की मुख्य उत्तरपुस्तिका एवं पृथक से वितरित द्वितीय मुख्य उत्तरपुस्तिकाओं का लिफाफा पृथक से तैयार कर जिले से संबंधित संभागीय कार्यालयों में एवं रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों का मंडल मुख्यालय में जमा किया जाना है. साथ ही निर्देशित किया है कि मूल्यांकन केन्द्रों को नकल प्रकरणों (अनुचित साधन) की उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए न भेजी जाएं।

संक्षिप्त खबरें

दर्री बरॉज पुल पर हुआ हादसा-आवागमन बाधित

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के दर्री बरॉज पुल पर एक पिकअप चालक द्वारा वाहन का परिचालन करते समय दर्री बरॉज का गार्डर क्षतिग्रस्त कर दिया गया हैं। जानकारी के अनुसार कोरबा की ओर से आ रही बोलेरो पिकअप वाहन के चालक ने वाहन का परिचालन करते समय गार्डर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया हैं। यह गार्डर दर्री बरॉज के पास मेजर ध्यानचंद चैक के समक्ष लगा है। पिकअप चालक दर्री की ओर आ रहा था और उसने सीधे गार्डर को टक्कर मार दी। इससे लोहे के पाइप से बना गार्डर क्षतिग्रस्त होकर वाहन पर गिर गया। पिकअप वाहन भी सामने का से क्षतिग्रस्त हो गया। दर्री बरॉज पर यह गार्डर बड़े वाहनों को पुल से गुजरने से रोकने के लिए लगाया गया है। गार्डर के क्षतिग्रस्त होने से दर्री बरॉज पुल से आवागमन बाधित हो गया हैं।

प्लेसमेंट का आयोजन 3 मार्च को

कोरबा/नवप्रदेश। प्लेसमेंट का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा में 03 मार्च को किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से उत्कर्ष सिक्योरिटी सर्विसेस घंटाघर निहारिका कोरबा द्वारा सुपरवाईजर सिक्योरिटी गार्ड के 20, सिक्योरिटी गार्ड के 70,ऑफिस बॉय के 30, क्लीनर के 20 और ऑफिस कार्य केवल महिला के 35 रिक्त पद के लिये चयन किया जायेगा। योग्यता 8वीं, 10वीं , 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण हैं। उक्त रिक्त पदों का कार्यस्थल एवं चांपा है। इच्छुक आवेदकध् आवेदिकाएं उक्त तिथि को सुबह 11 बजे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा उपस्थित होकर अपने योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

पाली का ऐतिहासिक शिव मंदिर संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा : लखनलाल देवांगन

- **पाली महोत्सव का आयोजन क्षेत्र के लोगों के गौरव से जुड़ा**
- **उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री ने पाली महोत्सव का किया शुभारंभ**

रायपुर/नवप्रदेश । महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर ग्राम केराझरिया में दो दिवसीय पाली महोत्सव का शुभारंभ उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, कोरबा सांसद ज्योत्स्ना महंत सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए सभी को घर परिवार देश दुनिया के समृद्धि की कामना की। कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा कि पाली का ऐतिहासिक शिव मंदिर छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

जिला प्रशासन द्वारा हर्षोल्लास के साथ पाली महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिससे यहाँ की संस्कृति को अलग पहचान मिल रही है। महोत्सव के मुख्य अतिथि देवांगन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी जिलेवासियों को पाली महोत्सव की शुभकामनाएं दी है। पाली महोत्सव का आयोजन इस क्षेत्र के लोगों के गौरव से जुड़ा है। जिसे हमें अक्षुण्ण बना के आगे बढ़ना है। इसे भव्य रूप से मनाते हुए राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों को अवसर दिया जाता है। उन्होंने कलाकारो का मनोबल बढ़ाते हुए लोगों को आनंद उठाने के लिए कहा साथ ही इस भव्य कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान महादेव हमारे देश में आस्था और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हम सबकी कामना है कि महादेव हम सभी देशवासियों को खुश रखे, उन्हें सफलता की राह में आगे बढ़ाए। सभी आपसी भाई चारा व सौहार्द्र के साथ परिवार की भांति मिल जुल कर रहे, क्षेत्र के विकास में सहयोग करें। जिससे हमारा देश प्रदेश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़े।

पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम ने कहा कि आज पूरा देश शिव की भक्ति में लीन है। शिव की नगरी पाली में इस अवसर पर पाली महोत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने आमजनों को कार्यक्रम का लुत्फ उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह आप सभी का कार्यक्रम है। आप सभी कार्यक्रम की रौनकता बढ़ाते हुए आंनद लें।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में पीएमजीएसवाय ने दंतेवाड़ा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। यह कार्रवाई विधानसभा सत्र में सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठने के बाद हुई है। वहीं मामले में आरोपी अवधेश गौतम फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस जुट हुई है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने विधानसभा सत्र के दौरान दंतेवाड़ा जिले में जिला खनिज न्यास निधि मद से पीएमजीएसवाय विभाग द्वारा बनाई गई सड़क में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था. इसके बाद डिप्टी सीएम ने PMGSY दंतेवाड़ा के पांच अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया था। दरअसल, यह मामला दंतेवाड़ा जिले के धुर नक्सल प्रभावित मड़कामीरास से हिरोली तक सड़क निर्माण की स्वीकृति से जुड़ा है. इस सड़क निर्माण को दो भागों में बांटा गया था और इसके लिए 1 करोड़ 96 लाख और 1 करोड़ 99 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई थी. इस दौरान तत्कालीन कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में इस सड़क को दो भागों में विभाजित किया गया था. सड़क निर्माण के टेंडर प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठे

प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन राजेश कुमार शुक्ला को मिली सेवावृद्धि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला को राज्य शासन ने एक वर्ष की सेवावृद्धि प्रदान की है। राज्य शासन के ऊर्जा विभाग से जारी आदेश के अनुसार उनकी सेवावृद्धि एक वर्ष या आगामी आदेश तक की गई है। शुक्ला 28 फरवरी 2024 से ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

प्रबंध निदेशक शुक्ला ट्रांसमिशन कंपनी में अपने मूल पद कार्यपालक निदेशक से इस वर्ष 31 जुलाई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होते, लेकिन इस आदेश से उन्हें फरवरी 2026 तक का कार्यकाल प्राप्त हो गया है। शुक्ला को पुनः प्रबंध निदेशक बनाए जाने पर पॉवर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारियों सहित कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुक्ला का जन्म 8 जुलाई 1963 को जबलपुर, मध्यप्रदेश में हुआ। उनकी माता स्व. शशिकला शुक्ला एवं पिता स्व. रमेश शंकर शुक्ला है। उन्होंने वर्ष 1979 में शासकीय हॉयर सेकेण्डरी स्कूल, अंबिकापुर से उत्तीर्ण की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com